# देशबन्धु

वर्ष – 34 । अंक – 221 । भोपाल, गुरूवार 10 अगस्त 2023 । पृष्ठ–8 । मूल्य – 3.00 रुपए



बाजार से पैदल घर लौट रहे युवक को बस ने रौंदा — पृष्ठ 3

▪ मणिपुर दंगे पर सर्वोच्च न्यायालय में मोदी सरकार के हलफनामे पर उठा सवाल — पृष्ठ 4

▪ 2 दिन से भटक रहा हिरण और उसका बच्चा — पृष्ठ 6

लाड़ली बहना योजना का लाभ ट्रैक्टर धारक परिवार की बहनों को भी मिलेगा — पृष्ठ 8


अविश्वास प्रस्ताव पर लोकसभा में बोले राहुल गांधी

# मणिपुर में भारत माता की हत्या हुई

- कांग्रेस नेता ने अपने भाषण में भारत जोड़ो यात्रा के अनुभवों का भी किया जिक्र
- मोदी सिर्फ शाह व अडानी की सुनते हैं



**नई दिल्ली, देशबन्धु।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बुधवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को देशद्रोही करार दिया और कहा कि इस पार्टी के नेतृत्व वाली सरकार ने मणिपुर को विभाजित किया और वहां भारत मां की हत्या की है। श्री गांधी ने मोदी सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पर लोकसभा में चर्चा के दूसरे दिन पहले वक्ता के रूप में अपने तीखे भाषण में अपनी भारत जोड़ो यात्रा की कहानी और अनुभवों का जिक्र करते हुए कहा, भारत एक आवाज है, किसानों और गरीबों की आवाज है। आपने इस आवाज की मणिपुर में हत्या की, इस तरह आपने वहां भारत माता की हत्या की है। उन्होंने सत्ता पक्ष के कई मंत्रियों और सदस्यों की टोकाटोकी के बीच कहा, आप देशप्रेमी नहीं हो, आप देशद्रोही हो। आप भारत माता के रखवाले नहीं हैं, भारत माता के हत्यारे हैं। मेरी एक मां यहां बैठी है, मेरी एक मां भारत माता है। इस दौरान अध्यक्ष ओम बिरला ने श्री गांधी को मर्यादाओं का ध्यान दिलाते हुए कहा, आप वरिष्ठ सदस्य हैं ,आप सदन में उचित भाषा का उपयोग करें।

**मोदी अडानी के चित्र भी दिखाए–** श्री गांधी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर हमला करते हुए कहा, 'रावण केवल दो लोगों मेघनाद और कुम्भकर्ण की सुनता था और श्री मोदी भी केवल दो व्यक्तियों अमित शाह और अडानी की सुनते हैं।' इस दौरान उन्होंने श्री मोदी के साथ उद्योगपति गौतम अडानी के चित्र भी दिखाए। श्री गांधी ने कहा, लंका को हनुमान ने नहीं जलाया, रावण के अहंकार ने जलाया। राम ने रावण ने नहीं मारा, रावण को उसके अहंकार ने मारा। उन्होंने सत्ता पक्ष की ओर से इशारा करते हुए कहा, आपने मणिपुर में केरोसिन फेंकी। आप पूरे देश में आग लगाना चाहते हो। ' मंगलवार को शुरू हुई चर्चा को आगे बढ़ाते



हुए कांग्रेस नेता ने कहा कि मणिपुर को दो भागों में विभाजित कर दिया गया है। वहां बड़ी संख्या में महिलाओं और बच्चों के साथ हिंसा की भीवत्स घटनायें हुई हैं। वहां एक दिन में शांति लायी जा सकती है, सेना को तैनात कर दिया जाए तो स्थिति सामान्य करने में ज्यादा वक्त नहीं लगेगा, लेकिन आप सेना को तैनात नहीं करते। श्री गांधी मणिपुर के अपने दौरे के अनुभव सुनाते हुए प्रधानमंत्री की आलोचना की कि वह वहां एक बार भी नहीं गए।

**भाजपा के साथी डरें नहीं, अडानी पर नहीं बोलूंगा–** राहुल ने कहा कि आज जो मेरे भाजपा के मित्र हैं। आज आपको डरने की जरूरत नहीं है। अडानी जी पर नहीं बोलने जा रहा हूं। आप शांत रह सकते हैं। मेरा भाषण आज दूसरी डायरेक्शन में जा रहा है। रूमी ने कहा था कि जो शब्द दिल से आते हैं, वो शब्द दिल में जाते हैं। आज मैं दिमाग से नहीं बोलना चाहता, आज मैं दिल से बोलूंगा। मैं आज आप लोगों पर इतना आक्रमण नहीं करूंगा। एक–दो गोले जरूर मारूंगा। आप रिलैक्स कर सकते हैं।


## स्मृति ईरानी बोली, आप इंडिया नहीं हैं



राहुल के भाषण के जवाब में केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी बोलीं कि राहुल भारत माता की हत्या की बात करते हैं। कांग्रेस ताली बजाती है। ये इस बात का संकेत है कि मन में गद्दारी किसके है। स्मृति ईरानी ने कहा कि आप इंडिया नहीं हैं। पहली बार राष्ट्र के इतिहास में भारत मां की हत्या की बात की। मैं आज हिंदुस्तानी होने के नाते कहती हूं, मणिपुर खंडित–विभाजित नहीं है, मेरे देश का अंग है। राहुल गांधी को लेकर एक नया विवाद भी हो गया। स्मृति ने राहुल गांधी पर महिला सांसदों के साथ अभद्र व्यवहार का आरोप लगाया। भाजपा ने इसकी शिकायत स्पीकर से की है।

अमित शाह ने कांग्रेस पर बोला हमला

## सबसे ज्यादा दंगे कांग्रेस के कार्यकाल में हुए



**नई दिल्ली, देशबन्धु।** अविश्वास प्रस्ताव पर हो रही चर्चा के दौरान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने विपक्षी दलों, खासकर कांग्रेस, पर तीखा हमला बोलते हुए आरोप लगाया कि देश में सबसे ज्यादा धार्मिक और नस्लीय दंगे पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू, इंदिरा गांधी और राजीव गांधी के कार्यकाल में हुए। उन्होंने राहुल गांधी पर मणिपुर में जाकर राजनीति करने का भी आरोप लगाया। अमित शाह ने मणिपुर में नस्लीय हिंसा के इतिहास का जिक्र करते हुए यह आरोप लगाया कि 1993 और 1997 में मणिपुर में इससे भी भयानक हिंसा हुई थी। लेकिन, उस समय एक बार सदन में इस पर चर्चा भी नहीं हुई और एक बार चर्चा हुई तो जवाब गृह राज्य मंत्री की तरफ से दिया गया। लेकिन, आज विपक्ष प्रधानमंत्री के जवाब की मांग कर सदन को कई दिनों से चलने नहीं दे रहा है। अमित शाह ने मणिपुर के वीडियो को समाज के नाम पर एक धब्बा बताते हुए कहा कि कोई भी इसका समर्थन नहीं कर सकता, वह खुद भी इससे दुखी हैं, लेकिन यह सवाल जरूर उठता है कि 4 मई की घटना का वीडियो अगर पहले से किसी के पास था तो उसने राज्य के डीजीपी को क्यों नहीं दिया।

कक्षा बदलने की प्रक्रिया सफलतापूर्वक पूरी

## चांद के और करीब पहुंचा चंद्रयान-3



*__नई दिल्ली, एजेंसी।__ भारत का चंद्रयान–3 मिशन बुधवार को चांद के और करीब पहुंच गया। इसरो ने बताया कि चंद्रयान–3 स्पेसक्राफ्ट ने चांद की कक्षा बदलने की प्रक्रिया को सफलतापूर्वक पूरा किया। अब चंद्रयान–3 चांद के और करीबी कक्षा में पहुंच गया है। 14 जुलाई को लॉन्चिंग के बाद चंद्रयान–3 पृथ्वी की कक्षा छोड़ 5 अगस्त को सफलतापूर्वक चांद की कक्षा में पहुंच गया था। इसरो ने एक ट्वीट में कहा, चंद्रयान–3 अब चांद की सतह के और करीब है। चंद्रयान–3 के ऑर्बिट कम करने की प्रक्रिया पूरी होने के बाद अब इसकी दूरी 174 किमी 1437 किमी रह गई है। इसरो ने कहा कि अब यान का चांद की कक्षा बदलने से जुड़ा ऑपरेशन 14 अगस्त को दिन में 11.30 से 12.30 के बीच होगा। जैसे–जैसे मिशन आगे बढ़ रहा है चंद्रयान–3 को चांद की कक्षा में और नीचे उतारने की प्रक्रिया आगे बढ़ाई जा रही है, ताकि इसे चांद के ध्रुव पर पहुंचाया जा सके। 15 जुलाई को चंद्रयान–3 ने सफलतापूर्वक पृथ्वी की पहली कक्षा में प्रवेश किया था। इसके बाद चंद्रयान ने 17 जुलाई को पृथ्वी की दूसरी और 18 जुलाई को पृथ्वी की तीसरी कक्षा में सफलतापूर्वक प्रवेश किया। इसके बाद 20 जुलाई को चंद्रयान ने पृथ्वी की चौथी और 25 जुलाई को पृथ्वी की पांचवीं कक्षा में सफलतापूर्वक प्रवेश किया था। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने एक अगस्त को भारत के बहुप्रतीक्षित अभियान चंद्रयान–3 अंतरिक्षयान को पृथ्वी की कक्षा से निकालकर सफलतापूर्वक चांद की कक्षा की तरफ रवाना किया था। पांच अगस्त को चंद्रयान सफलतापूर्वक चंद्रमा की कक्षा में स्थापित हो गया था। इसके बाद चंद्रयान–3 से खींची गई कई तस्वीरों को इसरो ने साझा भी किया था। मिशन ने 14 जुलाई को दोपहर 2:35 बजे श्रीहरिकोटा केन्द्र से उड़ान भरी थी। यह 23 या 24 अगस्त को चंद्रमा पर उतरेगा।*

## सार-समाचार

### केरल का नाम 'केरलम' करने को लेकर केरल विधानसभा में प्रस्ताव पारित

**तिरुवनंतपुरम, एजेंसी।** केरल का नाम केरलम करने को लेकर विधानसभा में बुधवार को सर्वसम्मति से एक प्रस्ताव पारित किया गया, जिसमें मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन ने केंद्र से राज्य का नाम बदलने का अनुरोध किया। मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन ने कहा कि हमारे राज्य का नाम मलयालम भाषा में केरलम है। एक नवंबर, 1956 को भाषा के आधार पर राज्यों का गठन किया गया था। केरल दिवस भी एक नवंबर को है। उन्होंने कहा कि मलयालम भाषी समुदायों के लिए केरल को एकजुट करने की आवश्यकता राष्ट्रीय स्वतंत्रता संग्राम के समय से ही स्पष्ट रही है। हालांकि, हमारे राज्य का नाम संविधान की पहली अनुसूची में केरल के रूप में सूचीबद्ध है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह विधानसभा सर्वसम्मति से केंद्र सरकार से संविधान के अनुच्छेद 3 के तहत इसे केरलम में संशोधित करने के लिए तत्काल कदम उठाने का अनुरोध करती है। प्रस्ताव में यह भी कहा गया है कि यह सदन अनुरोध करता है कि हमारे राज्य का नाम संविधान की आठवीं अनुसूची में भी केरलम रखा जाए। इस प्रस्ताव को कांग्रेस के नेतृत्व वाले विपक्षी यूडीएफ ने किसी संशोधन या बदलाव का सुझाव दिए बगैर स्वीकार कर लिया। इसके बाद, अध्यक्ष ए एन शमसीर ने हाथ उठाकर दिए गए समर्थन के आधार पर इसे विधानसभा द्वारा सर्वसम्मति से पारित प्रस्ताव घोषित किया।

### बुद्धदेव भट्टाचार्य को अस्पताल से मिली छुट्टी

**कोलकाता, एजेंसी।** पश्चिम बंगाल के पूर्व मुख्यमंत्री बुद्धदेव भट्टाचार्य को बुधवार को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। बुद्धदेव को 29 जुलाई को श्वसन संक्रमण के कारण अस्पताल में भर्ती कराया गया था। वह पत्नी के साथ अस्पताल से दक्षिण कोलकाता स्थित अपने घर गए। श्री भट्टाचार्य को 11 दिनों के इलाज के बाद छुट्टी मिली। वह 29 जुलाई से सांस लेने में दिक्कत के चलते अस्पताल में भर्ती हुए थे। डॉक्टरों की एक टीम घर पर उनकी देखरेख करेगी।

### विश्वकप में भारत-पाकिस्तान मुकाबले की तारीख बदली

**दुबई,एजेंसी।** आईसीसी ने वनडे विश्व कप 2023 का नया शेड्यूल जारी कर दिया है। 27 जून को आईसीसी ने शेड्यूल जारी किया था। जिसमें अब कुछ सुधार किया गया है। यह टूर्नामेंट पांच अक्तूबर से 19 नवंबर के बीच भारत में खेला जाएगा, लेकिन कुछ मैचों की तारीख बदल गई हैं। भारत का पहला मैच आठ अक्तूबर को चेन्नई के मैदान में ऑस्ट्रेलिया के साथ होगा। भारत–पाकिस्तान के बीच महामुकाबला अब 15 अक्तूबर को नहीं बल्कि 14 अक्तूबर को खेला जाएगा।

### गोपाल कांडा के आवास पर ईडी ने मारा छापा

**गुरुग्राम, एजेंसी।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीमों ने हरियाणा के सिरसा से विधायक गोपाल कांडा के यहां सिविल लाईंस स्थित आवास पर आज सुबह छापा मारा। ईडी की टीमें सुबह छह बजे कांडा के सिविल लाइंस स्थित आवास पर पहुंच गई थी। श्री कांडा, पूर्ववर्ती इंडियन नेशनल लोकदल सरकार में गृहमंत्री थे और वह एक छोटा सा व्यवसाय अपने गांव के पास करते थे, लेकिन देखते ही देखते वह एक बड़े व्यापारी तथा होटल और एमडीएलआर एयरलाईंस के मालिक बन गए।

### राष्ट्रीय दंत चिकित्सा आयोग को मंजूरी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राष्ट्रीय दंत चिकित्सा आयोग, दंत चिकित्सा सलाहकार परिषद और दंत चिकित्सा शिक्षा को निगमित करने वाला राष्ट्रीय दंत चिकित्सा आयोग विधेयक 2023 मंगलवार को राज्यसभा में ध्वनिमत से पारित कर दिया गया। इसके साथ ही इस पर संसद की मुहर लग गई। लोकसभा इसे पहले ही पारित कर चुकी है। यह विधेयक दंत चिकित्सा अधिनियम 1948 का स्थान लेगा और राष्ट्रीय दंत चिकित्सा आयोग कथा राष्ट्रीय दंत चिकित्सा सलाहकार परिषद का गठन करेगा। केंद्र सरकार 33 सदस्यों वाले एक राष्ट्रीय दंत चिकित्सा आयोग का गठन करेगी। इसकी अध्यक्षता एक प्रतिष्ठित और अनुभवी दंत चिकित्सक करेगा। अध्यक्ष की नियुक्ति खोज और चयन समिति की सिफारिशों के अनुरूप की जाएगी इस समिति की अध्यक्षता कैबिनेट सचिव करेंगे। मनसुख मांडविया ने कहा कि सरकार समग्रता में विश्वास रखती है और उसी दिशा में आगे बढ़ रही है।

सागर में सौ करोड़ की लागत से बनने वाले संत रविदास मंदिर और स्मारक का करेंगे शिलान्यास

## प्रधानमंत्री 12 को मप्र आएंगे, मिलेगी कई सौगातें

- बीना रिफायनरी पेट्रोकेमिकल विस्तारीकरण परियोजनाओं का होगा भूमि-पूजन
- कोटा-बीना रेल मार्ग के दोहरीकरण का होगा लोकार्पण

**भोपाल, देशबन्धु।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 12 अगस्त को मध्यप्रदेश आयेंगे। वे इस अवसर पर सागर के बड़कुमा में सौ करोड़ की लागत से बनने वाले संत रविदास भव्य मंदिर–विशाल स्मारक का शिलान्यास करेंगे। प्रधानमंत्री प्रदेश में जारी समरस यात्रा के समापन के साथ ही राज्य को कई सौगातें भी देंगे। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बताया कि प्रधानमंत्री श्री मोदी मध्यप्रदेश और बुंदेलखंड को एक बड़ी सौगात के रूप में बीना रिफायनरी पेट्रोकेमिकल की विस्तारीकरण परियोजनाओं का भूमि–पूजन करेंगे। बीपीसीएल की रिफायनरी वर्ष 2011 से मध्यप्रदेश में कार्यरत है, अब इसका



विस्तारीकरण कर पेट्रोकेमिकल का निर्माण भी किया जाएगा। बीपीसीएल इस परियोजना पर लगभग 50 हजार करोड़ रूपए खर्च करेगी। राज्य शासन द्वारा बीपीसीएल को टैक्स में छूट और सुविधाएँ उपलब्ध कराई गई है। श्री चौहान ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी लगभग एक हजार करोड़ रूपए की लागत के 47 किलोमीटर के मोरी–कोरी–विदिशा–हिनौतिया पैकेज–1 फोर लेन तथा हिनौतिया–मेलुआ पैकेज–2 टू लेन सड़कों का भूमि–पूजन भी करेंगे। इससे मध्य भारत में बेहतर सम्पर्क के साथ–साथ पर्यटक हमारी विश्व धरोहर साँची के बुद्ध स्तूप, अशोक स्तंभ और उदयगिरि की चट्टानों पर बनाए गए गुफा मंदिरों तक आसानी से पहुँच सकेंगे। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने बताया कि प्रधानमंत्री श्री मोदी रेल मंत्रालय के अधीन कोटा–बीना रेल मार्ग के दोहरीकरण का लोकार्पण भी करेंगे। इस पर 2 हजार 476 करोड़ रूपए की लागत आएगी।

### छग में मेहरा व माहरा अनुसूचित जनजाति में शामिल

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** छत्तीसगढ़ के मेहरा और माहरा समुदाय को अनुसूचित जनजातियों की सूची में शामिल करने से संबंधित संविधान अनुसूचित जातिंया आदेश (संशोधन ) विधेयक 2023 को आज राज्यसभा ने ध्वनिमत से पारित कर दिया। लोकसभा इसको पहले ही पारित कर चुकी है। इस तरह आज इस पर संसद की मुहर लग गई।

मुख्यमंत्री ने जनजातीय बाहुल्य पोडकी गांव में किया जन संवाद, कहा-

## महिला स्व-सहायता समूहों को सौंपी जाएगी टोल नाकों के संचालन की जिम्मेदारी

**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने आज अनूपपुर जिले के जनजातीय बाहुल्य विधानसभा पुष्पराजगढ़ के ग्राम पोडकी में खटिया चौपाल में जन संवाद किया। ग्रामीण जन, बैगा समुदाय के लोग, लाडली बहनें तथा मुख्यमंत्री लाड़ली बहना सेना के सदस्य, स्व–सहायता समूह की महिलायें, ग्रामीण पेशा मोबलाइजर, जन सेवा मित्रौं तथा महाविद्यालयीन विद्यार्थियों ने भाग लिया। मुख्यमंत्री के ग्राम पोड़की पहुँचने पर गर्म जोशी से ग्रामीणों ने स्वागत किया। मुख्यमंत्री ने आदिवासी कलाकारों के साथ नृत्य किया। श्री चौहान ने लाड़ली बहनों एवं लाड़ली सेना के सदस्यों से बात करते हुए कहा कि लाडली बहना योजना बनाने के पीछे मंशा यह थी कि महिलाएं आर्थिक रूप से सशक्त बने तथा वे अपनी छोटी मोटी जरूरतो की पूर्ति कर सके। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने हर महिला को आजीविका स्व–सहायता समूह से जोड़ने का



अभियान चला रखा है। महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए प्रदेश के ऐसे टोल नाके जिनकी वार्षिक व्यवसाय दो करोड़ रुपये है संचालन की जिम्मेदारी सौपी जाएगी। उन्होंने कहा कि लाड़ली बहना योजना का लाभ अब 21 वर्ष की विवाहित महिलाओं तथा ऐसे परिवार जिनके पास ट्रेक्टर है को भी मिल सकेगा। सभी महिलाएं सम्मान के साथ जिंदगी बिताये यही मेरा लक्ष्य है।

इस अवसर पर लाड़ली बहना सेना के सदस्यों से संवाद करते हुए उन्होंने कहा कि महिलाओं के कल्याण के लिए शासन द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ दिलाने में सहयोग करे। प्रत्येक माह की 10 तारीख को महिलाओं के खाते में पैसे डाले जाएंगे। यह राशि आगे 3 हजार रुपये तक बढ़ाई जाएगी। कार्यक्रम में लाडली बहना सेना की सदस्य सरिता सिंह,रुक्मणि बाई, लक्ष्मी बाई ने लाड़ली बहना योजना की राशि का उपयोग खेती के काम में,बच्चों की पढ़ाई, सिलाई मशीन खरीदकर सिलाई का काम शुरू करने के बात कही। स्व–सहायता समूह की ओर से लल्ली बाई श्याम ग्राम अमगवा ने बताया कि वह स्व सहायता समूह से कर्ज लेकर पहले किराना की दुकान, फिर मनिहारी की दुकान, फिर मुख्यमंत्री स्व रोजगार योजना का लाभ लेकर बुलेरो पिकअप खरीदी। अब 50 हजार की मासिक आय प्राप्त कर रही है। इसी तरह ग्राम हर्राटोला की ममता चंद्रवंशी ने कहा कि आजीविका मिशन ने जिन्दगी बदल दी है अब वह 20 हजार रुपये की मासिक आय प्राप्त कर रही है। सरस्वती पाटले बघरा ने बताया कि वह 45 हजार रुपये की मासिक आय प्राप्त कर रही है।मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि पेसा एक्ट आदिवासी भाइयों के जिंदगी बदलने का एक्ट है। इस एक्ट में जल, जंगल, जमीन का अधिकार ग्राम सभा को देकर गांव के लोगो को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने ग्राम स्तर पर शांति विवाद निवारण समिति के माध्यम से छोटे मोटे आपसी झगड़ो का निराकरण स्थानीय स्तर पर ही करने, तेदुंपत्ता संग्रहण का कार्य ग्राम सभा के माध्यम से करके अधिक लाभ प्राप्त करने की बात कही।

गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने राज्यसभा में दी जानकारी

## जम्मू-कश्मीर में 5 साल में हुए 761 आतंकी हमले

308 सुरक्षाकर्मी शहीद, 174 नागरिक मारे गए

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** संसद में गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने राज्यसभा में एक लिखित उत्तर में आतंकवादी घटनाओं पर बड़ी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पिछले पांच वर्षों में देश के भीतरी इलाकों में पांच आतंकवादी घटनाएं हुईं और तीन नागरिकों की मौत हुई है। इन घटनाओं में कोई सशस्त्र बल का सिपाही हताहत नहीं हुआ है और एक आतंकवादी मारा गया। साथ ही केंद्रीय मंत्री नित्यानंद राय ने बताया कि पिछले पांच वर्षों के दौरान केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख में कोई आतंकी हमला नहीं हुआ। इसलिए, आतंकी हमलों में हताहतों का सवाल ही नहीं उठता। 2018 और 2022 के बीच पिछले पांच वर्षों में पूर्ववर्ती राज्य में 761 आतंकी हमलों में जम्मू–कश्मीर में कुल 174 नागरिक मारे गए। साथ ही इस दौरान 626 मुठभेड़ों में केंद्र शासित प्रदेश में 35 नागरिक मारे गए। इसी अवधि के दौरान मारे गए सुरक्षाकर्मियों की संख्या 308 रही और सुरक्षा बलों ने 1002 आतंकवादियों को मार गिराया।

### केंद्रीय सशस्त्र बलों में 84866 पद खाली

गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने राज्यसभा में एक लिखित उत्तर में कहा कि केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सी एपीएफएस–बीएसएफ, सीआरपीएफ, आईटीबीपी, एसएसबी और सीआईएसएफ) और असम राइफल्स (एआर) ने एक जनवरी 2023 तक 10,05,520 स्वीकृत पदों के मुकाबले अपने रैंक में कुल 84,866 रिक्तियां बताई हैं। अक्तूबर, 2022 से जुलाई, 2023 तक मिशन भर्ती के तहत अब तक 36,521 उम्मीदवारों को नियुक्त किया गया है। आगे उन्होंने बताया कि देश में एनडीआरएफ को मजबूत करने के लिए, भारत सरकार ने एनडीआरएफ की चार अतिरिक्त बटालियनों की स्थापना को मंजूरी दी थी, जिससे एनडीआरएफ बटालियनों की संख्या 12 से बढ़कर 16 हो गई है।

स्वतंत्रता दिवस को लेकर शिक्षा विभाग का बड़ा कदम

## आजादी के दिन सरकारी कर्मचारियों की छुट्टियां कीं रद्द

● **सुरेश एस डुग्गर**

**जम्मू, देशबन्धु।** आजादी वाले दिन अर्थात 15 अगस्त को शिक्षा विभाग ने सभी सरकारी कर्मचारियों को स्वतंत्रता दिवस समारोहों में हाजिर होने के साथ ही अपने अपने कार्यालयों में होने वाले समारोहों में उपस्थित होने का आदेश दिया गया है। अर्थात आजादी के दिन उनकी छुट्टी कैंसिल कर दी गई है।

यही नहीं शिक्षा विभाग ने अध्यापकों, प्रोफेसरों, लेक्चरारों आदि को पूरे प्रदेश में अपने–अपने घरों पर तिरंगा फहरा कर फोटो सबमिट करने को भी कहा है। यही नहीं सरकारी कर्मियों को अपने सोशल मीडिया अकांउट पर भी तिरंगे के साथ डीपी लगाने का आदेश पहले ही दिया जा चुका है। इस बार के आजादी के पर्व को मेरी माटी, मेरा देश के तहत मनाने की मुहिम के तहत प्रदेश के सभी स्कूलों और कॉलेजों आदि को, सरकारी व प्राईवेट सभी को, सजाने के लिए कहा गया है। दूर दराज के कई स्कूलों में अन्य कार्यक्रमों के साथ ही प्रभात फेरियों का प्रोग्राम भी शुरू कर दिया गया है। सरकारी आदेशों की खास बात यह है कि स्कूलों में उस दिन करवाए जाने वाले समारोहों में निबंध प्रतियोगिताओं के लिए जो थीम तय की गई है उसमें सरकार द्वारा किए जा रहे विकास कार्यों को शामिल किया जाना अनिवार्य बनाया गया है। याद रहे इससे पहले सामान्य प्रशासनिक विभाग ने 15 अगस्त के दिन पूरे प्रदेश में होने वाले सभी सरकारी समारोहों में सभी सरकारी कर्मचारियों की अनुपस्थिति अनिवार्य बनाने का आदेश जारी करते हुएकहा था कि उस दिन छुट्टी पर जाने वाले कर्मचारियों और अधिकारियों को गैर हाजिर मानने के साथ ही उनके खिलाफ विभागीय कार्रवाई भी की जाएगी। अनुपस्थित रहने वालों के खिलाफ नियमों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। इसके कर्मचारी, जम्मू–कश्मीर में मुख्य स्वतंत्रता दिवस समारोह श्रीनगर के सोनावर में शेरी कश्मीर क्रिकेट स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा। वैसे स्वतंत्रता और गणतंत्र दिवस पर समारोह स्थलों पर सरकारी कर्मियों की उपस्थिति अनिवार्य बनाए जाने संबंधी जारी सरकारी अध्यादेश कोई नया नहीं है। कश्मीर में आतंकवाद की शुरूआत के साथ ही यह विवाद आरंभ हुआ था जो आज भी जारी है। ऐसे आदेश को सख्ती से लागू करने का कार्य वर्ष 2006 में तत्कालीन मुख्यमंत्री गुलाम नबी आजाद की सरकार के दौरान हुआ था जिन्होंने तब स्थानीय विधायकों को भी सख्त ताकिद की थी कि अगर उनके इलाके के सरकारी कर्मचारी अनुपस्थित हुए तो उनके खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी।

## सार समाचार

### छत की सीढ़ी से गिरने से अधेड़ की मौत

**गुना, देशबन्धु।** म्याना थानांतर्गत ऊमरी निवासी एक बुजुर्ग की सीढ़ी से गिरने से मौत हो गई। मृतक छत पर सो रहा था। इसी दौरान उतरते समय सीढ़ी से अचानक पैर फिसलने के बाद गिरने से उसकी मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार ऊमरी निवासी लालाराम धाकड़ (50) अपनी छत पर सो रहा था। तभी रात को करीबन 11 बजे वह जीने से उतर रहे थे। इसी दौरान पैर फिसलने के दौरान गिर जाने से घायल हो गए। जिनको परिजनों ने जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां लालाराम धाकड़ ने दम तोड़ दिया। बताया गया कि लालाराम की पूर्व में शादी हुई थी, लेकिन काफी दिन पहले उनकी पत्नी उन्हें छोडक़र चली गई थी। कोई संतान नहीं थी वह अकेले ही अपने भाइयों के यहां गुजर बसर कर रहे थे।

### स्कूल में चोरों ने की सेंधमारी, ले गए पंखा और कुर्सी

**गुना, देशबन्धु।** बजरंगगढ़ थानांतर्गत बरखेड़ागिर्द स्थित एक शासकीय स्कूलों में चोरों ने सेंधमारी कर पंखे, कुर्सी, बिजली के बोर्ड और तार ले गए। इस संबंध में शाउमा विद्यालय बरखेड़ा गिर्द के प्राचार्य मूलचंद कौशिक ने पुलिस को दिए शिकायती आवेदन में बताया कि गत रात्रि अज्ञात चोर स्कूल के कमरों का ताला तोडक़र 6 छत वाले पंखे, 4 लोह की कुर्सी, 5 बिजली के बोर्ड एवं डोरी चोरी करके ले गए। इस संबंध में प्राचार्य ने उच्च अधिकारियों को भी इस संबंध में सूचना दी है। वहीं पुलिस ने प्राचार्य की शिकायत पर अज्ञात चोरों पर धारा 457,380 भादवि के तहत मामला दर्ज कर जांच में लिया है।

### लगातार दूसरे दिन भूख हड़ताल पर बैठा राजपूत परिवार

**गुना, देशबन्धु।** जामनेर थानांतर्गत ग्राम खेजड़ा निवासी व्यक्ति की हत्या के मामले में लगातार दूसरे दिन भी परिजन और करणी सेना के पदाधिकारी एसपी ऑफिस के बाहर भूख हड़ताल पर बैठे। अब परिजनों हत्यारोपियों की गिरफ्तारी नहीं होने पर सामूहिक रूप से आत्मदाह करने की चेतावनी दी है। परिजनों ने पुलिस पर राजनीतिक दबाव में आरोपियों के साथ गठजोड़ का आरोप लगाया। बुधवार को भूख हड़ताल पर परिजनों के अलावा बड़ी संख्या में करणी सेना और राजपूत समाज के लोग शामिल हुए। जिसमें बड़ी संख्या में महिलाएं भी शामिल हैं।

इस दौरान परिजनों ने चेतावनी दी कि यदि 302 के आरोपियों को पुलिस ने शीघ्र गिरफ्तार नहीं किया तो वह उग्र आंदोलन, चक्काजाम और सामूहिक रूप से आत्मदाह करेंगे। जिसकी समस्त जिम्मेदार पुलिस प्रशासन की होगी।

### स्कूल में मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम आयोजित

**गुना, देशबन्धु।** जिला मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत शांति पब्लिक स्कूल में मानसिक स्वास्थ्य जागरुकता कार्यक्रम का सेमीनार किया गया। सेमीनार में उपस्थित छात्र-छात्राओं को डॉ. आरएस भाटी द्वारा बढ़ती हुई मानसिक बीमारी आत्महत्या, ऐन्जाईटी, डिप्रेशन, ओसीडी, फोबिया, पैनिक डिसऑर्डर, मूड डिस ऑर्डर, सिजनोफेनियो नशीले मादक पदार्थों के सेवन से रोकने के बारे में समझाया गया। इस मौके पर डॉ. भाटी ने बताया कि किस तरह अपने मानसिक स्वास्थ्य को ठीक रख सकते हैं। उन्होंने राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन टेलीमानस द्वारा टोल फ्री नंबर 14416 चलाया गया है। जिसमें कोई भी व्यक्ति अपनी मानसिक परेशानी के बारे में बात कर सकता है।

#### आरोपी से चोरी गया माल बरामद

# सूने घर में लाखों की सेंधमारी करने वाला शातिर चोर गिरफ्तार

**गुना, देशबन्धु।** सिटी कोतवाली पुलिस द्वारा चौधरी मोहल्ला में गल्ला व्यवसायी के सूने घर से हुई लाखों की चोरी के मामले में शातिर चोर को गिरफ्त कर करीब 2 लाख का माल बरामद किया है। आरोपी के विरूद्ध गुना कोतवाली में पूर्व से भी चोरी के 7 मामले दर्ज हैं। प्रकरण के खुलासे हेतु एसपी की ओर से 5 हजार रुपए का ईनाम भी घोषित था। प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादिया दीपाली जैन पत्नि सोनू जैन निवासी बड़ा जैन मंदिर के पास चौधरी मोहल्ला द्वारा कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी कि 6 जुलाई को घर को ताला लगाकर वह व अपने पति व बच्चों रिश्तेदारी में मुम्बई गई थी। 21 जुलाई की रात को वापस आकर देखा तो मकान के मेनगेट पर कोई दूसरा ताला लगा हुआ था, जो उनकी चाबी से नहीं खुला तो वह उस ताले को तोडक़र घर के अंदर गए। अंदर जाकर देखा तो पूरे घर का सामान अस्त-व्यस्त पड़ा हुआ था तथा अलमारियों के ताले टूटे हुए थे। उनके द्वारा घर का सामान चैक किये जाने पर अलमारियों में रखें कुल 2.90



लाख रूपये नगद एवं करीबन 2.50 लाख कीमत के सोने-चांदी के गहने गायब मिले। जिन्हें कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया। इस मामले में पुलिस ने फरियादिया की शिकायत पर अज्ञात चोर पर धारा 457, 380 भादवि के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया। वहीं पुलिस कप्तान द्वारा मामले की जांच के लिए एसआईटी गठित की गई। जिसमें कोतवाली से उपनिरीक्षक अमित अग्रवाल सहित 3 आरक्षकों की एक विशेष टीम लगाई गई। टीम द्वारा आरोपी की पतारसी पठार मोहल्ला गुना निवासी शातिर चोर जयराज कुशवाह के रूप में कर ली गई। जिसकी तलाश में पुलिस द्वारा सघन दविशें दीं गईं। जिसे बुधवार को हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर उसके द्वारा चोरी की उक्त वारदात को अंजाम देना स्वीकार किया। चोरी के उपरोक्त प्रकरण में पुलिस द्वारा आरोपी को गिरफ्तार कर जिसके कब्जे से 20-20 रूपये के नोटों की कुल 20 गड्डी, सोने के 02 जोड़ टोप्स, सोने का 01 पैण्डल व 08 दाने, चांदी की 02 जोड़ पायल, चांदी के 23 सिक्के कुल कीमती करीबन 02 लाख रूपये का माल बरामद कर लिया है। आरोपी जयराज कुशवाह द्वारा चोरी का शेष माल अलग-अलग 03 लोगों को बेचना बताया है। पुलिस द्वारा जिनके नाम ज्ञात कर लिये गये हैं एवं जिनके पीछे पुलिस टीम सरगर्मी से लगी हुई है। जिन्हें भी शीघ्र ही गिरफ्तार कर चोरी का शेष माल बरामद किया जाएगा। प्रकरण में गिरफ्तारशुदा आरोपी को न्यायालय पेश किया, जहां से आरोपी को प्रकरण से संबंधित शेष आरोपियों की गिरफ्तारी एवं चोरी के शेष माल की बरामदगी हेतु 04 दिन के पुलिस रिमाण्ड पर भेज दिया है।

उल्लेखनीय है कि चोरी के उपरोक्त मामले में गिरफ्तारशुदा आरोपी जयराज कुशवाह एक शातिर चोर है। जिसके विरूद्ध गुना कोतवाली में पूर्व से ही चोरी के 06 प्रकरण एवं आर्म्स एक्ट का 01 प्रकरण सहित इससे पूर्व के कुल 07 मामले दर्ज हैं। पुलिस की इस कार्रवाई में सीएसपी श्वेता गुप्ता के अलावा टीआई अनूप कुमार भार्गव, अमित अग्रवाल, भूपेन्द्र सेंगर, प्रवीण दीवान, भानु तोमर, मनोज रघुवंशी, जितेन्द्र सिंह, लक्ष्मण भारती, लक्ष्मीनारायण पारस, धीरेन्द्र गुर्जर, रतन सिंह, आरक्षक संजय जाट एवं कुलदीप भदौरिया उल्लेखनीय भूमिका रही है।

#### बिजली, किसी ने पानी, किसी ने राशन न मिलने की समस्याओं को किया हल

# मुख्यमंत्री निवास से प्राप्त शिकायतों का कलेक्टर टीम भेज करा रहे निराकरण

**गुना, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान सुदूर क्षेत्र के गाँवों व कस्बों में निवासरत आमजन के हाल-चाल व कठिनाईयों का पता लगाने के उद्देश्य से अक्सर फोन से बात करते रहते हैं। साथ ही मुख्यमंत्री कार्यालय के वरिष्ठ अधिकारी भी फोन लगाकर आम आदमी की समस्याओं व कठिनाईयों का पता लगाकर निराकरण कराया जा रहा है। प्रबंधक लोक सेवा केंद्र द्वारा दी गयी जानकारी अनुसार कलेक्टर तरूण राठी के मार्गदर्शन में पिछले 4-5 दिन के दौरान मुख्यमंत्री निवास से फोन लगाकर गुना जिले के विभिन्न ग्रामों में निवासरत 63 से अधिक आम नागरिकों से बात की गई और इनकी समस्याओं का भी निराकरण हो रहा है। इनमें से किसी ने बिजली, किसी ने पानी, किसी ने राशन न मिलने संबंधी अपनी समस्यायें बताई। मुख्यमंत्री निवास के माध्यम से प्राप्त इन समस्याओं के निराकरण के लिये कलेक्टर द्वारा गाँव-गाँव टीम भेजी गई। 59 समस्याओं का निराकरण भी हो गया है। कलेक्टर ने शेष समस्याओं का निराकरण जल्द से जल्द कराने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए हैं।

**नालियों की साफ-सफाई होने पर सीएम को दिया धन्यवाद :** जिले के दूरस्थ गाँव मीनापुरा (बरोदिया कलां) की निवासी कमलेश के मोबाइल पर मुख्यमंत्री निवास से भी फोन आया और उनके हाल-चाल पूछे गए। श्री कमलेश ने बताया कि उनके गाँव की नालियों की साफ-सफाई नहीं की जाती है। इस कारण मंदिर के पास बहुत गंदगी रहती है। यह शिकायत सामने आने पर जिला प्रशासन की टीम मौके पर पहुँची और नालियों की साफ-सफाई कराकर पानी के निकास की समुचित व्यवस्था कराई गई। श्री कमलेश जिले स्तर की टीम द्वारा बात की गई, जिसमें समस्या का तत्काल कार्यवाही होने पर मुख्यमंत्री जी को धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

**पुरेनी निवासी हरिसिंह को मिली पानी की समस्या से निजात :** इसी तरह ग्राम पुरेनी निवासी हरिसिंह ने मुख्यमंत्री आवास से फोन आने पर बताया कि उनके गांव की नल-जल योजना के नल पिछले कई दिनों से नहीं आ रहे हैं। सम्बंधित विभाग द्वारा ग्राम में पहुंचकर समस्या का निराकरण कर नलों से पानी की आपूर्ति चालू कराई गई। हरिसिंह द्वारा मुख्यमंत्री जी को धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

**बदला गया ट्रांसफार्मर :** वहीं ग्राम मिन्खिया में किसान भूरा रघुवंशी के गाँव पर ट्रांसफार्मर जल गया था। उन्होंने मुख्यमंत्री आवास से फोन आने पर अपनी समस्या बताई। जिसे जिला प्रशासन द्वारा मौके पर टीम भेजकर ट्रांसफार्मर को बदला दिया गया है, जिससे की बिजली सुचारू रूप से चालू की गई। किसान भूरा रघुवंशी द्वारा अत्यंत खुशी व्यक्त की गयी एवं माननीय मुख्यमंत्री को धन्यवाद ज्ञापित किया। इन सभी की समस्याओं का निराकरण जिला प्रशासन द्वारा कराया जा चुका है। समस्त शिकायतकर्ताओं के द्वारा मुख्यमंत्री को धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

## आपदा में सिंधिया परिवार ने खुलकर आदिवासियों का साथ दिया : सिसोदिया




**गुना, देशबन्धु।** विश्व आदिवासी दिवस के उपलक्ष्य में बमोरी विधानसभा के ग्राम महोदरा में आयोजित आदिवासी महोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश सरकार के पंचायत एवं ग्रामीण विकासमंत्री महेंद्र सिंह सिसोदिया,विशिष्ट अतिथि के रूप में पशुपालन विभाग के मंत्री प्रेम सिंह पटेल रहे। वहीं अध्यक्ष के रूप में भाजपा के जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह सिकरवार उपस्थित हुए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पंचायत मंत्री श्री सिसोदिया ने कहा कि एक समय था जब बमौरी प्रदेश के अति पिछड़े क्षेत्र में शुमार होता था। जहां निवास करने वाले लोगों को मूलभूत सुविधाएँ भी मिलती थी । आज हर क्षेत्र में बमौरी विधानसभा में विकास की गंगा बह रही है जिसका एक श्रेय सिंधिया परिवार को जाता है। जिसने सालों यहाँ के लोगों का जीवन स्तर सुधारने अपना खून पसीना बहाया है और यहाँ का विकास किया है। दूसरा श्रेय मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को जाता है जिनके नेतृत्व में चल रही सरकार की जन लाभकारी योजनाओं का हर नागरिक को लाभ मिल रहा है।

पशुपालन मंत्री श्री पटेल ने जनसभा में कहा कि 3 साल पहले में उपचुनाव में श्री सिसोदिया के पक्ष में चुनाव प्रचार करने आया था। तब मैंने यहां जो भी वादे जनता की मांग पर किए थे वो सिसोदिया जी ने चुनाव जीतते ही वो सभी वादे पूरे किए। ऐसी जनप्रतिनिधि को आपको फिर से भारी मतों से विजय बनाना चाहिए। जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह सिकरवार ने भी सभा को संबोधित करते हुए भाजपा सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी की।

## पीपल्यामोती में 56 लाख, हिनौती में 14.45 लाख व बड़ोद में 141 लाख के कार्यों का लोकार्पण

**गुना, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश शासन द्वारा जारी निर्देश अनुसार 16 जुलाई से 14 अगस्त तक विकास पर्व का आयोजन किया जा रहा है। कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी ने बताया कि इसी क्रम में ग्राम पीपल्यामोती में 8 अगस्त को जल जीवन मिशन अंतर्गत नल जल योजना की लागत 56.00 लाख रुपये एवं मेकैनिकल खंड गुना विकासखंड चांचौड़ा के ग्राम हीनौती में 14.45 लाख रुपये का लोकार्पण मुख्य अतिथि अरविंद भील सरपंच द्वारा किया गया। जिसमें जनप्रतिनिधि, ग्रामवासी एवं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे। इसी प्रकार आज ग्राम बड़ोद में जल जीवन मिशन अंतर्गत नल जल योजना का लोकार्पण लागत 141.00 लाख रुपये का मुख्य अतिथि प्रकाश बाई मीना, जनपद अध्यक्ष जनपद पंचायत चांचौड़ा द्रोपदी बाई मीना सरपंच द्वारा किया गया।

## लाडली बहनाओं के खाते में आज आएंगी तीसरी किश्त

**गुना, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना के अंतर्गत प्रथम चरण में पंजीकृत लाड़ली बहनों को 10 अगस्त को तृतीय किश्त 1000 रूपए का अंतरण किया जावेगा। कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाला विकास ने बताया कि अभी तक लाड़ली बहना योजना के तहत हितग्राहियों को दो किस्त प्राप्त हो चुकी हैं। तीसरी किस्त का भुगतान गुना जिले की 2 लाख



23 हजार 43 लाडली बहनों को 217265000 (इक्कीस करोड़ बहत्तर लाख पैंसठ हजार रूपए) मुख्यमंत्री मध्यप्रदेश शासन शिवराज सिंह चौहान द्वारा रीवा जिले से सिंगल क्लिक के माध्यम से भुगतान किया जावेगा। मुख्यमंत्री जी के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण दोपहर 01 बजे से दूरदर्शन एवं वेबसाइट के माध्यम से किया जावेगा। गुना जिले में भी नगरीय निकाय एवं ग्राम पंचायत कार्यालयों में भी प्रसारित किया जावेगा। मुख्य कार्यक्रम शुभविदाई गार्डन में आयोजित किया जावेगा। उक्त कार्यक्रम में उपस्थिति हेतु आंगनबाड़ी कार्यकर्त्ता एवं लाड़ली बहना सेना की महिलाओं द्वारा लाड़ली बहनों के घर-घर जाकर पीले चावल देकर ससम्मान आमंत्रित किया जा रहा है।

# नपा द्वारा चलाया जा रहा जागरुकता अभियान

**आष्टा, देशबन्धु।** स्वच्छ सर्वेक्षण के तहत नगर पालिका परिषद एवं सहयोगी संस्था एवीएस कंसल्टेंसी एंड सर्विसेस के टीम के द्वारा वार्ड क्रमांक 1 ईदगाह कॉलोनी आत्मनिर्भर वार्ड में लगातार जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। जिसके परिणाम स्वरूप आत्मनिर्भर वार्ड से निकलने वाला सूखा कचरा नगर पालिका की गाड़ी में डाला जाता है एवं गीले कचरे का निपटान वार्ड के अंदर ही किया जाता है। गीले कचरे का निपटान करने के लिए नगरपालिका द्वारा कंपोस्ट पिट बनवाई गई है। आत्मनिर्भर वार्ड के रहवासी अपने घरों से निकलने वाले गीले कचरे को कंपोस्ट पीठ में डालते हैं गीले कचरे का प्रसंस्करण करने के लिए नगर पालिका द्वारा बायोसॉल्यूशन उपलब्ध कराया जाता है विगत कुछ महीनों से लगातार यह प्रक्रिया संस्था एवीएस कंसलटेंसी एंड सर्विसेस भोपाल द्वारा आत्मनिर्भर वार्ड में करवाई जा रही है। जिसके फलस्वरूप आत्मनिर्भर वार्ड के गीले कचरे को प्रसंस्कृत कर प्राप्त खाद से वृक्षारोपण किया गया है।

### समरसता यात्रा का हुआ आत्मीय स्वागत, पादुकाओं के किए दर्शन

**आष्टा, देशबन्धु।** समरसता यात्रा के ग्राम रामपुर पहुंचने पर जिला पंचायत अध्यक्ष गोपाल सिंह इंजीनियर विधायक रघुनाथ मालवीय, खातेगांव विधायक आशीष शर्मा, तथा जनपद अध्यक्ष श्रीमती दीक्षा सोनू गुणवान सहित अन्य जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों ने चरण पादुका की पूजा अर्चना कर भव्य तथा आत्मीय स्वागत किया।

आष्टा पहुंचने पर समरसता यात्रा का आत्मीयता के साथ भव्य स्वागत किया गया। संत रविदास के जयकारे लगाते हुए नगर में यात्रा ने भ्रमण किया। नगर भ्रमण के दौरान अनेक सामाजिक मंचों, व्यापारिक मंचों, समुदायों द्वारा पुष्प वर्षा की गई तथा चरण पादुका पूजा अर्चना की गई। समरसता यात्रा आष्टा नगर के अंबेडकर भवन, मंडी गेट, तहसील चौराहा, बंजारी माता, कॉलोनी चौराहा तथा भाव बाबा मंदिर होते हुए मानस भवन पहुंची। मानस भवन में जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया।

### युवक की मौत

**आष्टा, देशबन्धु।** पार्वति थाना अंतर्गत डाबरी कॉलोनी निवासी मनोज पिता हरिसिंह वर्मा की अचानक तबियत खराब होने पर अस्पताल ले गए । जहां डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने वार्डबाय मनोज की सूचना पर मर्ग कायम कर जांच मे लिया है।

# कलेक्टर के निर्देशन में उर्जा विभाग द्वारा लगाया गया शिविर

**गुना, देशबन्धु।** कलेक्टर तरूण राठी के मार्गदर्शन में गुना जिले में आम नागरिकों की वर्तमान विद्युत संबंधी समस्याओं के देखते हुए 9 अगस्त को उर्जा विभाग द्वारा गुना, नानाखेडी स्थान पर शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान नागरिकों की विद्युत संबंधी समस्याओं के आवेदन लिए गये। महाप्रबंधक ऊर्जा विभाग द्वारा बताया गया कि आज आयोजित शिविर के दौरान कुल 22 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमे से 7 आवेदनों का मोके पर निराकरण किया गया। जिनमें भगवती बाई जाटव वार्ड नंबर 01 नानाखेडी, सुरेश कुमार कोरी कर्नेलगंज, महेंद्र जाटव नानाखेडी, पन्ना लाल नानाखेडी, सत्यनारायण जाटव दीनदयाल नगर, नरेन्द्र कुमार जाटव दीनदयाल नगर गुना एवं द प्रिंसिपल केंद्रीय विद्यालय नानाखेडी सहित शेष 15 आवेदनों का भी शीघ्र निराकरण करने के निर्देश कलेक्टर द्वारा दिए गये हैं। प्राप्त 22 आवेदनों में मुख्यतः 15 आवेदन बिल सम्बंधी, 5 आवेदन मीटर सम्बंधी, 1 आवेदन बिजली न आने सम्बंधी एवं 1 आवेदन अन्य समस्या सम्बंधी प्राप्त हुआ।

### अंग्रेजों 'भारत छोड़ो दिवस' पर सीटू ने निकाली रैली, सौंपा ज्ञापन

गुना, देशबन्धु। अंग्रेजो भारत छोड़ो दिवस के मौके पर सीटू सहित संयुक्त ट्रेड यूनियन मोर्चा के नेतृत्व में एक बड़ी रैली डॉक बंगला से शुरू होकर हनुमान चौराहा होती हुई कलेक्ट्रेट पहुंची। यहां रैली सभा में परिवर्तित हो गई। सभा को सीटू के राज्य उपाध्यक्ष डॉ. विष्णु शर्मा, सुरेंद्र सैनी, जहूर खान, कल्याण सिंह लोधी ने संबोधित किया। सभा में वक्ताओं ने बताया कि 9 अगस्त 1942 को देश की आजादी के संघर्ष में अंग्रेजो भारत छोड़ो का नारा दिया था। आज जब देश में पिछले 45 वर्षों में रोजगार का संकट खतरनाक स्तर पर पहुंच गया है। महंगाई आसमान छू रही है। महिलाओं, दलितों, आदिवासियों व अल्पसंख्यकों पर लगातार हमले हो रहे हैं वहीं आम मेहनतकश जनता के बीच बदहाली बढ़ी है तब आज की विरोध कार्यवाही करते हुए नरेंद्र मोदी गद्दी छोड़ो का नारा दिया गया है।

सभा के बाद राष्ट्रपति के नाम जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपा गया। जिसमें विभिन्न मांगों का उल्लेख किया गया।

इस अवसर पर गिरीश कश्यप, सुघर सिंह बेस, रवि कुशवाह, गगन अहिरवार, प्रेम सिंह मांझी, देवेन्द्र कुशवाह, पप्पू जाट, रामेश्वर धाकड़, सोनू साहू, अभिषेक राजपूत, मनीष ओझा, नवीन शर्मा, संजीव रघुवंशी, वीरेंद्र जोशी, गजराज लोधा, हरी सिंह लोधा, मुकेश सेन, मनोज मेर, किरण तिवारी, कृष्णा सिंह कुशवाह, मिथलेश गोस्वामी, पूजा कोरी, ममता अहिरवार, आनंद कलावत, प्रकाश यादव, महेश चौरसिया, रामबाबू गुर्जर आदि उपस्थित थे।

### विश्व आदिवासी दिवस पर बमोरी में डाक विभाग ने लगाया तिरंगे का स्टॉल

**गुना, देशबन्धु।** ''हर घर तिरंगा अभियान'' के तहत गुना डाक अधीक्षक विनय श्रीवास्तव के नेतृव में ''विश्व आदिवासी दिवस'' के उपलक्ष्य में केदारनाथ गुना पर आयोजित कार्यक्रम में डाक विभाग गुना द्वारा तिरंगा उपलब्ध करवाने हेतु विशेष काउंटर लगाया गया। कार्यक्रम में कलेक्टर तरुण राठी, एसपी राकेश कुमार सगर एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रथम कौशिक को गुना डाक संभाग की ओर से सहायक अधीक्षक मुख्यालय गुना रविन्द्र भार्गव एवं उपसंभागीय निरीक्षक गुना पूर्व गौरव रघुवंशी द्वारा तिरंगा उपलब्ध करवाया गया। कलेक्टर द्वारा डाकघर के माध्यम से समस्त जिलेवासियों से राष्ट्रीय ध्वज डाकघर से प्राप्त करने एवं 13 से 15 अगस्त के मध्य घरों से फहराने की अपील की गयी।

### पीपल्यामोती में 56 लाख, हिनौती में 14.45 लाख व बड़ोद में 141 लाख के कार्यों का लोकार्पण

**गुना, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश शासन द्वारा जारी निर्देश अनुसार 16 जुलाई से 14 अगस्त तक विकास पर्व का आयोजन किया जा रहा है। कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी ने बताया कि इसी क्रम में ग्राम पीपल्यामोती में 8 अगस्त को जल जीवन मिशन अंतर्गत नल जल योजना की लागत 56.00 लाख रुपये एवं मेकैनिकल खंड गुना विकासखंड चांचौड़ा के ग्राम हीनौती में 14.45 लाख रुपये का लोकार्पण मुख्य अतिथि अरविंद भील सरपंच द्वारा किया गया। जिसमें जनप्रतिनिधि, ग्रामवासी एवं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

### वृक्षारोपण कर वीर शहीदों को किया नमन

**शिवपुरी, देशबन्धु।** आज 9 अगस्त से मेरी माटी मेरा देश अभियान शुरू किया गया है। प्रदेशव्यापी इस अभियान में कई गतिविधियां शामिल की गई हैं, जिसमें प्रत्येक ग्राम पंचायत में वृक्षारोपण कर वसुधा वंदन और शीला फलक की स्थापना और वीर शहीदों को नमन किया जा रहा है।

कलेक्टर रवींद्र कुमार चौधरी और जिला पंचायत सीईओ उमराव मरावी पिछोर की ग्राम पंचायत सेमरी और भौंती में आयोजित वृक्षारोपण कार्यक्रम में शामिल हुए। शिला फलक का अनावरण किया। मिट्टी हाथ में लेकर वीर शहीदों को नमन किया और ग्रामीणों के साथ वृक्षारोपण किया। पिछोर में ग्राम पंचायत सेमरी में महिलाओं और स्कूली छात्र-छात्राओं ने तिरंगा झंडा हाथ में लेकर रैली भी निकाली और भारत माता की जय नारे के साथ रैली निकाली। वृक्षारोपण कार्यक्रम के साथ ही शपथ ली गई। इस दौरान जनप्रतिनिधि अधिकारी और बड़ी संख्या में ग्रामीणजन कार्यक्रम में शामिल हुए।

## आपदा में सिंधिया परिवार ने खुलकर आदिवासियों का साथ दिया : सिसोदिया

**गुना, देशबन्धु।** विश्व आदिवासी दिवस के उपलक्ष्य में बमोरी विधानसभा के ग्राम महोदरा में आयोजित आदिवासी महोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश सरकार के पंचायत एवं ग्रामीण विकासमंत्री महेंद्र सिंह सिसोदिया,विशिष्ट अतिथि के रूप में पशुपालन विभाग के मंत्री प्रेम सिंह पटेल रहे। वहीं अध्यक्ष के रूप में भाजपा के जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह सिकरवार उपस्थित हुए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पंचायत मंत्री श्री सिसोदिया ने कहा कि एक समय था जब बमौरी प्रदेश के अति पिछड़े क्षेत्र में शुमार होता था। जहां निवास करने वाले लोगों को मूलभूत सुविधाएँ भी मिलती थी । आज हर क्षेत्र में बमौरी विधानसभा में विकास की गंगा बह रही है जिसका एक श्रेय सिंधिया परिवार को जाता है। जिसने सालों यहाँ के लोगों का जीवन स्तर सुधारने अपना खून पसीना बहाया है और यहाँ का विकास किया है। दूसरा श्रेय मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को जाता है जिनके नेतृत्व में चल रही सरकार की जन लाभकारी योजनाओं का हर नागरिक को लाभ मिल रहा है।पशुपालन मंत्री श्री पटेल ने जनसभा में कहा कि 3 साल पहले में उपचुनाव में श्री सिसोदिया के पक्ष में चुनाव प्रचार करने आया था। तब मैंने यहां जो भी वादे जनता की मांग पर किए थे वो सिसोदिया जी ने चुनाव जीतते ही वो सभी वादे पूरे किए।

#### मिशन इन्द्र धनुष में लापरवाही से नाराज कलेक्टर

# 13 सीएचओ पर गिरी गाज, सेवाएं समाप्त करने के निर्देश

**शिवपुरी, देशबन्धु।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा मिशन इन्द्रधनुष अभियान की समीक्षा बैठक आज कलेक्टर रवींद्र कुमार चौधरी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। जिसमें शहरी क्षेत्र शिवपुरी में अभियान के दौरान हुए कार्य की प्रसन्नता की गई वहीं कार्य में लापरवाही बरतने पर 13 सीएचओ की सेवाएं समाप्त करने की कार्यवाही करने के निर्देश दिए। बैठक में स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास विभाग, शिक्षा विभाग, आयुष विभाग के अधिकारी एवं प्रमुख कर्मचारी उपस्थित थे।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.पवन जैन ने जानकारी देते हुए बताया कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा मिशन इन्द्र धनुष के प्रथम चरण का संचालन किया जा रहा है। जो 7 अगस्त से प्रारंभ होकर 12 अगस्त 2023 को समाप्त होगा। इस अभियान के मध्य में टास्क फोर्स की बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए कलेक्टर रवींद्र कुमार चौधरी ने निर्देशित किया कि मिशन इन्द्रधनुष के प्रचार प्रसार स्कूलों में किया जाए। उसके लिए स्कूलों में निबंधन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा सकता है। इसके बच्चों को पुरस्कार भी विभाग की ओर वितरित किए जाएं। बैठक में डब्ल्यूएचओ के मॉनिटर डॉ.अर्पित द्वारा एएफआई सर्विलेंस में उपलब्धि कम होने की जानकारी दी जिस पर कलेक्टर शिवपुरी द्वारा सभी चिकित्सकों का उन्मुखीकरण करने और प्रतिदिन अलर्ट सिस्टम बनाए जाने के निर्देश दिए। यूविन पोर्टल में करैरा सीबीएमओ को तत्काल एंट्री कराने के निर्देश दिए।

बैठक के दौरान नरवर विकासखंड के 10 और पोहरी विकासखंड के 3 सीएचओ द्वारा कार्य में लापरवाही उजागर होने पर उनकी सेवा समाप्ति की कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

### शिवपुरी अव्वल 5 में शामिल

सघन मिशन इन्द्रधनुष अभियान के दौरान पहली बार उपयोग लाए जा रहे यूविन पोर्टल बडे ही काम का सिद्ध होने जा रहा है। जिसके तहत यूविन पोर्टल पर एंट्री में शिवपुरी जिले को 5 वां स्थान प्राप्त हुआ है।

# बादल बने रहने से बढ़ेगी उमस

## पड़ सकती हैं हल्की बौछारें

**भोपाल, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश के मौसम को प्रभावित करने वाला कोई भी मौसमी सिस्टम वर्तमान में सक्रिय नहीं है। इस वजह से मानसून की गतिविधियों में कमी आने लगी है। हालांकि हवाओं का रुख लगातार पश्चिमी बना से नमी बरकरार है और बादल बने हुए हैं। मौसम विज्ञानियों के मुताबिक धूप निकलने से तापमान बढ़ने पर जहां कुछ उमस बढ़ेगी, वहां कहीं-कहीं स्थानीय स्तर पर हल्की बौछारें भी पड़ सकती हैं। मौसम का इस तरह का मिजाज अभी तीन-चार दिन तक बना रह सकता है।

मौसम विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ मौसम विज्ञानी जेपी विश्वकर्मा ने बताया कि वर्तमान में मानसून द्रोणिका अपनी सामान्य स्थिति से ऊंचाई पर चली गई है। वहीं मप्र से बिहार होते हुए हवा के ऊपरी भाग में बना चक्रवात भी बांग्लादेश चला गया है। ऐस में प्रदेश के मौसम को प्रभावित करने वाले किसी भी मौसमी सिस्टम के सक्रिय नहीं रहने के कारण मानसून की गतिविधियों में कमी आ गई है और अगले तीन-चार दिन तक राजधानी सहित प्रदेश के अन्य जिलों में कहीं भी तेज वर्षा की संभावना नहीं है। हालांकि वातावरण में नमी बनी रहने के कारण बादल बने हुए हैं। बीच-बीच में कहीं-कहीं हल्की धूप भी निकल रही है। इस वजह से तापमान में बढ़ोतरी होने पर कहीं-कहीं हल्की बौछारें भी पड़ सकती हैं। लेकिन धूप निकलने से उमस भी बढ़ेगी। उधर बुधवार सुबह साढ़े आठ बजे से शाम साढ़े पांच बजे तक सीधी में एक, मलाजखंड में 0.4 मिलीमीटर वर्षा हुई।

# विवाद के बाद घर से निकली महिला, तलाश करते पति पहुंचा तो तालाब में कूदी

**भोपाल, देशबन्धु।** कमला नगर इलाके में रहने वाली एक महिला पति से विवाद के बाद खुदकुशी करने की धमकी देकर सैर-सपाटा पहुंच गई। पति ने इसकी सूचना पुलिस को दी और खुद भी पत्नी को तलाश करते हुए सैर सपाटा पहुंच गया। लेकिन यहां महिला की नजर जैसे ही अपने पति पर पड़ी तो उसने तालाब में छलांग लगा दी। हालांकि मौके पर मौजूद पुलिस कर्मचारियों ने एक युवक की मदद से उसे सकुशल बाहर निकाल लिया और समझाइश के बाद परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया।

पुलिस के अनुसार राहुल नगर में रहने वाली 25 वर्षीय महिला का मंगलवार की शाम अपने पति से किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया था। विवाद इतना बढ़ा कि महिला गुस्?से में खुदकुशी की धमकी देते हुए घर से निकली और स्कूटर लेकर सैर सपाटा पहुंच गई। पति ने इस संबंध में तत्काल पुलिस को सूचना दी। बताया कि पत्नी खुदकुशी की धमकी देकर सैर सपाटा की तरफ गई है और फोन भी नहीं सुन रही है। इस सूचना के बाद हवलदार इंद्रजीत, आरक्षक महेंद्र, सुनील और जसवंत धाकड़ पति को लेकर उसे खोजते हुए सैर-सपाटा पहुंचे। यहां महिला की स्कूटर खड़ी मिली। पुलिसकर्मी आसपास के इलाके में उसकी खोजबीन करते हुए लोगों से पूछताछ कर रहे थे। तभी महिला सैर सपाटा के पास तालाब के किनारे बैठी हुई नजर आई। लेकिन उसने जैसे ही अपने पति को आते देखा तो तालाब में छलांग लगा दी। यह देख वहां मौजूद एक युवक उसे बचाने के इरादे से तालाब में कूद गया। युवक की मदद से पुलिसकर्मियों ने महिला को बाहर निकाला। लकिन तब तक उसके पेट में पानी भर गया था। लिहाजा मौके पर ही पेट दबाकर पानी निकाला गया तो महिला होश में आ गई। बाद में पुलिस ने महिला को समझाइश देकर परिजनों को सौंप दिया।




## मतदाता जागरूकता रैली में शामिल हुईं छात्राएं

**संत हिरदाराम नगर, देशबन्धु।** संत हिरदाराम कन्या महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयंसेवक, एनसीसी कैडेट्स एवं अन्य छात्राएं जिला प्रशासन, द्वारा आयोजित मतदाता जागरूकता रैली में सम्मिलित हुई। यह रैली जिला कलेक्ट्रेट परिसर से कमला पार्क तक आयोजित की गई। इसमें प्रभारी सुश्री रितु मालवीय सहित बड़ी संख्या में छात्राओं ने भाग लिया।


**कार्यालय नगर पालिक निगम, भोपाल**

**यांत्रिक विभाग ( मुख्यालय ) गोविंदपुरा ( बी. एच.ई.एल. )**

**निविदा आमंत्रण घोषणा-पत्र**

क्रं.211/यां.वि../2023 भोपाल, दिनांक 9 .08 .2023

Online percentage / item rate bids for the following works are invited from registered contractors and firms of repute fulfilling registration criteria:

| S. No. | Tender ID | Name of Work | Probable Amount Of Contract (In Rs.) | Period of Completion (in Months) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2023_UAD_ 297903 1 | COVRING OF NALA AT VITTHAL NAGAR, LALGHATI WARD 06, ZONE 20 | 777921/- | 02 months |

1. Interested bidders can view the NIT on website https://www.mptenders.gov.in/
2. The Bid Document can be purchased only online from 10:30A.M. (time) 10.08.2023 (date) to 17:30 P.M. (time) 24.08.2023 (date).
3. Amendments to NIT, if any, would be published on website https://www.mptenders.gov.in/ only, and not in newspaper.

नि.क्रं. 833/023/024

**Executive Engineer**
**MUNICIPALCORPORATION BHOPAL**


# बाजार से पैदल घर लौट रहे युवक को बस ने रौंदा

**भोपाल, देशबन्धु।** गुनगा थाना इलाके में बाजार से पैदल घर लौट रहे एक युवक को तेज रफ्तार बस ने कुचल दिया। इस हादसे में युवक की मौके पर ही मौत हो गई।वहीं दुर्घटना के बाद चालक बस लेकर मौके से भाग निकला। हालांकि पुलिस ने बस की पहचान कर ली है और अब उसकी तलाश कर रही है।

गुनगा थाना प्रभारी रमेश राय ने बताया कि ग्राम बांदीखेड़ी निवासी 30 वर्षीय रीतेश पुत्र गोविंद जाट निजी काम करता था। बीती रात को वह ग्राम रतुआ में लगने वाले साप्ताहिक बाजार में खरीदारी करने गया था। रात आठ बजे वहां से वह पैदल अपने घर लौट रहा था। इस दौरान पीछे से आ रही महादेव ट्रैवल्स की तेज रफ्तार बस ने उसे कुचल दिया। दुर्घटना होते ही राहगीर मदद के लिए दौड़े। इसी बीच कुछ लोगों ने बस पर पथराव शुरू कर दिया, लेकिन चालक बस लेकर वहां से भाग निकला। इसके बाद रीतेश को पास के अस्पताल ले जाया गया। लेकिन वहां चिकित्सक ने जांच करने के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। इस मामले में पुलिस प्रकरण दर्ज कर महादेव ट्रैवल्स की बस की तलाश कर रही है।

## ननि के कचरा वाहन से टकराई मोटर साइकिल, 3 घायल

**भोपाल, देशबन्धु।** वीआईपी रोड स्थित राजा भोज की प्रतिमा के पास नगर निगम का कचरा वाहन बुधवार की दोपहर को सड़क किनारे खड़ा था। तभी एक मोटर साइकिल सवार युवक खड़े वाहन में पीछे से आकर टकरा गया। इस हादसे में मोटर साइकिल चला रहे युवक को गंभीर चोट आई है, जबकि पीछे बैठी दो महिलाएं भी घायल हो गई। तीनों को उपचार के लिए हमीदिया अस्पातल में भर्ती कराया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर निगम के कचरा वाहन के कर्मचारी वीआईपी रोड पर राजा भोज की प्रतिमा के पास फुटपाथ पर लगे कूड़ेदान से कचरा उठाकर गाड़ी में भरने का काम कर रहे थे। इसी बीच मोटर साइकिल सवार युवक गाड़ी में पीछे से आकर टकरा गया। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि गाड़ी पर पीछे बैठी महिलाएं भी जखमी हो गईं। 108 की मदद से तीनों घायलों को उपचार के लिए हमीदिया अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अस्पताल की सूचना पर , कोहेफिजा पुलिस ने प्राथमिकी मामले की जांच शुरू कर दी है। फिलहाल किसी के भी खिलाफ प्रकरण दर्ज नहीं किया गया है। हादसे में घायल मोटर साइकिल की पहचान करण सिंह नवासी बैरागढ़ के रूप में की गई है, जबकि उसकी गाड़ी पर विनिता और प्रेम बाई भी बैठी थीं।


**कार्यालय नगर परिषद् राहतगढ़, जिला सागर (म.प्र.)**

www.nprahatgarh.in E-Mail-cmorahatgarh@mpurban.gov.in Fax & Phone No. 07584-254519

क्रं. /1038 / न.प. / 2023 राहतगढ़ दिनांक 09.08.2023

**ऑनलाईन निविदा सूचना**

निम्नलिखित कार्य केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीयन ठेकेदारों से ऑनलाईन प्रतिशत दर पर निविदायें आमंत्रित की जाती है निविदा की विस्तृत विवरण वेबसाइट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| जा.क्रं. | टेण्डर क्रं./ जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1038 | 2023_UAD_ 298067_1 DATE- 09.08.2023 | नगरीय क्षेत्रान्तर्गत वार्ड क्रमांक 01 से 07 तक विभिन्न स्थानों पर हाफ राउंड पाईप (नाली) स्थापना कार्य । (द्वितीय सूचना ) | 1 - 06 माह 2-1981626/- | 1-2000/- 2-14862/- | 11.09.2023 |

**नोटः**- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in की बेवसाइट पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नही किया जावेगा ।

**( प्रियंका गोलू राय )**
**अध्यक्ष**
**नगर परिषद राहतगढ़**

**( आर.सी. अहिरवार )**
**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर परिषद राहतगढ**


# मां और दादी के बीच सो रहे मासूम पर छत का प्लास्टर गिरा, मौत

**भोपाल, देशबन्धु।** निशातपुरा थाना इलाके में घर में मां और दादी के साथ सो रहे एक वर्ष के बच्चे पर छत से प्लास्टर का टुकड़ा टूटकर गिर गया। इस हादसे में गंभीर रूप से घायल हुए मासूम को परिजन तुरंत पास के एक निजी अस्पताल लेकर पहुंचे, लेकिन उसकी जान नहीं बच की। वहीं हादसे में बालक की दादी को भी चोट लगी है, लेकिन वह खतरे से बाहर है।

निशातपुरा थाने के एसआइ बीपी विश्वकर्मा ने बताया कि कोलार का रहने वाला घनश्याम राजोरिया करोंद स्थित अटल मल्टी स्पेशलिटी अस्पताल में एंबुलेंस चलाने का काम करता है। अस्पताल में नौकरी करने के कारण घनश्याम परिवार के साथ रतन कालोनी में किराए के मकान में रहने लगा है। यहां घनश्याम के साथ उसकी पत्नी और मां के अलावा एक वर्ष का बेटा यश भी रहता था। बीती रात घनश्याम ड्यूटी पर अस्पताल चला गया था। घर में मासूम यश अपनी मां और दादी के साथ सो रहा था। तड़के करीब चार बजे अचानक कमरे की छत से प्लास्टर का टुकड़ा उखड़कर यश और उसकी दादी पर गिर पड़ा। सीने पर प्लास्तर का टुकड़ा गिरने से यश बेसुध हो गया। घटना की सूचना मिलने पर बदहवास धनश्याम घर पहुंचा और बेटे को एंबुलेंस से अस्पताल लाया। लेकिन वहां जांच करने के बाद चिकित्सक ने यश को मृत घोषित कर दिया। इकलौते बच्चे की मौत से राजौरिया परिवार में मातम का महौल है। पुलिस मर्ग दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

## एक शाम परमानंद प्यासी के नाम आज

**संत हिरदाराम नगर, देशबन्धु।** पूज्य चालीहा साहिब मंदिर समिति के तत्वधान में चल रहे चालीहा साहिब महोत्सव में 10 अगस्त को आरती-पूजन के बाद प्रसिद्ध भजन गायक एवम हास्य कलाकार परमानंद प्यासी समिलित होकर भजन,कीर्तन के साथ छेड् तथा पल्लव द्वारा भगवान झूलेलाल की आराधना करेंगे। समिति के संरक्षक दादा साबुमल रीझवानी एवं संयोजक जगदीश आसवानी ने समस्त नगर वासियों से इस कार्यक्रम में सम्मलित होने की अपील की है।

## नेत्र अस्पताल का शुभारंभ




**भोपाल, देशबन्धु।** विधानसभा अध्यक्ष गिरीश गौतम और चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास सारंग ने बुधवार को राजधानी भोपाल में आंखों के इलाज के लिए प्रख्यात सेंटर फार समूह के अस्पताल का शुभारंभ करते हुए कहा कि अब शहरवासियों को आंखों के इलाज की विश्वस्तरीय सूविधाएं यही पर मिल सकेंगी। इस अवसर पर अस्पताल समूह के अध्यक्ष पदमश्री डॉ. महिपाल सिंह सचदेव ने बताया कि यह समूह का देश में 75 वां अस्पताल है। यहां किफायती दर पर उच्चस्तरीय इलाज की सुविधाएं उपलब्ध होगी। कार्यक्रम में प्रख्यात चिकित्सक डॉ. अनिल कुमार दुबे, डॉ. गिरीश मधुकर लाले और डॉ. राकेश कुमार जैन भी उपस्थित थे।

# सेवानिवृत्त अफसर के बेटे ने चिकित्सक से 50 लाख रुपए हड़पे

**भोपाल, देशबन्धु।** कोहेफिजा इलाके में एकसेवानिवृत्त अफसर के बेटे ने भूखण्ड बेचने का झांसा देकर एक निजी अस्पताल के संचालक चिकित्सक को पचास लाख रुपए की चपत लगा दी। बताया गया है कि आरोपी ने सरकारी जमीन के फर्जी दस्तावेज तैयार कर वारदात को अंजाम दिया है। पुलिस ने इस मामले में आरोपी युवक के खिलाफ धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

एएसआई राम प्रकाश सिंह ने बताया कि डॉक्टर अल्ताफ मसूद फतेहगढ़ में मैक्स केयर चिल्ड्रन हॉस्पिटल का संचालन करते हैं। उन्हें हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी कोहेफिजा में अपना एक अन्य हॉस्पिटल खोलना था। इस दौरान उनकी मुलाकात ओमप्रकाश नायक से हुई थी। नायक ने उन्हें बताया था कि उनके पिता अरविंद प्रकाश नायक मध्य प्रदेश शासन में बड़े पद पर पदस्थ रहे हैं। इसलिए उन्हें 1983 में हाउसिंग बोर्ड से एक भूखण्ड आवंटित हुआ था और उस भूखण्ड को वह बेचना चाहते हैं। बाद में दोनों के बीच करीब एक करोड़ 65 लाख रुपए में सौदा तय हो गया। इसका अनुबंध कर चिकित्सक ने ओमप्रकाश को अग्रिम राशि के रुप में 50 लाख रुपए भी दिए थे। इसमें में से तीस लाख रुपए नगद जबकि बीस लाख रुपए आरटीजीएस के माध्यम से खाते में ट्रांसफर किए गए हैं। बाद में चित्सिक को पता चला कि आरोपी युवक ने हाउसिंग बोर्ड के उक्त भूखण्ड के फर्जी दस्तावेज तैयार कर उन्हें बेचा है। इतना ही नहीं इससे वह कई लोगों को भूखण्ड बेच चुका है। चिकित्सक ने रकम लौटाने को कहा तो आरोपी ने आना कानी शुरू कर दी। कुछ समय बाद उसने रकम लौटाने से इनकार कर दिया। इस मामले को लेकर चिकित्सक ने थाना पुलिस को लिखित में आवेदन देकर शिकायत की थी। आवेदन की जांच के बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया। पुलिस का कहना है जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।


**कार्यालय कार्यपालन यंत्री, निर्माण संभाग क्रमांक-1, राजधानी परियोजना प्रशासन, लो. नि.वि., ई-5, अरेरा कालोनी, भोपाल**

**निविदा आमंत्रण सूचना**

निम्नलिखित कार्य हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती है । उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://www.mptenders.gov.in पर उपलब्ध है-

| स. क्रं. | टेन्डर नं | निविदा क्रं. एवं दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत (लाख में) | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र मूल्य | निविदा प्रपत्र ऑनलाईन विक्रय, डाऊनलोड की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2023_CPA_ 296189 | 52 /SAC dt. 02.08.23 | अरेरा हिल्स पुस्तक भवन भोपाल के सामने नाली के समीप पेविंग ब्लाक लगाने का कार्य | Rs.19.98 | Rs.39,960.00 | Rs.2,000 | 22.08.2023 |
| 2 | 2023_CPA_ 296194 | 53 /SAC dt. 02.08.23 | सुयोग इन्क्लेव चूना भट्टी भोपाल में फुटपाथ एवं नाली मरम्मत का कार्य | Rs.19.98 | Rs.39,960.00 | Rs.2,000 | -तदैव- |
| 3 | 2023_CPA_ 296196 | 54 /SAC dt. 02.08.23 | सी.आई. इन्क्लेव से जी.एस. राजपूत गेट कोलार रोड के समीप फुटपाथ एवं नाली मरम्मत का कार्य | Rs.19.98 | Rs.39,960.00 | Rs.2,000 | -तदैव- |
| 4 | 2023_CPA_ 296199 | 55 /SAC dt. 02.08.23 | कोलार रोड से सुरेन्द्र स्टेट चूना भट्टी पर पेच रिपेयर एवं नाली मरम्मत का कार्य | Rs.19.98 | Rs.39,960.00 | Rs.2,000 | -तदैव- |
| 5 | 2023_CPA_ 296201 | 56 /SAC dt. 02.08.23 | संभाग क्रमांक-1, राज. परि. प्रशा. लो.नि.वि. के अधीन विविध मार्गो पर पेच रिपेयर एवं नाली मरम्मत कार्य | Rs.19.98 | Rs.39,960.00 | Rs.2,000 | -तदैव- |
| 6 | 2023_CPA_ 296204 | 57 /SAC dt. 02.08.23 | अरेरा हिल्स तिलहन संघ भोपाल के सामने नाली के समीप पेविंग ब्लाक लगाने का कार्य | Rs.19.98 | Rs.39,960.00 | Rs.2,000 | -तदैव- |
| 7 | 2023_CPA_ 296205 | 58 /SAC dt. 02.08.23 | अरेरा हिल्स निर्माण भवन भोपाल के सामने नाली के समीप पेविंग ब्लाक लगाने का कार्य | Rs.19.98 | Rs.39,960.00 | Rs.2,000 | -तदैव- |
| 8 | 2023_CPA_ 296206 | 59 /SAC dt. 02.08.23 | कोलार रोड से ग्लोबस फेब सिटी चूना भट्टी मार्ग पर पेच रिपेयर एवं नाली मरम्मत का कार्य | Rs.19.98 | Rs.39,960.00 | Rs.2,000 | -तदैव- |
| 9 | 2023_CPA_ 296207 | 60 /SAC dt. 02.08.23 | उपसंभाग क्रमांक-6, राज. परि. प्रशा. लो.नि.वि. के अधीन केरिजवे मरम्मत, नाली मरम्मत एवं मार्ग पर शोल्डर का कार्य | Rs.19.98 | Rs.39,960.00 | Rs.2,000 | -तदैव- |
| 10 | 2023_CPA_ 296208 | 61 /SAC dt. 02.08.23 | उपसंभाग क्रमांक-8, राज. परि. प्रशा. लो.नि.वि. के अधीन केरिजवे मरम्मत, नाली मरम्मत एवं मार्ग पर शोल्डर का कार्य | Rs.19.98 | Rs.39,960.00 | Rs.2,000 | -तदैव- |
| 11 | 2023_CPA_ 296211 | 62 /SAC dt. 02.08.23 | चिनार उद्यान में विविध मरम्मत गार्डन सामग्री प्रदाय का कार्य | Rs.19.90 | Rs.39,800.00 | Rs.2,000 | -तदैव- |
| 12 | 2023_CPA_ 296212 | 63 /SAC dt. 02.08.23 | हर्षवर्धन नगर भोपाल स्थित ईडब्ल्यूएस-1 से 200 तक फुटपाथ एवं नाली मरम्मत का कार्य | Rs.19.85 | Rs.39,700.00 | Rs.2,000 | -तदैव- |
| 13 | 2023_CPA_ 296213 | 64 /SAC dt. 02.08.23 | हर्षवर्धन नगर भोपाल स्थित नगर निगम आफिस से राजमाता सिंधिया मैदान तक फुटपाथ एवं नाली मरम्मत का कार्य | Rs.19.82 | Rs.39,640.00 | Rs.2,000 | -तदैव- |
| 14 | 2023_CPA_ 296214 | 65 /SAC dt. 02.08.23 | हर्षवर्धन नगर भोपाल स्थित एलआईजी-20 से 155 तक फुटपाथ एवं नाली मरम्मत का कार्य | Rs.19.87 | Rs.39,740.00 | Rs.2,000 | -तदैव- |
| 15 | 2023_CPA_ 296216 | 66 /SAC dt. 02.08.23 | हर्षवर्धन नगर भोपाल स्थित दरगाह से शिव मंदिर तक फुटपाथ एवं नाली मरम्मत का कार्य | Rs.19.92 | Rs.39,840.00 | Rs.2,000 | -तदैव- |
| 16 | 2023_CPA_ 296217 | 67 /SAC dt. 02.08.23 | प्रकाश स्वीमिंग पूल भोपाल में फिल्टर प्लांट, मशीनरी मरम्मत, पूल मटेरियल लिक्वीड क्लोरिन गैस सिलेडर प्रदाय का कार्य | Rs.19.96 | Rs.39,920.00 | Rs.2,000 | -तदैव- |
| 17 | 2023_CPA_ 296511 | 68 /SAC dt. 02.08.23 | प्रकाश स्वीमिंग पूल भोपाल स्टेयर रूम के ऊपर आर.सी.सी. स्लैब का पुनर्निर्माण का कार्य | Rs.13.15 | Rs.26,300.00 | Rs.2,000 | -तदैव- |
| 18 | 2023_CPA_ 296515 | 69 /SAC dt. 02.08.23 | प्रकाश स्वीमिंग पूल भोपाल में केमीकल्स एवं पानी की गुणवत्ता हेतु क्लीनिंग सामग्री प्रदाय का कार्य | Rs.10.00 | Rs.20,000.00 | Rs.2,000 | -तदैव- |

उपरोक्त वेबसाईट से ऑनलाईन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेन्डर डोक्यूमेंट) वेबसाईट के माध्यम से प्राप्त हो सकेंगे। निविदा प्रपत्र क्रय, डाउनलोड एवं आनलाइन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 22.08.2023 सायं 5.30 बजे निर्धारित है । विस्तृत एनआईटी एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाईट में देखी जा सकती है ।

जी-18031/23

**कार्यपालन यंत्री**
**निर्माण संभाग क्रमांक-1,राजधानी परियोजना प्रशासन, लो.नि.वि.**
**ई-5 अरेरा कॉलोनी भोपाल 0755-2464382**


## स्कूल परिसर में किया पौधरोपण



**भोपाल, देशबन्धु।** पुलिस कंट्रोल रुप भोपाल में कानून व्यवस्था ड्यूटी हेतु तैनात 29 वीं वाहिनी बिसबल दतिया की बी बंपनी की ओर से शासकीय महाराणा प्रताण उत्तर माध्यमिक विद्यालय जहांगीराबाद में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान 29 वीं वाहिनी बिसबल दतिलया के सेनानी मनोहर सिंह मण्डलोई ने बी कंपनी प्रभारी जयशियाराम, स्कूल प्राचार्य सुमति त्रिपाठी एवं स्कूल स्टाफ व विद्यार्थियों के साथ स्कूल परिसर में पौधे रोपे।


**ZUARI FARMHUB LTD.**
Regd. Office: Jai Kisaan Bhawan, Zuarinagar, Goa - 403726, INDIA

**उर्वरकों के पानी में 100% घुलनशील मिश्रण के भंडारण और बिक्री के लिए सूचना**

हमें आप सभी को यह सूचित करते हुए हर्ष हो रहा है कि कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय द्वारा दिनांक 24 अक्टूबर 2015 को जारी किए गए आदेश संख्या 2900 (ई) के संदर्भ को ध्यान में रखते हुए एवं उसमें हुए संशोधन के पश्चात, जुआरी फार्महब लिमिटेड (जेडएफएल) मध्य प्रदेश में नीचे दिए गए उर्वरकों के पानी में 100% घुलनशील मिश्रण के भंडारण और उसकी बिक्री प्रारंभ करेगा।

FarmHUB

| | Grades | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 | 15 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | Specification / Composition | NPKS with Micronutrients 15:10:15:05 | NPKS with Micronutrients 12:08:24:03 | NPKS with Micronutrients 05:05:44:7.0 | NPKS with Micronutrients 00:20:40:8.0 | NPK with Micronutrients 05:25:35 | NPK 15:10:15 | NPK 12:08:24 | NPK 05:05:44 | NPK 00:20:40 | NPK 05:25:35 | NPK 15:15:15 | NPK 05:25:15 | NPK 06:12:36 | NPK 28:28:0 | NPK 14:14:14 |
| 1 | Moisture per cent by weight, maximum | 0.5 | 0.5 | 0.5 | 0.5 | 0.5 | 0.5 | 0.5 | 0.5 | 0.5 | 0.5 | 0.5 | 0.5 | 0.5 | 0.5 | 0.5 |
| 2 | Total Nitrogen per cent by weight, minimum | 15.0 | 12.0 | 5.0 | - | 5.0 | 15.0 | 12.0 | 5.0 | - | 5.0 | 15.0 | 5.0 | 6.0 | 28.0 | 14.0 |
| 3 | Water soluble Phosphorous(as P2O5) per cent by weight, minimum | 10.0 | 8.0 | 5.0 | 20.0 | 25.0 | 10.0 | 8.0 | 5.0 | 20.0 | 25.0 | 15.0 | 25.0 | 12.0 | 28.0 | 14.0 |
| 4 | Water soluble Potassium(as K2O) per cent by weight, minimum | 15.0 | 24.0 | 44.0 | 40.0 | 35.0 | 15.0 | 24.0 | 44.0 | 40.0 | 35.0 | 15.0 | 15.0 | 36.0 | - | 14.0 |
| 5 | Sodium(as Nacl) per cent by weight on dry basis, maximum | 0.5 | 0.5 | 0.5 | 0.5 | 0.5 | 0.5 | 0.5 | 0.5 | 0.5 | 0.5 | 0.5 | 0.5 | 0.5 | 0.5 | 0.5 |
| 6 | Matter insoluble in water per cent by weight, maximum | 0.5 | 0.5 | 0.5 | 0.5 | 0.5 | 0.5 | 0.5 | 0.5 | 0.5 | 0.5 | 0.5 | 0.5 | 0.5 | 0.5 | 0.5 |
| 7 | Sulphur (as S) per cent by weight, minimum | 5.0 | 3.0 | 7.0 | 8.0 | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - |
| 8 | Magnesium(as MgO) per cent by weight, minimum | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - |
| 9 | Zinc (as Zn) per cent by weight, minimum | 1.0 | 1.0 | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - |
| 10 | Iron (as Fe) per cent by weight, minimum | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - |
| 11 | Boron(as B) per cent by weight, minimum | 0.5 | 0.5 | 0.1 | 0.1 | 0.1 | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - |
| 12 | Molybdenum (as Mo) per cent by weight, minimum | - | 0.001 | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - |
| 13 | Total chloride(as Cl) per cent by weight on dry basis, max | 1.5 | 1.5 | 1.5 | 1.5 | 1.5 | 1.5 | 1.5 | 1.5 | 1.5 | 1.5 | 1.5 | 1.5 | 1.5 | 1.5 | 1.5 |
| 14 | Lead(as Pb) per cent by weight, maximum | 0.003 | 0.003 | 0.003 | 0.003 | 0.003 | 0.003 | 0.003 | 0.003 | 0.003 | 0.003 | 0.003 | 0.003 | 0.003 | 0.003 | 0.003 |
| 15 | Cadmium(as Cd) per cent by weight, maximum | 0.0025 | 0.0025 | 0.0025 | 0.0025 | 0.0025 | 0.0025 | 0.0025 | 0.0025 | 0.0025 | 0.0025 | 0.0025 | 0.0025 | 0.0025 | 0.0025 | 0.0025 |
| 16 | Arsenic(as As) per cent by weight, maximum | 0.01 | 0.01 | 0.01 | 0.01 | 0.01 | 0.01 | 0.01 | 0.01 | 0.01 | 0.01 | 0.01 | 0.01 | 0.01 | 0.01 | 0.01 |

भोपाल, गुरूवार 10 अगस्त 2023

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

# संसद में भारत माता की तलाश

यह वाकई दुखद है कि आजादी के बहुप्रचारित अमृत काल को पार करने के बाद भी देश और नागरिकों की सर्वोच्च प्रतिनिधि कही जाने वाली संसद असली 'भारत माता' को नहीं जानती। उत्तर-पूर्वी राज्य मणिपुर में जारी हिंसा को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ लाये गये अविश्वास प्रस्ताव के दौरान लोकसभा में हुई बहस से तो ऐसा ही महसूस होता है कि अब भी हमारे अधिकतर जन प्रतिनिधि इस बात से पूर्णत: अनभिज्ञ हैं कि आखिर भारत माता कौन है। यह सवाल तब उठा जिस समय कांग्रेस के नेता राहुल गांधी ने कहा कि मणिपुर में 'भारत माता की हत्या हुई है।'

मोदी और उनके कारोबारी मित्र गौतम अदानी के रिश्तों को लेकर बेबाकी से प्रश्न उठाने वाले राहुल मोदी सरकार और पूरी भारतीय जनता पार्टी की स्वाभाविकत: आंखों की किरकिरी बने हुए हैं। मोदी सरनेम पर कर्नाटक की एक चुनावी टिप्पणी को लेकर उन पर दर्ज मुकदमे पर सुनाई सजा के कारण मार्च में उनकी सांसदी निलम्बित हो गयी थी। सुप्रीम कोर्ट द्वारा उनकी सजा पर रोक लगा देने के बाद उनकी सदस्यता बहाल कर दी गयी थी। फलत: वे सोमवार से फिर लोकसभा में अपनी सीट पर नज़र आये। इस बीच कांग्रेस समेत विपक्षी गठबन्धन इंडिया ने मोदी के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाया है, जिस पर तीन दिवसीय बहस जारी है। अनुमानों के विपरीत राहुल ने प्रस्ताव पर पहले दिन यानी मंगलवार को न बोलकर अपना वक्तव्य बुधवार को दिया। अपेक्षा के मुताबिक उन्होंने वहीं से अपने भाषण की शुरुआत की जहां उन्होंने पिछली बार छोड़ा था; यानी गौतम अदानी को लेकर। उन्होंने उसमें मणिपुर को भी जोड़ा जो चर्चा का केन्द्रीय विषय है। साथ ही हरियाणा की हिंसा की बात भी छेड़ते हुए आरोप लगाया कि 'आप पूरे देश को जलाने में लगे हो।'

शीर्ष अदालत में जीत दर्ज कराने और खोया शासकीय आवास फिर से पा लेने का विजयी भाव तो उनकी मुद्रा और व्यवहार में नज़र नहीं आया परन्तु भाजपा की खीझ और अपराध भाव के दर्शन चर्चा के पहले दिन ही होने लग गये थे। बहस को असम के सांसद गौरव गोगोई की ओर से शानदार शुरुआत मिलने से और भी परेशान भाजपा की झुंझलाहट निशिकांत दुबे के बयान में देखने को मिली जब उन्होंने व्यक्तिगत छींटाकशी करते हुए कहा कि 'सोनिया गांधी यहां बेटे को सेट करने और दामाद को भेंट करने के लिये बैठी हैं।'

इस घटिया टिप्पणी को शालीनता से दरकिनार करने वाली राहुल की मां का उल्लेख बुधवार को फिर से हुआ जब राहुल ने मणिपुर की भयावह स्थिति का वर्णन करते हुए इस बात का जिक्र किया कि 'मोदी उस हिंसाग्रस्त राज्य में नहीं गये क्योंकि वे मणिपुर को भारत का हिस्सा ही नहीं मानते।' भाजपा सरकार द्वारा वहां अपनाई गयी विभाजनकारी नीति की कड़ी आलोचना करते हुए राहुल ने कहा कि 'एक मेरी मां यहां बैठी हैं और दूसरी मां मणिपुर है जिसकी आप ने हत्या की है।' उन्होंने अपने भाषण में रामायण का संदर्भ देते हुए यह भी जोड़ा कि 'जैसे रावण केवल कुम्भकर्ण और मेघनाद की ही बात मानता था, वैसे ही मोदी केवल अमित शाह (केन्द्रीय गृह मंत्री) और अदानी की बात मानते हैं।' राहुल ने मोदी पर भारत माता की हत्या का आरोप लगाया, जो सांकेतिक अर्थ में था।

अमेठी लोकसभा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में उनकी प्रतिद्वंद्वी स्मृति ईरानी ने मौके को लपकते हुए इसे अपने भाषण का मुद्दा बना दिया। उन्होंने कहा कि 'जब राहुल कह रहे थे कि भारत माता की हत्या की जा रही है तो कांग्रेसी तालियां पीट रहे थे।' सवाल यह है कि राहुल गांधी के लिये आखिर भारत माता कौन है और स्मृति ईरानी किसे भारत माता मानती हैं। राहुल के परनाना व देश के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान अहमदनगर जेल में लिखी अपनी प्रसिद्ध किताब 'हिन्दुस्तान की कहानी' में बतलाया है कि 'कभी ऐसा भी होता है कि मैं किसी जलसे में पहुंचता हूं तो मेरा स्वागत 'भारत माता की जय!' के साथ होता है। मैं लोगों से अचानक पूछ बैठता हूं कि इस नारे का मतलब क्या है? यह भारत माता कौन है, जिसकी वे जय चाहते हैं?' आगे नेहरू लिखते हैं कि 'जब उन्हें जवाब नहीं सूझता तो मैं ही उन्हें बताता हूं कि हिन्दुस्तान की नदी, पहाड़, जंगल, खेत जो हमें अन्न देते हैं वे सारे हमें अज़ीज़ हैं लेकिन आखिरकार जिनकी गिनती है, वे हैं हिन्दुस्तान के लोग। उनके और मेरे जैसे लोग जो इस सारे देश में फैले हुए हैं। भारत माता दरअसल यही करोड़ों लोग हैं और 'भारत माता की जय!' से मतलब हुआ इन लोगों की जय। मैं उन लोगों से कहता हूं कि तुम इस भारत माता के अंश हो, एक तरह से तुम ही भारत माता हो।'

असली मतांतर यही है कि राहुल लोगों में ही भारत माता को देखते हैं जबकि स्मृति ईरानी जिस विचारधारा की नुमाइंदगी करती हैं वह भारत माता को एक दैवीय स्वरूप में परिकल्पित कर जनता के भौतिक दायित्वों से मुक्त हो जाती हैं। जनता जनार्दन में भारत माता को देखने का अर्थ है उसकी ज़रूरतों को समझते हुए उसकी तरक्की व खुशहाली के प्रति दायित्वबोध और उसके सुख-दुख में शामिल होना। भारत माता को ईश्वरीय रूप देने का उद्देश्य उसके नाम से लोगों का भावनात्मक दोहन कर उसका सियासी लाभ लेना है। भारत में जारी विचारधाराओं के बीच जारी मौजूदा संघर्ष का यह महीन पहलू है जिसे स्मृति ईरानी को नहीं जनता को समझना होगा।

# बिल्किस बानो से राखी बंधवा लें मोदीजी

## दुनियादारी

■ सर्वमित्रा सुरजन

रक्षाबंधन में अभी काफी दिन हैं, अगर प्रधानमंत्री जी का कोई कार्यक्रम अब तक सुनिश्चित न हुआ हो कि वे इस बार देश के किस कोने में पहुंचकर, किस तबके की महिलाओं से राखी बंधवाने वाले हैं, तो उन्हें सलाह है कि इस बार वे अपने गृहराज्य चले जाएं। वहां बिल्किस बानो रहती हैं। श्री मोदी इस बार बिल्किस बानो से रक्षासूत्र बंधवा लें तो अमृतकाल का यह अमृत क्षण बन कर देश के इतिहास में सदा के लिए अमृत स्मृति बन जाएगा। बिल्किस बानो मुस्लिम महिला हैं, तो उनसे राखी बंधवाकर श्री मोदी अपने ही वचनों को सार्थक करेंगे। इस तरह मोदीजी, पर उपदेश कुशल बहुतेरे। जे आचरहिं ते नर न घनेरे की मिसाल भी अपने सांसदों के सामने पेश कर सकते हैं। हाल ही में दो बैठकों में उन्होंने भाजपा और एनडीए के नेताओं से मुस्लिम महिलाओं के साथ रक्षाबंधन का त्योहार मनाने को कहा है, ताकि वे सुरक्षित महसूस कर सकें। तो इसकी शुरुआत उन्हें ही करना चाहिए। वैसे सवाल किया जा सकता है कि आखिर 9 सालों में मोदी सरकार ऐसा माहौल क्यों नहीं बना पाई कि मुस्लिम या किसी भी तबके की महिलाएं सुरक्षित महसूस कर सकें। सवाल ये भी है कि महिलाओं को सुरक्षित महसूस करवाने के लिए उनसे राखी बंधवाने की क्या जरूरत। क्या मोदीजी भी राखी के त्योहार को केवल इसी नजरिए से देखते हैं कि भाई की कलाई पर रक्षासूत्र इसलिए बांधा जाता है ताकि वो बहन की हिफाजत कर सके। क्या महिलाएं अपनी हिफाजत खुद करने के काबिल नहीं हैं। अगर नहीं हैं, तो क्या उन्हें इस काबिल नहीं बनाया जाना चाहिए। मोदी सरकार जिस महिला सशक्तीकरण और नारी शक्ति की बात करती रही है, क्या वो केवल जुबानी और कागजी थीं, उनका हकीकत से कोई वास्ता नहीं था।

खैर महिलाओं की रक्षा हो न हो, महिलाएं रोज प्रताड़ना का शिकार होती रहीं, फिर भी रक्षाबंधन का त्योहार तो जैसे सदियों से मनता आया है वैसे ही आगे भी चलता रहेगा। अभी पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव होने हैं और फिर अगले साल आम चुनाव हैं, जिसमें इस बार भाजपा को इंडिया से मुकाबला करना है, तो अब भाजपा इसके लिए नयी-नयी तिकड़में भिड़ाने में लगी है। इंडिया यानी 26 दलों के गठबंधन में एकता बनी रही और आगे कुछ और दल इसमें शामिल हो गए, तो फिर भाजपा का लोकसभा में 3 सौ पार का सपना धरा का धरा रह जाएगा। अब तो राहुल गांधी मानहानि की सजा से मुक्त हो चुके हैं, और संसद भी फिर से आ गए हैं। इससे मोदी सरकार की मुश्किलें और बढ़ेंगी, ये तय है। राजनैतिक मुश्किलों का समाधान राजनैतिक तरीकों से ही निकालने की कोशिश करनी चाहिए। मगर मोदीजी इसमें घालमेल करने में लगे हैं। राम मंदिर बनना शुरु हो चुका है, जिसका उद्घाटन अगले साल की पहली तारीख को शायद हो जाए। काशी में ज्ञानवापी मस्जिद में एएसआई सर्वे करने में लगी है। मथुरा की शाही ईदगाह भी कतार में है। तो अयोध्या, मथुरा, काशी के बाद हिंदुत्व को और कैसे भुनाया जाए, इसकी तलाश भाजपा कर रही होगी। हिंदुओं के साथ-साथ आदिवासियों के लिए भाजपा जाल बिछा ही चुकी है। इधर पसमांदा मुस्लिमों को अपने पाले में करने की कोशिश भाजपा कर रही है। इसके साथ ही मुस्लिम महिलाओं की याद भी श्री मोदी को आ गई। इस याद का सीधा संबंध चुनावों से है, इंडिया के गठन से है।

जब मुस्लिम महिलाओं से ही राखी बंधवानी है, तो मोदीजी को बिल्किस बानो से राखी बंधवा कर इसकी शुरुआत करना चाहिए। उनके मुख्यमंत्री रहते हुए ही गुजरात दंगों में बिल्किस बानो के साथ सामूहिक बलात्कार किया गया था। उनके परिवार के लोगों को उनकी आंखों के सामने मारा गया था। बलात्कारी और हत्यारे बिल्किस के गांव के ही थे और वो उनसे हाथ जोड़ कर रहम की अपील करती रहीं कि वो उनकी बहन के समान हैं। लेकिन अपराधियों ने बिल्किस को एक मुस्लिम और एक महिला की तरह ही देखा, जिस पर वो बल प्रयोग कर सकते थे। अपने अपराधियों को जेल की सलाखों के पीछे पहुंचवाने में बिल्किस को दो दशकों का लंबा वक्त लग गया। इस दौरान उनका आत्मसम्मान चकनाचूर किया गया, उनके मामूली सपनों तक को रौंद दिया गया। इतना काफी नहीं था तो अच्छे आचरण का हवाला देते हुए बिल्किस के बलात्कारियों को पिछले साल जेल से छोड़ भी दिया गया और बाकायदा उनका फूल माला के साथ स्वागत किया गया। भाजपा के नेता ने इन लोगों को संस्कारी ब्राह्मण तक कहा था। बिल्किस बानो के गुनहगारों को दोषी ठहराने और सजा देने वाले निचली अदालत के जज यूडी साल्वी, जो अब सेवानिवृत्त हो चुके हैं, उन्होंने गुनहगारों के जेल से बाहर निकलने और इस पर मिठाई बांटे जाने, माला पहनाकर स्वागत किए जाने को लेकर कहा था कि ये सही नहीं है। लेकिन मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट में इस मामले पर दायर याचिकाओं पर सुनवाई के दौरान भारत के एडिशनल सॉलिसिटर जनरल एस वी राजू ने पूछा, जेल से बाहर आने वाले परिवार के सदस्य को माला पहनाने में क्या गलत है?

इस एक सवाल से मोदी सरकार की महिला सुरक्षा और नारी सम्मान के दावों की हकीकत सामने आ जाती है। उसूलों और हक की बात करने के लिए जेल जाना और रिहाई पर फूलों से स्वागत अलग बात है। लेकिन अगर कोई चोरी, हत्या या बलात्कार जैसे गंभीर अपराध के लिए जेल जाए क्या तब भी वो स्वागत के काबिल माना जाएगा। अपराधियों को इज्जत बख्शने का ये कौन सा नया चलन देश में चलाया जा रहा है। एस वी राजू जिन लोगों को माला पहनाने को सही ठहरा रहे हैं, उन पर एक महिला से सामूहिक बलात्कार और 14 लोगों की हत्या का दोष है। अगर ऐसे लोगों को माला पहनाना सही है, तो फिर इस बात पर भी आश्चर्य नहीं होगा, अगर अगले चुनावों में इन लोगों को टिकट मिल जाए, हत्या और बलात्कार को इनकी योग्यता बताया जाए। एक ओर बलात्कारियों के स्वागत का माहौल बनाया जा रहा है, दूसरी ओर मुस्लिम महिलाओं से राखी बंधवाने की रणनीति बन रही है। राजनीति की ऐसी तिकड़में न्यू इंडिया को और कैसा इंडिया बनाएंगी, ये सोच कर ही डर लगता है। वैसी इसकी मिसाल मणिपुर मामले में मिल ही चुकी है।

> हरियाणा में दंगों की आग भड़क गई थी और अब वहां कई जगहों पर मुस्लिमों का आर्थिक और सामाजिक बहिष्कार करने का ऐलान पोस्टरों के भाषणों के जरिए किया जा रहा है। मध्यप्रदेश के अशोक नगर में ग्राम पंचायत धोरा के चार गांवों में सरपंच के कहने पर ईसाई और मुस्लिम व्यापारियों के प्रवेश को रोक दिया गया है। देश में चारों ओर असुरक्षा का माहौल बन रहा है, मोदीजी किस-किस को राखी बांधने और बंधवाने की सलाह देंगे।

इस मामले को लेकर अब इंडिया के अविश्वास प्रस्ताव का सामना मोदी सरकार कर रही है। बुधवार को राहुल गांधी ने अपने संक्षिप्त लेकिन तीखे भाषण में मोदी सरकार पर गंभीर इल्जाम लगाया है कि आप भारत माता की हत्या कर रहे हैं। भाजपा उनके शब्दों को पकड़कर उन्हें घेरने की कोशिश कर रही है। और उस भावना से लोगों का ध्यान भटका रही है, जो राहुल गांधी ने इस इल्जाम के जरिए प्रकट की। श्री गांधी मणिपुर के लोगों, वहां की महिलाओं के दर्द पर मोदी सरकार से जवाब मांग रहे थे और वो उस वक्त शोर-शराबा करती हुई राजस्थान और प.बंगाल का नाम ले रही थी। इसी से समझ आता है कि मणिपुर के समाधान में मोदी सरकार की कोई दिलचस्पी नहीं है। भाजपा की दिलचस्पी केवल चुनाव जीतने में है। और इसी वजह से ध्रुवीकरण का खेल शुरु हो चुका है। मणिपुर में दो समुदाय आपस में तीन महीनों से हिंसक तरीके से टकरा रहे हैं। हरियाणा में दंगों की आग भड़क गई थी और अब वहां कई जगहों पर मुस्लिमों का आर्थिक और सामाजिक बहिष्कार करने का ऐलान पोस्टरों के भाषणों के जरिए किया जा रहा है। मध्यप्रदेश के अशोक नगर में ग्राम पंचायत धोरा के चार गांवों में सरपंच के कहने पर ईसाई और मुस्लिम व्यापारियों के प्रवेश को रोक दिया गया है।

देश में चारों ओर असुरक्षा का माहौल बन रहा है, मोदीजी किस-किस को राखी बांधने और बंधवाने की सलाह देंगे। इस की जगह वे संविधान की भावना के मुताबिक देश को चलाने की कोशिश करेंगे, सबकी सुरक्षा का सूत्र वहीं मिलेगा।

# मणिपुर दंगे पर सर्वोच्च न्यायालय में मोदी सरकार के हलफनामे पर उठा सवाल

■ अरुण श्रीवास्तव

अपने विरोधियों और राजनीतिक शत्रुओं के खिलाफ अनैतिक और निराधार टिप्पणियां करना और हमेशा धरातल की सच्चाइयों से इनकार की मुद्रा में रहना, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रमुख विशेषता रही है। जाहिर है, मणिपुर में लावारिस शवों के निस्तारण के मामले में मोदी सरकार की ओर से सर्वोच्च न्यायालय के समक्ष सॉलिसिटर जनरल (एसजी) तुषार मेहता की दलीलें इसी विशेषता को दर्शाती हैं।

मुर्दाघरों में लावारिस पड़ी लाशों के प्रति भी पूरी तरह से असंवेदनशीलता और चिंता की कमी का प्रदर्शन करते हुए, मेहता ने यह स्वीकार करने के बजाय कि शव भारतीयों के थे, अदालत को बताया कि जातीय हिंसा के अधिकांश लावारिस शव तथाकथित विदेशी 'घुसपैठियों' के हैं। एसजी मेहता की इस एकल-पंक्ति प्रस्तुति ने मणिपुर के लोगों, विशेषकर कुकी महिलाओं को तबाह कर दिया है।

केंद्र और मणिपुर दोनों सरकारों की ओर से पेश हुए मेहता ने 1 अगस्त को सुप्रीम कोर्ट को बताया कि 'अधिकांश लावारिस शव घुसपैठियों के हैं'। यह अपमानजनक टिप्पणी करने के लिए उनके पास क्या बुनियादी जानकारी या सबूत थे? यह अभी तक रिकॉर्ड में दर्ज नहीं किया गया है। सरकार के सर्वोच्च कानूनी अधिकारी होने के नाते, उन्हें अपनी टिप्पणियों में कुछ हद तक संयम रखना चाहिए था।

उनकी टिप्पणी से मणिपुर की महिलाएं इस हद तक आहत हुई हैं कि शायद न्यायिक इतिहास में पहली बार मणिपुर के कुकी-हमार-ज़ोमी समुदाय की महिला संगठन ने सुप्रीम कोर्ट में मेहता द्वारा की गयी इस टिप्पणी को वापस लेने की मांग की है।

> महिलाओं का संगठन, कुकी-हमार-ज़ोमी समुदाय, शवों को चूड़ाचांदपुर लाने के लिए बार-बार मांग कर रहा है, लेकिन 'कोई असर नहीं हुआ'। मणिपुरवासी पर्याप्त सबूत पेश किए बिना मारे गये भारतीय नागरिकों को 'घुसपैठिए या अवैध प्रवासी' कहने पर एसजी मेहता और सरकारी अधिकारियों से नाराज हैं। उनके अनुसार, 'यह एक गंभीर मामला है और यह झूठ बोलने और अदालत को गुमराह करने के समान है।

एक अन्य बयान में, यूएनएयू आदिवासी महिला मंच, दिल्ली-एनसीआर ने कहा कि मणिपुर के कुकी-हमार-ज़ोमी समुदाय की माताएं, जो समूह का प्रतिनिधित्व करती हैं, सॉलिसिटर जनरल द्वारा की गयी टिप्पणियों से 'गहराई से आहत और भयभीत' हैं। 'देश के सॉलिसिटर जनरल की ऐसी ढीली और निराधार टिप्पणी अशोभनीय, अस्वीकार्य और घृणित है।' समूह ने अपने बयान में कहा, 'यह मृतकों के परिवारों के लिए बेहद दुखद है, जो आज तक अपने प्रियजनों का अंतिम संस्कार करने में असमर्थ हैं।'

प्रधानमंत्री मोदी और उनके सहयोगियों के मन में ईसाई कुकियों के प्रति तीव्र घृणा की भावना राज्य सरकार के अधिकारियों द्वारा शवों को उनके रिश्तेदारों को सौंपने की अनिच्छा में भी प्रकट होती है, जो शवों को अंतिम संस्कार के लिए घर ले जाने के लिए दर-दर भटक रहे हैं। जहां एक ओर शव इंफाल के मुर्दाघरों में पड़े हुए हैं, वहीं शोक संतप्त परिवार मौजूदा सुरक्षा स्थिति के कारण शवों तक पहुंचने में असमर्थ हैं, जिसमें अगर वे शवों को निकालने की कोशिश करेंगे तो 'उन्हें निश्चित मौत का सामना करना पड़ेगा'।

महिलाओं का संगठन, कुकी-हमार-ज़ोमी समुदाय, शवों को चूड़ाचांदपुर लाने के लिए बार-बार मांग कर रहा है, लेकिन 'कोई असर नहीं हुआ'। मणिपुरवासी पर्याप्त सबूत पेश किए बिना मारे गये भारतीय नागरिकों को 'घुसपैठिए या अवैध प्रवासी' कहने पर एसजी मेहता और सरकारी अधिकारियों से नाराज हैं। उनके अनुसार, 'यह एक गंभीर मामला है और यह झूठ बोलने और अदालत को गुमराह करने के समान है, और यह देश के दूसरे सर्वोच्च कानूनी कार्यालय का पद संभालने वाले किसी व्यक्ति को शोभा नहीं देता है'।

भारत के मुख्य न्यायाधीश ने टिप्पणी की : 'लेकिन अंतत:, जिनके साथ बलात्कार किया गया और जिनकी हत्या की गयी, वे हमारे लोग थे, है ना? इसलिए, हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि न्याय हो, बस इतना ही।'

दंगा पीड़ितों के प्रति प्रधानमंत्री मोदी की पूर्ण उदासीनता, राज्य का दौरा करने से इनकार करना और यहां तक कि पीड़ितों को सांत्वना देने से इनकार करना, राज्य के आदिवासियों और कुकियों को हैरान और अलग-थलग कर दिया है। एसजी मेहता की अप्रिय टिप्पणी ने उनके घावों पर नमक छिड़क दिया है, और इसलिए उन्होंने इस भयानक टिप्पणी को रद्द करने की मांग की है। जिस बात ने उन्हें सबसे अधिक आहत किया है वह यह है कि जहां प्रधानमंत्री मोदी ने उनकी गरिमा और शील की रक्षा के लिए कोई उपाय नहीं किया है, वहीं उनकी सरकार ने मृत आत्माओं को न्यूनतम मानवीय अधिकार देने की इच्छा भी व्यक्त नहीं की है। एक बयान में, यूएनएयू आदिवासी महिला मंच, दिल्ली-एनसीआर ने कहा कि समूह द्वारा प्रतिनिधित्व करने वाले मणिपुर के कुकी-हमार-ज़ोमी समुदाय की माताएं सॉलिसिटर जनरल द्वारा की गयी टिप्पणियों से 'गहराई से आहत और भयभीत' हैं।

इसके अलावा, एसजी तुषार मेहता के निराधार दावे ने सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) को भी मुश्किल में डाल दिया है। भारत-म्यांमार सीमा की सुरक्षा बीएसएफ की जिम्मेदारी है। इतनी बड़ी संख्या में अवैध घुसपैठियों का प्रवेश बीएसएफ की प्रभावकारिता और क्षमता पर सवालिया निशान लगाता है। फिर यदि वास्तव में ऐसा मामला है, तो केंद्रीय गृह मंत्रालय, जो कि बीएसएफ का बॉस है, को विस्तृत स्पष्टीकरण देना चाहिए कि इतनी बड़ी संख्या में घुसपैठिये पुलिस की मजबूत उपस्थिति के बावजूद भारतीय क्षेत्र में प्रवेश करने में कैसे कामयाब रहे?

वरिष्ठ वकील कॉलिन गोंसाल्वेज ने सर्वोच्च न्यायालय को बताया कि इंफाल के एक मुर्दाघर में महीनों से 118 शव अज्ञात पड़े थे। 'वे सड़ रहे हैं। हम वहां जाकर उनकी पहचान नहीं कर सकते। हमें पहचानने में मदद करने का कोई प्रयास नहीं किया जा रहा है', गोंसाल्वेज ने कहा। इस पर मुख्य न्यायाधीश चंद्रचूड़ ने कहा: 'आप 118 शवों को मुर्दाघर में अनिश्चित काल तक नहीं रख सकते।' अदालत ने एसजी मेहता से यह बताने के लिए कहा कि कितने शवों की पहचान की गयी है और कितने का पता लगाया जाना बाकी है।

कुछ स्थानीय रिपोर्टों में कहा गया है कि अधिकांश मृतक हिरासत में मौत के शिकार थे। ऐसे ही एक मामले में, 25 मई को एक एफआईआर दर्ज की गयी थी, लेकिन पीड़ित की मौत की जांच के लिए आज तक कोई कार्रवाई शुरू नहीं की गयी है, जो गिरफ्तारी के दिन से इंफाल में मणिपुर पुलिस की हिरासत में था। दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के अधिकार का यह हश्र हुआ।

यह गृह मंत्रालय और राज्य सरकार की खराब कार्यप्रणाली को दर्शाता है कि मणिपुर में जातीय हिंसा के तीन महीने बाद भी कम से कम 53 शव- जिनमें से ज्यादातर कुकी समुदाय के हैं- अभी भी इम्फाल पूर्व और पश्चिम के दो जिला अस्पतालों में लावारिस पड़े हुए हैं। इसके अलावा, मैतेई समुदाय के व्यक्तियों के तीन या चार शव चूड़ाचांदपुर के अस्पताल में लावारिस पड़े हुए हैं।

इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि मोदी सरकार ने मणिपुर के मृतकों और जीवितों दोनों को छोड़ दिया है। यह देखना बाकी है कि सर्वोच्च न्यायालय मृत आत्माओं के प्रति घोर अनादर दिखाने के लिए जिम्मेदार राजनेताओं, शासकों, अधिकारियों और पुलिस अधिकारियों के खिलाफ क्या कार्रवाई शुरू करता है।

मणिपुर पुलिस द्वारा प्रदर्शित नृशंस रवैया, गिरफ्तार किये गये लोगों के मानवाधिकारों की रक्षा करने में उनकी घोर विफलता और जिनके खिलाफ अभी तक आरोप पत्र दायर नहीं किया गया है, यह दर्शाता है कि कैसे उन्हें हिंदुत्व कट्टरता के पैदल सैनिकों में बदल दिया गया है। मणिपुर के मुख्यमंत्री बीरेन सिंह द्वारा 'नार्को-आतंकवादियों' और 'अवैध आप्रवासियों' पर युद्ध की आड़ में भयानक हिंसा को उचित ठहराना पुलिस की मिलीभगत और कुकियों के प्रति उनके पक्षपातपूर्ण रवैये को रेखांकित करता है।

मणिपुर में न तो मुख्यमंत्री और न ही पुलिस ने संविधान के प्रावधानों का पालन किया। ऐसी दो भयावह घटनाएं डल्लमथांग सुन्ताक और लालरेमरूट पुलमटे की मृत्यु से संबंधित हैं। उन्होंने 3 मई की देर शाम इंफाल से चूड़चांदपुर जाते समय मोइरांग पुलिस स्टेशन में सुरक्षा मांगी थी। दुर्भाग्य से,पुलिस के कार्रवाई करने से पहले ही भीड़ ने उन्हें पीट-पीटकर मार डाला। आशंका व्यक्त की जा रही है कि पुलिस ने उन्हें भीड़ को सौंप दिया था (जैसा कि उन्होंने वायरल वीडियो की पीड़ित महिलाओं के साथ किया था, जिसने लैंगिक हिंसा की भयावहता को सामने ला दिया था), पर सच्चाई जानना कठिन है। वास्तव में चौंकाने वाली बात राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) की गहरी चुप्पी है, जो अन्यथा विपक्ष के नेतृत्व वाली सरकारों की खिंचाई करने में काफी सक्रिय रहा है, लेकिन इन घृणित घटनाओं पर अपनी आवाज नहीं उठायी या स्वत: संज्ञान जांच शुरू नहीं की।

## पावन प्रसंग

# भारतीय दर्शन की विश्वव्यापी प्रभाव

भारतीय संस्कृति की ज्ञान-विज्ञान की धारा पूरे विश्व में अपना प्रभाव डालती रही है। अरब और यूनान के प्राचीन चिंतन में भारतीय दर्शन की स्पष्ट छाप मिलती है। यूनानी ईसा पूर्व तीसरी शताब्दी में भारत में यात्रा के दौरान उन्होंने देश के अध्यात्म का बड़े विस्तार से वर्णन किया है। उन्होंने भारतवर्ष के उन आध्यात्मिक मनुष्यों का भी वर्णन किया है, जो पर्वतों, मैदानों और कुंजों में निवास करते थे। मैक्समूलर लिखते हैं कि यूनानियों को जितना अधिक भारत की दार्शनिक प्रवृत्ति ने प्रभावित किया, उतना किसी अन्य ने नहीं। यह प्रवृत्ति रहस्यमयस देश की व्याप्त किए हुए प्रतीत होती थी। परवर्तीकाल में हम इस प्रभाव को और सघन एवं व्यापक रूप में देखते हैं। भारतीय विचारों पर सबसे पहले शोध करने वाले यूरोपी विद्वान अलेक्जेंडर थे, जिन्होंने सन् 1768 में अपनी पुस्तक हिस्ट्री ऑफ इंडिया में इस विषय पर विशद प्रकाश डाला। वारेन हेस्टिंग्स की प्रेरणा से भारतीय साहित्य का ज्ञान अर्जित करने वाले पहले अंग्रेज चार्ल्स विल्किन्स थे, जिन्होंने बंगाल में एशियाटिक सोसायटी की स्थापना की। सर विलियम जोन्स भारतीय विचारों के अध्ययन में अग्रणी थे, जो सन् 1783 में कलकत्ता (कोलकाता( उच्च न्यायालय के न्यायाधीश बनकर भारत आए थे।-

यहां की विचारधारा से प्रभावित बोकर उन्होंने कहा-यह मानवीय प्रतिभा का उर्वर उत्पत्तिस्थल है सन् 1784 में स्थापित एशियाटिक सोसायटी के वे आजीवन अध्यक्ष रहे। उन्होंने पहली बार घोषणा की कि संस्कृत-ग्रीक और लैटिन की अपेक्षा अधिक परिष्कृत भाषा है व इन दोनों जन्मदात्री भी है।

जोन्स के कार्य का सबसे अधिक प्रभाव भारतीय विचाराधाराओं के अध्ययन पर पड़ा। जीटी गैरेट के शब्दों में, उन्होंने इन विचारों पर जो रुचि जाग्रत की, उससे प्रेरित होकर विद्वान यहां के विचारों की खोज में ऐसे उत्साह के साथ प्रवृत्त हुए जैसे ऑस्ट्रेलिया के स्वर्णक्षेत्रों के प्रति अन्वेषक निकल पड़े हों। ऐसे विद्वानों में हेनरी टामस कोलब्रुक विशिष्ट थे। दर्शन के साथ कोलब्रुक ने भारत के वैज्ञानिक साहित्य पर भी अध्ययन किया, जिससे यूरोपियन विज्ञान व गणितशास्त्र में भारतीय उपलब्धियों का पहली बार प्रकाश पड़ा।

अठारहीं शताब्दी के प्रारंभ में फ्रांस भी भारतीय विचार प्रणाली में रूचि लेने लगा था। फ्रांस को भारतीय विचारधारा और इतिहास की जानकारी अरबी, फारसी, चीनी, ग्रीक और लेटिन पुस्तकों से होती रहती थी। इस संदर्भ में फ्रांस के बादशाह के पुस्तकालयाध्यक्ष बिगनन, अन्य विद्वान कालमेत, एनक्वेतिद्यु पेरों आदि का विशेष योगदान रहा। एनक्वेतिद्यु पेरो ने मुगल शहजादे दाराशिकोह के फारसी में अनूदित उपनिषदों का अनुवाद लेटिन भाषा में किया।

इसी क्रम में श्रीमदभागदगीता और उपनिषद के अनुवाद के साथ भारतीय दर्शन के मूल ग्रंथों के पाठ उपलब्ध हो गए। लियोनार्ड दि शेजी व उनके शिष्यों ने भी भारतीय विचारों के अध्ययन व प्रसार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। यूजीन बरनाफ व मैक्समूलर ने इस श्रृंखला में कार्य को और गति दी। इसी बीच सन 1822 में सोशियट एशिएटिक संस्था की स्थापना पेरिस में हुई, जिसके कारण बहुत से विद्वान भारतीय दर्शन में रूचि लेने लगे। जिसमें बरनाफ के सहकर्मी बार्थेलेमि दि संत हेलारी भी थे, जिन्होंने भारतीय दर्शन की न्याय व सांख्य शाखाओं में महत्वपूर्ण अध्ययन प्रकाशित किए।

सन 1868 में इकोल दे हांत एत्यूदे नाम से एक नया अध्ययन केन्द्र खुल गया, जिसमें आगस्त बार्थ और एवेल बरगाईन और एमिली सेनार्त ने ऋग्वेद पर विशद अध्ययन किया, जिसमें बरगाईन की प्रसिद्ध पुस्तक दि वैदिन रिलीजन एकॉर्डिंग टू दि हिम्स ऑफ ऋग्वेद उल्लेखनीय है। इसके बाद जर्मनों ने संयुकत और भारतीय दर्शन को अपनाया। जबकि उनके ब्रिटेन और फ्रांस की तरह भारत से कोई राजनीतिक संबंध नहीं थे।

**-अखण्ड ज्योति**

## आपके पत्र

# पर्यावरण के प्रति जागरूक होने की आवश्यकता

पिछले महीने जुलाई को धरती का अब तक का सबसे गर्म महीने के रूप में रिकॉर्ड किया गया है। एक तरफ जहां भारत और चीन सहित दुनिया के कई देश भीषण बाढ़ और प्राकृतिक आपदा की मार झेल रहे हैं, वहीं यूरोप के अधिकांश देश जंगलों में लगी भीषण आग से झुलस रहे हैं। दरअसल प्रकृति के इस रौद्र रूप के ज़िम्मेदार हम खुद इंसान हैं। विकास के नाम पर जंगलों और प्राकृतिक संसाधनों के अंधाधुंध दोहन ने धरती को खोखला कर दिया है. हालांकि एक तरफ जहां विकास के नाम विनाश जारी है तो वहीं दूसरी ओर पर्यावरण की रक्षा और इसके संरक्षण के लिए भी युद्ध स्तर पर अभियान चलाया जा रहा है। सतत विकास के तहत प्राकृतिक संसाधनों के उपयोग पर ज़ोर दिया जा रहा है।

वास्तव में, इंसान और पर्यावरण के बीच हमेशा से एक गहरा संबंध रहा है। प्रकृति के बिना कोई भी जीवन संभव ही नहीं है। ऐसे में प्रकृति के साथ इंसानों को तालमेल बिठाना होता है। लेकिन लगातार वातावरण दूषित हो रहा है जो हमारे जनजीवन को तो प्रभावित कर ही रहा है, साथ ही कई तरह की प्राकृतिक आपदाओं की भी वजह बन गया है। जबकि सुखी और स्वस्थ जीवन के लिए पर्यावरण का संरक्षण बेहद जरूरी है लेकिन यह तभी संभव है जब सभी में पर्यावरण के प्रति जागरूकता होगी। दुनिया भर समेत भारत में भी पर्यावरण और जैव विविधता की रक्षा के लिए कई कार्य किए जा रहे हैं। इसे संविधान के मौलिक कर्तव्य (भाग1 वीए अनुच्छेद 51) में भी दर्ज किया गया है, जिसके तहत वनों, झीलों और नदियों और वन्यजीवों सहित प्राकृतिक पर्यावरण की रक्षा और सुधार करना और जीवित प्राणियों के लिए दया करना शामिल है। इसके अतिरिक्त और भी कई अधिनियम भारत सरकार ने बना रखे हैं जिसके तहत पर्यावरण को बेहतर बनाने के लिए कार्य किए जा रहे हैं। जैसे वन्यजीव अधिनियम 1972, जल प्रदूषण की रोकथाम और नियंत्रण अधिनियम 1974, वायु प्रदूषण की रोकथाम और नियंत्रण अधिनियम 1981, पर्यावरण संरक्षण अधिनियम 1986 आदि।

लेकिन ज़मीनी सतह पर देखें तो ऐसा लगता है कि इस नियमों का कोई महत्व नहीं है। देश के कई ऐसे क्षेत्र हैं जहां नदी और तालाबों को गंदा कर दिया गया है। ऐसे ही कई तालाब, पोखर और नदियां हैं जो प्रदूषण से पूरी तरह ग्रसित हैं। आखिर इनकी साफ सफाई की जिम्मेदारी किसकी है? साल में केवल एक दिन पर्यावरण से जुड़े कार्यक्रम करने से नहीं बल्कि प्रतिदिन इसके लिए जागरूकता चलाने की ज़रूरत है क्योंकि पर्यावरण से ही प्राणियों के जीवन का आधार जुड़ा हुआ है।

**भारती देवी, पुंछ-जम्मू**

# बेतवा- पार्वती अंचल

## सार-समाचार

### मराठा जिला कांग्रेस सचिव बने



**गंजबासौदा, देशबन्धु।** पूर्व मुख्यमंत्री एवं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ के निर्देश अनुसार जिला अध्यक्ष राकेश कटारे ने नगर के सदाशिवराव मराठा को जिला कांग्रेस कमेटी में सचिव नियुक्त किया है। उनकी नियुक्ति पर नगर के कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ, पूर्व विधायक निशक जैन, पूर्व जनपद अध्यक्ष पहला सिंह रघुवंशी, जिला परिषद सदस्य पंकज एलिया, देवेंद्र रघुवंशी, राजेश महेश्वरी का आभार व्यक्त कर मराठा को बधाई दी है। बधाई देने वालों में विष्णु प्रसाद शर्मा, सीताराम मिश्रीलाल रघुवंशी, हरीश शर्मा, मोनू देवेंद्र सिंह आदि हैं।

### रैली निकाल कर किया जगरुक



**गंज बासौदा, देशबन्धु।** मैं हूं अभिमन्यु अभियान के दूसरे चरण में बुधवार को रियली निकाल कर नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया। मालूम होकि पुलिस अधीक्षक दीपक शुक्ला अतिरिक्त पुलिस समीर यादव एसडीओपी मनोज मिश्रा, डीएसपी प्रतिभा शर्मा ,थाना प्रभारी कुअर सिंह मुकाती के निर्देशन में प्रतिभा सिंह,शशि चौबे सीता राज ,दीक्षा ,ज्योति,अखिलेश शुक्ला द्वारा शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय मैं बालकों को अभिमन्यु अभियान के संबंध मे अवगत कराया गया व बालक ,बालिकाओं को नुक्कड़ नाटक के जरिए महिला संबंधी अपराध ,पाक्सो एक्ट, जे जे एक्ट के अंतर्गत घटित अपराधों के संबंध में संपूर्ण जानकारी दी, एवं समाज में व्याप्त बुराइयों जैसे नशा, दहेज, रूढ़िवादिता, अश्लीलता, असंवेदनशीलता, अशिक्षा, लिंगभेद के चक्रव्यूह को तोड़ने में अपनी सकारात्मक भूमिका निभाने हेतु सभी को जागरूक किया गया।

### मनाया विश्व आदिवासी दिवस



**गंज बासौदा, देशबन्धु।** विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर बुधवार को जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष राकेश कटारें एवं पूर्व विधायक एवं प्रदेश कांग्रेस महासचिव निशंक कुमार जैन सहित कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भिलाये में पहुचकर आदिवासी दिवस मनाया जिसमें आदिवासी भाईयो बहनों को मिठाई खिलाकर एवं पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया जिसमें पूर्व विधायक निशंक जैन ने उद्बोधन दिया जिसमें उन्होने आदिवासियों की समस्याओं से अवगत कराया। जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष राकेश कटारे ने बताया प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनने पर सभी माता बहनों को नारी सम्मान योजना के अन्तर्गत 1500 रू और 500 रू में घरेलू रसोई गैस व 100 यूनिट बिजली माफ और 200 यूनिट बिजली हाफ दर पर दी जावेगी । इस अवसर पर संगठन मंत्री मोहित रघुवंशी प्रदेष महासचिव विकास शर्मा राजेश महेश्वरी सी पी सिंह पंकज ऐलिया घनश्याम महाराज प्रमोद शर्मा जगदीश व्यास अमित दुवे पट्टू गोविन्द बना शेरा मालवीय आदि उपस्थित कार्यक्रम का संचालन ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष त्यौंदा देवेन्द्र लोधी ने किया एवं घटेरा मण्डलम अध्यक्ष सुनील लोधी ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# संत रविदास के सिद्धांत अपने जीवन में आत्मसात करना चाहिए: पटवा

▸ समरसता यात्रा ने बरखेड़ा से किया जिले में प्रवेश, किया स्वागत

**रायसेन, देशबन्धु।** समरसता यात्रा के रायसेन जिले में औबेदुल्लागंज विकासखण्ड के ग्राम बरखेड़ा पहुंचने पर भोजपुर विधायक सुरेन्द्र पटवा सहित अन्य जनप्रतिनिधियों द्वारा चरण पादुका की पूजा-अर्चना कर आत्मीय और भव्य स्वागत किया गया। संत शिरोमणि रविदास के संदेश और जीवन मूल्यों के प्रति समाज में जागरूकता लाने के उद्देश्य से प्रदेश के विभिन्न स्थानों से समरसता यात्राएं निकाली जा रही हैं। यात्रा के पहले पड़ाव में ग्राम बरखेड़ा तथा औबेदुल्लागंज में जन संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। विधायक पटवा चरण पादुका को सिर पर रखकर कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे तथा यहां संत शिरोमणि रविदास जी के चित्र तथा चरण पादुका का पूजन किया गया। विधायक पटवा ने जन संवाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि संत रविदास जी के संदेश और जीवन मूल्यों के प्रति समाज में जागरूकता लाने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में सरकार द्वारा प्रदेश के विभिन्न स्थानों से समरसता यात्राएं निकाली जा रही हैं। यह यात्राएं 12 अगस्त को सागर जिले में पहुचेंगी। उन्होंने कहा कि 12 अगस्त को देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सागर में 100 करोड़ रूपए से अधिक की लागत से बनने वाले संत शिरोमणि गुरुदेव रविदास के भव्य मंदिर के निर्माण की आधार शिला रखेंगे। यह मंदिर पूरे प्रदेश के नागरिकों और समाजों को एक सूत्र में पिरोने के लिए अनोखी मिशाल पेश करेगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने समरसता यात्रा के माध्यम से समाज को एक सूत्र में जो?ने का काम किया है। यात्रा



के दौरान गॉवों से मिट्टी और जल एकत्रित किया जा रहा है, जिसका उपयोग मंदिर निर्माण में होगा। हम सभी अपने गांव की मिट्टी और जल लेकर इस गौरवशाली क्षणों के साक्षी बनने, सहभागी होने का प्रयास करें।

विधायक पटवा ने कहा कि हमारी आज और आने वाली पीढ़ी संत रविदास जी के आदर्शो पर चले। संत रविदास जी ने कहा था कि समरता में ही जीवन है। जीवन जीने के साथ-साथ समरसता होगी तो निश्चित रूप से हम सभी आपस में प्रेम से, बिना भेदभाव के, बिना किसी भी राग-द्वेष के आगे बढ़ते रहेंगे। उन्होंने कहा कि संत रविदास जी जैसे संतों का अवतरण हमारे देश में हुआ। जिनके समरसता के संदेश ने सम्पूर्ण भारत को सदभाव और एकता के सूत्र में बांधे रखा। संत रविदास जी के कर्म प्रधानता और समरसता के सिद्धांत को हमें अपने जीवन में आत्मसात करना चाहिए।

औबेदुल्लागंज नगर में संत रविदास के जयकारों के साथ समरसता यात्रा ने भ्रमण किया। नगर भ्रमण के दौरान अनेक सामाजिक मंचों, व्यापारिक मंचों, समुदायों द्वारा पुष्प वर्षा की गई तथा चरण पादुका की पूजा अर्चना की गई। यात्रा के दौरान नागरिकों द्वारा चरण पादुका और समरसता यात्रा में चल रहे संतों, सदस्यों पर लगातार पुष्प वर्षा की। साथ ही चरण पादुका की पूजा-अर्चना की और संत रविदास जी के जयकारे लगाए। समरसता यात्रा में संत, भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव श्री दुष्यंत कुमार गौतम सहित अनेक जनप्रतिनिधि, जिला पंचायत सीईओ श्रीमती अंजू पवन भदौरिया सहित अन्य अधिकारी, गणमान्य नागरिक भी शामिल थे।

# विश्व आदिवासी दिवस पर निकली रैली का पुष्प वर्षा कर किया स्वागत



**भेरुन्दा/नसरुल्लागंज, देशबन्धु।** विश्व आदिवासी दिवस पर कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग ने आदिवासियों द्वारा निकाली गई का स्वागत थाने के सामने पुष्प माला पहना कर और पुष्प वर्षा कर किया गया। इस मौके पर पूर्व जिला पंचायत सदस्य ममता कीर ने कहा कि हमारी संस्कृति जल जंगल, जमीन से जुड़ी है। आदिवासी आदिकाल से निवास करने वाले भारत के मूल निवासी है। आज विश्व आदिवासी दिवस पर सभी आदिवासी भाइयों बहनोंऔर देशवासियों को शुभकामनाएं प्रेषित करती हूं । पूर्व ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुरेश चन्द्र सेठी ने कहा की आदिवासी समाज का इतिहास गौरवशाली है। आज का दिन वास्तविक रुप से एक उत्सव का दिन है इसमें सभी समाज के लोगों को शामिल होना चाहिए। इस अवसर पर प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अर्जुन शर्मा कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति विभाग के जिलाध्यक्ष संतोष गोर, गोपाल शर्मा,पार्षद नितेश पेठारी, कार्यवाहक ब्लॉक अध्यक्ष नारायण सिंह चौधरी, मोर सिंह राजपूत,युवा कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष गण संजय पटेल हवेली , राजकुमार पटेल लाडकुई, जिला युवा कांग्रेस के महामंत्री संजय पटेल गोरखपुर, अशोक भाटी, महिला कांग्रेस की ब्लॉक अध्यक्ष मालती मालवीय सत्नारायण तिवारी, संजीव अग्रवाल (टिन्नी भैया) सुनील शर्मा जनपद सदस्य ,नर्मदा प्रसाद बकोरिया, तुलसीराम बाकरियां, सत्यनारायण यादव सूरत सिंह मकवाना, चंदर सिंह मीणा, चंद्रप्रकाश मालवीय, करण सिंह जाट, संतोष शर्मा कक्का, सुनील गोल्या, फूलचंद तंवर ,महेंद्र तंवर ,संजय मालवीय सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए



**भेरुन्दा/नसरुल्लागंज।** नगर भेरूंदा में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी विश्व आदिवासी दिवस पर आदिवासी समुदाय द्वारा नगर के सीहोर रोड स्थित ग्रीन मैरिज गार्डन में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया इस कार्यक्रम में सभी आदिवासी समुदाय के महिला पुरुष बालक बालिका है इकट्ठे हुए और वहां से डीजे के साथ एक भव्य शोभा यात्रा निकाली गई जो सीहोर नाका दुर्गा मंदिर बस स्टैंड होते नगर के प्रमुख मार्ग से निकाली गई। वही डीजे की थाप पर युवा नृत्य करते नजर आए सभी आदिवासी युवा पारंपरिक वेशभूषा में नजर आए उसके बाद वापस शोभा यात्रा का ग्रीन गार्डन में समापन हुआ वहां पर सभी सामाजिक वक्ताओं ने अपनी अपनी बात रखी आदिवासी पारंपरिक कार्यक्रम आयोजित किए गए ।

# सीईओ की मौजूदगी में सरपंचों की समस्याओं का निराकरण



**ग़ैरतगंज, देशबन्धु।** जनपद पंचायत क्षेत्रान्तर्गत आने वाली विभिन्न ग्राम पंचायतों के सरपंचों की बैठक का आयोजन जनपद सीईओ की मौजूदगी में सम्पन्न हुई। बैठक के दौरान सरपंचों को आ रही विभिन्न प्रकार की समस्याओं का हल सभी की सहमति से किया गया। सरपंच संघ के बैनरतले बुधवार को जनपद प्रांगण में सरपंचों एवं जनपद सीईओ युक्ति शर्मा के बीच बैठक आयोजन किया गया। बैठक में ग्राम पंचायतों में आ रही सरपंचों को काम करने में आ रही समस्याओं के संबंध में परिचर्चा की गई। सरपंचों ने अपनी अपनी समस्याएं रखी। सरपंचों जे बताया कि जनपद में एई जैसा महत्वपूर्ण पद रिक्त है जिसके चलते पंचायतों के निर्माण कार्यों के टीएस नहीं हो रहे है। इसके लिए एई के पद पर शीघ्र नियुक्त कराई जाए। ब्लॉक में उपयंत्री कम होने से पंचायतो के कामों का समय पर मूल्यांकन एवं अन्य कार्यों में समस्या आती है। कई ग्राम पंचायतों में सचिव एवं जीआरएस नहीं होने से कामों में समस्या आ रही है। ग्राम पंचायतों में कुछ कच्चे स्थानों पर कीचड होती है वहां मुरम डलवाना, गांवों में प्रधानमंत्री मंत्री आवास नहीं आ रहे उनकी स्वीकृति शासन स्तर करवाना, जिन लोगों के घरों में शौचालय नहीं है उन्हें राशि दिलाना और भी अन्य विषयों पर सरपंचो ने बात रखी। जिस पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी युक्ति शर्मा ने जो कार्य उनके स्तर के है उन्हें करने का आश्वासन दिया।। वही शासन स्तर एवं वरिष्ठ अधिकारियो के स्तर के कार्यो को जल्द हल कराने का आश्वासन दिया। इस मौके पर सरपंच संघ के अध्यक्ष जगदीश धाकड़, दिनेश जैन, प्रेम सिंह ठाकुर, हाकम सिंह गुर्जर, सैयद मसूद अली पटेल, नीतेश पटेल, मनोज लोधी, गोपाल धाकड़ , राहुल नरवरिया, हरनाम सिंह लोधी, इंदर सिंह मीणा, अनिल साहू, कन्हैया लाल, सीताराम, अवध नारायण, रूप सिंह, नन्हे लाल अहिरवार, मुकेश सिंह, रिंकू, शिव शंकर शर्मा, मदनलाल, एवं हरिराम गुर्जर, मौजूद रहे।

# अस्पताल में फल वितरण कर मनाया युवा कांग्रेस का स्थापना दिवस



**सिरोंज, देशबन्धु।** युवा कॉग्रेस द्वारा स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में बुधवार को युवा कॉग्रेस कार्यकताओं द्वारा शासकीय राजीव गांधी स्मृति चिकित्सालय में पहुँचकर मरीजों को फल वितरण कर युवा कॉग्रेस का स्थापना दिवस मनाया गया। साथ ही नगर अध्यक्ष सेफू गौरी द्वारा युवा कॉग्रेस की स्थापना से अबतक युवाओं के लिऐ किये गये कार्यो के बारे में विस्तार से प्रकाष डाला। इसदौरान नगराध्यक्ष सेफू गौरी, अनिरूद्व यादव, षिवराज बघेल, प्रेषेन्द्र यादव, संजय यादव, अमित शर्मा, अजय यादव, शाहरूख खांन, देवेन्द्र पंथी, वरूण आदि युवा कॉग्रेस कार्यकतागण मौजूद थे।

# राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई ने महाविद्यालय में किया पौधारोपण



**सिरोंज, देशबन्धु।** नगर के शासकीय लाल बहादुर शास्त्री स्नातकोत्तर महाविद्यालय सिरोंज में शासन के निर्देशानुसार मेरी माटी मेरा देश थीम पर आधारित अमृत वाटिका में वृक्षारोपण किया गया। महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एवं क्रीड़ा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित वृक्षारोपण कार्यक्रम उत्साह के साथ संपन्न हुआ। वृक्षारोपण के पूर्व पौधों की सुरक्षा की पूरी तैयारी कर ली गई थी। इसके पूर्व महाविद्यालय ने वन विभाग से वृक्षारोपण हेतु एमओयू साइन किया था। इसके अंतर्गत पौधे वन विभाग द्वारा निशुल्क उपलब्ध कराए गए। पौधों की सुरक्षा, पानी की व्यवस्था महाविद्यालय स्वयं करेगा। वृक्षारोपण वरिष्ठ प्राध्यापक प्रोफेसर एस आर तिवारी के निर्देशन एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी प्रोफेसर महेश चंद्र परमार एवं क्रीड़ा अधिकारी डॉक्टर वसीम उल्ला खान की देखरेख में संपन्न हुआ। वृक्षारोपण में महाविद्यालय के समस्त नियमित स्टाफ, अतिथि विद्वान, जन भागीदारी शिक्षक तथा कर्मचारियों ने वृक्षारोपण कर सहयोग प्रदान किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक, एनसीसी कैडेट एवं अन्य विद्यार्थियों ने वृक्षारोपण में सहयोग किया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ लालचंद राजपूत ने बताया कि वृक्षारोपण की तैयारी अप्रैल से की जा रही थी। मई-जून में महाविद्यालय की बिल्डिंग के पीछे की साफ सफाई करवा कर ट्रैक्टर द्वारा जमीन को समतल किया गया था। वृक्षारोपण हेतु गड्ढे तैयार कराए गए थे। पूरी प्लानिंग के साथ महाविद्यालय में वृक्षारोपण किया गया।

### 3 साल से फरार चल रहे इनामी बदमाश को पुलिस ने किया गिरफ्तार

मुरैना। स्टेशन थाना पुलिस ने 3 वर्ष से फरार चल रहे 3 हजार रुपए के ईनामी बदमाश को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। फरार आरोपी पर स्टेशन थाना पुलिस के द्वारा धारा 379 का मामला दर्ज किया गया था, जिसमें पुलिस को उसकी तलाश थी। स्टेशन थाना प्रभारी रविंद्र कुमार को मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि फरार 3000 रूपए का इनामी आरोपी बिल्लू पुत्र कमलेश निवासी मुडि?ा खेड़ा कुलदीप ढाबा ग्राम जौरासी में छिपा हुआ है। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर दबिश देकर फरार आरोपी बिल्लू बाल्मिक को कुलदीप ढाबा ग्राम जौरासी से गिरफ्तार किया है।

# लोकल की गाड़ियों से शुल्क वसूलने पर नए टोल प्लाजा पर पूर्व विधायक से हुआ विवाद

**मुरैना, देशबन्धु।** जिले के अंबाह थाना अंतर्गत रतिरामपुरा पर कल आरंभ हुए टोल प्लाजा पर लोकल की गाडि?ों से शुल्क वसूलने के चलते बुधवार की दोपहर उसे समय विवाद की स्थिति उत्पन्न हो गई, जब पूर्व विधायक का पुत्र गाड़ी क्रॉस कर रहा था और उससे जबरन लोकल गाड़ी होने पर भी 60 रूपए वसूल किए गए। पूर्व विधायक ने टोल प्लाजा पर अधिकारी कर्मचारियों की मनमानी को लेकर शिकायत करने की बात कही है।

जानकारी के अनुसार पूर्व विधायक सत्यप्रकाश सखवार बुधवार की दोपहर दिल्ली से लौट रहे थे और उनका पुत्र कार लेकर नए टोल प्लाजा से निकल रहा था, तभी लोकल की गाड़ी होने के बावजूद टोल प्लाजा पर उसे रोक लिया गया तथा 60 रूपए जबरन शुल्क वसूला गया। पूर्व विधायक ने इस पर आपत्ति जताई और कहा कि नियमानुसार लोकल की गाडि?ों से कोई शुल्क नहीं लगता है। इस तरह की मनमानी ठीक नहीं है और लोकल की गाडि?ों से शुल्क नहीं लेना चाहिए। पूर्व विधायक ने कहा कि वह मामले की शिकायत अधिकारियों से करेंगे। ज्ञातव्य रहे कि टोल प्लाजा पर अधिकारी कर्मचारी मनमानी कर लोकल की गाडि?ों से अवैध वसूली कर रहे हैं।



# सीएम राइज स्कूल के 3 अतिथि शिक्षकों को कार ने कुचला, सभी की मौत

▸ स्कूल से पढ़ाकर एक ही बाइक पर बैठकर जा रहे थे घर



**मुरैना, देशबन्धु।** पोरसा तहसील के नगरा थाना अंतर्गत ओरेठी गांव के पास बुधवार की शाम सीएम राइज स्कूल से घर के लिए लौट रहे बाइक पर सवार 3 शिक्षकों को एक कार ने कुचल डाला, जिससे तीनों की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई, जबकि उसका चालक फरार बताया गया है। सूचना मिलते ही पुलिस एवं ग्रामीण मौके पर पहुंच गए तथा मृतकों के शव पीएम हेतु भेजे।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बुधवार की शाम नगरा थाना क्षेत्र के रजोधा गांव में स्थित शासकीय सीएम राइज स्कूल में पदस्थ अतिथि शिक्षक शिवकुमार तोमर जनकपुर रजोधा, दीनदयाल त्यागी निवासी धौलपुर राजस्थान एवं केवी चौबे निवासी कोथर कलॉ बुधवार की शाम 4-30 बजे स्कूल बंद होने पर एक मोटरसाइकिल पर सवार होकर पोरसा के लिए निकले, जैसे ही उनकी बाइक ओरेठी गांव के पास पहुंची तो तेज गति से आ रही स्विफ्ट कार क्रमांक यूपी 93 एके 9292 के चालक ने तेजी एवं लापरवाही से बाइक में जबरदस्त टक्कर मार दी, जिससे तीनों शिक्षकों की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना देख आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे तथा पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस बल मौके पर पहुंचा लेकिन तब तक कार चालक कार छोड?र फरार हो गया। पुलिस द्वारा मृतकों के शव पीएम हेतु भेजे गए हैं तथा कार चालक के विरुद्ध दुर्घटना हत्या का मामला दर्ज किया गया है। इस घटना से क्षेत्र में शोक का माहौल है।

# कांग्रेस ने आदिवासियों को सम्मानित कर मनाया आदिवासी दिवस




**मुरैना, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ के निर्देशानुसार पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष राकेश यादव एवं ब्लॉक कांग्रेस पहाड?ढ़ अध्यक्ष विनोद दुबे के नेतृत्व में पहाड?ड़ स्थित ग्राम मरा एवं खडरिया पुरा मे आदिवासी भाईयों के बीच पहुंचकर आदिवासी दिवस मनाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता माधव सिंह आदिवासी ने की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर जिला कांग्रेस शहर अध्यक्ष दीपक शर्मा उपस्थित रहे।

इस शुभ अवसर पर ग्राम मरा एवं ग्राम खड़रिया पुरा में आदिवासी भाईयों एवं कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस दौरान लोक गीतों पर आदिवासी भाइयों के साथ सभी कांग्रेसियों द्वारा नृत्य भी किया गया। विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर विशाल अदिवासी सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें हज़ारों की संख्या में आदिवासी समुदाय के लोग एकत्रित हुए। इस मौके पर वीर आदिवासी, प्रबुद्ध एवं वरिष्ठ आदिवासियों को पुष्प माला पहनाकर सम्मानित किया गया। आयोजन के दौरान जिला कांग्रेस कमेटी शहर अध्यक्ष दीपक शर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कि विश्व के आदिवासी लोगों का अंतर्राष्ट्रीय दिवस पहली बार संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा दिसंबर 1994 में घोषित किया गया था, जिसे हर साल विश्व के आदिवासी भाईयों द्वारा मनाया जाता है। आदिवासी लोगों पर संयुक्त राष्ट्र के संदेश को फैलाने के लिए विभिन्न देशों के लोगों को दिन के अवलोकन में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।

- फोटो फाइल- 09 मुरैना 06

# ताप्ती तीरे

## सार समाचार

### 15 से शुरू होगा दीनदयाल रसोई घर, 5 रुपये में मिलेगा भरपेट भोजन

**सारनी, देशबन्धु।** नगर पालिका परिषद सारनी के माध्यम से 15 अगस्त से दीनदयाल रसोई घर शुरू किया जाएगा जिससे 5 रुपये में भरपेट भोजन की व्यवस्था होगी बताया जाता है कि शुरुआती दौर में प्रतिदिन 100 लोगों के भोजन की व्यवस्था करने का कार्य किया जाएगा उसके हिसाब से यह भी भोजन करने वालों की संख्या में इजाफा हुआ तो यह भोजन बनाने की संख्या तय की जाएगी नगर पालिका अध्यक्ष किशोर बरदे ने कहा कि 15 अगस्त के अवसर पर आमला विधानसभा क्षेत्र के विधायक डॉ योगेश पंडाग्रे की उपस्थिति में उप तहसील कार्यालय के पीछे संजीवनी अस्पताल के बाजू में दीनदयाल रसोई घर का शुभारंभ किया जाएगा इसमें 5 रुपये में भरपेट भोजन देने का कार्य किया जाएगा लंबे समय से दीनदयाल रसोई घर शुरू किए जाने पर चर्चा और पहल की जा रही थी लेकिन इसमें सफलता नहीं मिल पा रही थी।लेकिन 15 अगस्त के पावन अवसर को देखते हुए दीनदयाल रसोई घर का शुभारंभ 15 अगस्त को किया जाएगा। नगर पालिका अध्यक्ष किशोर बरदे का कहना है किनगर पालिका परिषद सारनी की तरफ से 15 अगस्त से दीनदयाल रसोईया घर शुरू किया जाएगा जिसमें 5 रुपये में भरपेट भोजन दिया जाएगा यह रसोई घर उपतहसील कार्यालय के पीछे सारनी में शुरू होगा।

### सदर रेलवे ब्रिज बनाने की मांग हुई तेज, पूर्व सांसद को सौंपा ज्ञापन

**बैतूल, देशबन्धु।** यातायात व्यवस्था को देखते हुए मंगलवार को विवेकानंद महाविद्यालय के प्रांगण में सांसद डी.डी उईके के नाम पूर्व सांसद, पूर्व विधायक हेमंत खंडेलवाल को ज्ञापन सौंपा गया। खंडेलवाल ने आश्वासन देते हुए कहा कि शीघ्र ही वे सांसद डीडी उईके के साथ रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात कर इस अंडर ब्रिज को जल्द से जल्द बनाने की मांग करेंगे। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती पार्वती बारस्कर, जिला योजना समिति सदस्य आनंद प्रजापति, पर्यावरणविद मोहन नागर, नागरिक बैंक अध्यक्ष अतीत पवार, रेल्वे सलाहकार समिति सदस्य दीपू सलूजा, मुन्ना मानकर, विवेकानंद विज्ञान महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ कृष्णा खासदेव, सचिव निर्गुण देशमुख, प्राध्यापक गण में एस. लहरपुरे, डॉ उज्जवल पांसे, डॉ एसआर गायकवाड, संजय खंडेलवाल, मनोज कनाठे, अनिल सोनी, मुकेश चौरे, पुष्पक देशमुख, आशीष पवार, सदर क्षेत्र से पार्षद रघुनाथ लोखंडे, पूर्व पार्षद उदल अमझरे, बाबा खड़िया, पार्षद श्रीमती कावरे, पूर्व पार्षद पवन यादव, सतीश महाते, अनिल पवार आदि गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### गणवेश, ड्रायफूड वितरण और पौधरोपण कर मनाया आदिवासी दिवस



**बैतूल, देशबन्धु।** ग्राम सिमोरी में विश्व आदिवासी दिवस आदिवासी समाज के प्रकृति के प्रति प्रेम,समर्पण के उद्देश्य से मनाया गयाद्ध जिसमें मुख्य रूप से बी ए सी नंदराम पांसे,प्रितमसिंग मरकाम, सी ए सी हरिशंकर धुर्वे,नवनीत बारमासे,एम आर सी जलदीप वर्मा,प्रधानपाठक शैलेन्द्र बिहारिया उपस्थित थे। कार्यक्रम में स्कूली बच्चों को आदिवासी संस्कृति के बारे में बताया गया खासतोर पर गुदना से बच्चों को परिचित कराया गया इस अवसर पर स्कूली बच्चों को गणवेश,ड्रायफूड बाटे गए इस अवसर पर पौधरोपण कर भारतीय संस्कृति,भारतीय आदिवासी धरोवहरो के संरक्षण की शपथ ली गई इस अवसर पर प्रितमसिंह मरकाम ने कहा कि हम अपनि संस्कृति को भूलते जा रहे है पुराने खेल,पुराने त्योहार को संजोने की जरूरत है इस अवसर पर ममता गोहर व राधिका पटैया उपस्थित थी।

# बिरसा मुंडा के बलिदान का ऋण कभी नहीं चुकाया जा सकता: डागा

**विश्व आदिवासी दिवस, मनाई बिरसा मुंडा की पुण्यतिथि**



**बैतूल, देशबन्धु।** विश्व आदिवासी दिवस पर कांग्रसियों द्वारा शासकीय उत्कृष्ट आदिवासी छात्रावास में बिरसा मुंडा की पुण्यतिथि मनाई गई। इस मौके पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुनील शर्मा ने कहा कि बिरसा मुंडा आदिवासी स्वतंत्रता सेनानी और मुंडा जनजाति के लोक नायक थे। उन्होंने ब्रिटिश राज के दौरान 19वीं शताब्दी के अंत में बंगाल प्रेसीडेंसी (अब झारखंड) में हुए एक आदिवासी धार्मिक सहस्त्राब्दी आंदोलन का नेतृत्व किया, जिससे वह भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के इतिहास में एक महत्वपूर्ण व्यक्ति बन गए। विधायक नीलय डागा ने कहा कि बिरसा मुंडा का देश के लिए संघर्ष अभूतपूर्व और अनुकर्णीय है। उनके बलिदान का हम कभी ऋण नहीं चुका सकते हैं।

इस अवसर पर पिछड़ा वर्ग अध्यक्ष नारायण धोटे, धीरू शर्मा, रूप सिंह ठाकुर, असलम भाई, राकेश शर्मा, अर्जुन वामनकर, रमेश भाऊ उदल जयसिंहपुरे, सूरज मंडरे, योगेश गुप्ता, मोहसिन पटेल, मोनू वाघ, सुरेंद्र यादव, प्रवीण तिवारी सहित अन्य कांग्रेसी उपस्थित थे।

**निकली रैली, पीला गमछा पहना कर किया स्वागत:** विश्व आदिवासी दिवस पर ग्राम बाजपुर में जनजाति संगठनों ने रैली निकालकर जागरुकता का संदेश दिया। आदिवासी समाजजन ने हाथों में ध्वज लेकर अपनी संस्कृति की झलक भी दिखाई। विशाल जनजाति रैली में समाजजन अपनी पारंपरिक वेशभूषा में शामिल हुए।

जल, जंगल, जमीन, प्रकृति के साथ ही आदिवासी संस्कृति व मौलिक अधिकारों के संरक्षण का संदेश रैली से दिया गया। युवा कांग्रेस बैतूल के ब्लॉक अध्यक्ष राकेश घंगारे ने रैली में शामिल वरिष्ठ जनों को पीला गमछा पहनाकर उनका स्वागत किया। उन्होंने आदिवासी समाज के उत्थान और विकास की मुख्यधारा से जोड़ने को लेकर अपने विचार रखे। उन्होंने कहा कि जो आज हमें आजादी मिली इसमें आदिवासी महानायकों का बहुत बड़ा योगदान हैं जिसे भूला पाना मुश्किल है। आज हमें उन्हीं के बताए हुए मार्ग पर सभी धर्मों को साथ लेकर एकता बनाकर आगे बढ़ते रहना है। गांव से रैली बैतूल पहुंची, दिलबहार चौक पर विधायक निलय विनोद डागा ने भी रैली का स्वागत किया। आदिवासी समाज द्वारा निकाली गई रैली के दौरान आदिवासी समाज बड़ी संख्या में उपस्थित रहा।

# रैली में शामिल आदिवासियों पर पुष्प वर्षा कर किया स्वागत




**सारनी, देशबन्धु।** विश्व आदिवासी दिवस पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष किशोर चौहान के नेतृत्व में रैली में शामिल आदिवासी समाज के लोगों पर पुष्प वर्षा करके उनका स्वागत किया गया। इस अवसर पर कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष किशोर चौहान ने कहा कि पश्चिमी सभ्यता लगातार हमारे समाज पर हावी होते जा रही है उसके बाद भी आदिवासी समाज अपनी संस्कृति अपने धर्म अपने संस्कारिक धरोहर से अलग नहीं हो पाया है जो अपने आप में बड़ी उपलब्धि से कम नहीं है। विश्व आदिवासी दिवस पर निकाली रैली का समापन सारनी के रामरख्यानी स्टेडियम में किया गया।

कार्यक्रम में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी तथा वरिष्ठ आदिवासी प्रबुद्ध वीर आदिवासी नेताओं का सम्मान किया गया। इसी तारतम्य में शॉपिंग सेंटर स्थित ब्लॉक कांग्रेस के कार्यालय में डॉ कृष्णा मोदी स्वतंत्रता संग्राम सेनानी का पुष्प माला एवं शाल श्रीफल से स्वागत किया गया। कांग्रेस के नेताओं ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि अंग्रेजों भारत छोड़ो आंदोलन में सभी समाज का विशेष योगदान रहा है जिसमें आदिवासी समाज के क्रांतिकारी योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता।

# 5 नदियों के जल से होगा तुलजा भवानी मंदिर में जलाभिषेक

**23 से प्रारंभ होकर 170 किमी का सफर तय करेंगे कावड़ यात्री**





**बैतूल, देशबन्धु।** राष्ट्रीय हिन्दू सेना के तत्वावधान में नर्मदापुरम स्थित सेठानी घाट से मां नर्मदा का जल लेकर 23 अगस्त को धर्मध्वजा यात्रा प्रारंभ होगी। यहां मां नर्मदा का पूजन कर यहां से जल लेकर बैतूल जिले की ओर कावड़ यात्री निकलेंगे। तत्पपश्चात यात्रा में शामिल कावड़ यात्री तवा, माचना, ताप्ती और पूर्णा नदी से जल लेकर 170 किमी यात्रा पूरी कर 28 अगस्त को श्री महावीर देवस्थान हिवरा स्थित मां तुलजा भवानी मंदिर पहुचेंगे। यात्रा दौरान यात्रा के 6 पड़ाव होंगे। रोज़ाना मां भवानी एवं मां नर्मदा, मां ताप्ती, मां पूर्णा, मां तवा, मां माचना के जल का विधिवत पूजन किया जाएगा। कावड़यात्रा में शामिल धर्मावलंबियों के भोजन एवं विश्राम का प्रबंध रास्ते में स्थित मंदिरों में किया जाएगा।

संगठन के प्रदेश अध्यक्ष दीपक मालवीय ने बताया कि यह यात्रा श्रावन मास के अंतिम सोमवार बैतूल जिले के आठनेर विकास खण्ड में स्थित प्रसिद्ध मां तुलजा भवानी मंदिर हिवराधाम पहुंचेगी। जहां पवित्र नदियों से लाए गए जल से धर्मध्वजा यात्रा के सैकड़ो कावड़यात्री सभी देवताओं का जलाभिषेक करेंगे।

**यह रहेगा यात्रा का रूट चार्ट:** यह यात्रा नर्मदापुरम के सेठानी घाट से प्रारंभ होकर ईटारसी, केसला, सुखतवा, भौरा, शाहपुर, पाढर, बैतूल, बैतूल नगर भ्रमण, बडोरा, कोलगांव, आठनेर, मां भवानी मंदिर हिवरा पहुंचेगी।

नपाध्यक्ष और अधिकारियों ने किया स्थल निरीक्षण

# फवारा चौक पुराने स्कूल में बनाया जाएगा शॉपिंग कंपलेक्स

**टेकरी वाले स्कूल में बनेगा भक्त निवास**

**मुलताई, देशबन्धु।** पवित्र नगरी में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए अब भक्त निवास नगरपालिका के टेकरी वाले स्कूल में बनाया जाएगा और इसके साथ ही फवारा चौक के पास के पुराने स्कूल में अब शॉपिंग कांप्लेक्स का निर्माण होगा। उक्त बात स्कूलों के स्थल निरीक्षण के बाद नगर पालिका अध्यक्ष एवं अधिकारियों ने कही। आज नगर पालिका अध्यक्ष नीतू प्रह्लाद परमार एवं हाल ही में पदस्थ हुए मुख्य नगरपालिका अधिकारी आरके यूवनाती, उपयंत्री योगेश अनेराव, पार्षद एवं सभापति अंजली सुमित शिवहरे, प्रहलाद परमार, सुरेश पौनीकर, शेख जाकिर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष किशोर सिंह परिहार कपिल खंडेलवाल, नितिन भार्गव नगर पालिका के हमले के साथ हिंदी स्कूल की समस्या जानने एवं भक्त निवास और शॉपिंग कंपलेक्स निर्माण के स्थल निरीक्षण करने और ताप्ती परिक्रमा क्षेत्र में विशेष अवसरों पर बाहर से आने वाली महिलाओं के लिए चेंजिंग रूम निर्माण के लिए स्थल निरीक्षण करने पहुंचे थे।



**भक्त निवास कि पूर्व में हो चुकी है 40 लाख की तकनीकी स्वीकृति:** स्थल निरीक्षण के बाद यह बात सामने आई कि फवारा चौक का पुराना स्कूल जोकि कमर्शियल क्षेत्र में है यहां पूर्व में प्रस्तावित भक्त निवास के स्थान पर यहां शॉपिंग कंपलेक्स बनाया जाए इस परिसर में 16 दुकान होगी जिसकी अनुमानित लागत 80 लाख रुपए है और टेकाडे वाले स्कूल में भक्त निवास का निर्माण किया जाए यहां बता दें कि पूर्व में नगर पालिका ने फव्वारा चौक के समक्ष पुराने स्कूल में भक्त निवास निर्माण का प्रस्ताव लिया था जिसकी 40 लाख रुपए की तकनीकी स्वीकृति भी हो गई है।

**बाराद्वारी के समक्ष बनेगा महिलाओं के लिए चेंजिंग रूम:** नगर पालिका अध्यक्ष और अधिकारियों ने ताप्ती तट पहुंचकर विशेष अवसर पर ताप्ती स्नान के लिए बाहर से आने वाली महिलाओं के लिए वस्त्र बदलने की व्यवस्था निर्माण करने के लिए बाराद्वारी के समक्ष चेंजिंग रूम बनाए जाने हेतु स्थल का चयन किया है। नगर पालिका अध्यक्ष ने कहा कि ताप्ती स्नान करने बड़ी संख्या में महिलाएं आती है महिलाओं को वस्त्र बदलने में दिक्कत ना हो इसके लिए स्थाई एवं अस्थाई वस्त्र बदलने के स्थल चेंजिंग रूम बनाए जाएंगे।

# युवा कांग्रेस ने मनाया स्थापना दिवस

**भैंसदेही, देशबन्धु।** युवा कांग्रेस का 63वां स्थापना दिवस एवं विश्व आदिवासी दिवस युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रदेश सचिव राहुल छत्रपाल,विधानसभा अध्यक्ष पार्षद महेश थोटेकर के नेतृत्व में युवा कांग्रेस कार्यालय में मनाया गया।

जिसमें कार्यकर्ताओं ने इंदिरा गांधी, राजीव गांधी के छाया चित्र एवं बिरसा मुंडा के प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। इस मौके पर कांग्रेस नेत्री प्रीति टेकाम ने कहा कि आज ही के दिन हमारे भारत देश में तीन महत्वपूर्ण कार्य हुए थे,जिसमें सबसे पहले तो आज ही के दिन महात्मा



गांधी जी ने अंग्रेजों को खदेड़ने के लिए अंग्रेजों भारत छोड़ो का नारा दिया था और आज ही के दिन युवा कांग्रेस की स्थापना भी हुई थी और आज ही का दिन विश्व आदिवासी दिवस के रूप में भी बनाया जाता है।

# कलेक्टर ने किया क्षतिग्रस्त पुलिया का निरीक्षण

**बैतूल, देशबन्धु।** कलेक्टर अमनबीर सिंह बैंस, सीईओ जिला पंचायत अक्षत जैन द्वारा बुधवार को गोधनी के पास अंभोरा नदी पर क्षतिग्रस्त पुलिया का भी निरीक्षण किया। उन्होंने यहां सुरक्षित आवागमन की व्यवस्था करने के संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। गोधनी में राशन दुकान एवं ग्राम पंचायत भवन का भी निरीक्षण किया गया। इन भवनों में वर्षा के दौरान आवश्यक मरम्मत के निर्देश दिए गए।



# आदिवासी संगठनों ने काली पट्टी बांधकर मणिपुर की घटना पर जताया विरोध



**मुलताई, देशबन्धु।** विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर सर्व आदिवासी समाज संगठनों द्वारा कृषि उपज मंडी प्रांगण से अरिहंत लॉन तक विशाल रैली निकल गई जिसमें आदिवासी संगठनों से जुड़े कार्यकर्ताओं ने काल बैच एवं काली पट्टी लगा कर मणिपुर की घटना के प्रति विरोध जताया। प्रतिवर्ष विश्व आदिवासी दिवस पर डीजे लगाकर आदिवासी नृत्य करते हुए सम्मेलन स्थल तक पहुंचे थे किंतु इस बार डीजे लगाया जरूर गया था किंतु मणिपुर की घटना के विरोध में उसे बजाय नहीं गया और नाही पारंपरिक नृत्य टोलिया ही निकल गई रैली में पारंपरिक वेश-भूषा में आदिवासी समाज की महिला एवं पुरुष शामिल हुए। इस बार की रैली हर साल निकाली जाने वाली रैली से एकदम अलग थी। इस बार रैली में कोई सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित नहीं किए गए। आदिवासी संगठनों ने मणिपुर में हुई घटना को लेकर नारेबाजी करते हुए जमकर रोष जताया। पूरी रैली में उन्होंने काली पट्टी लगाकर, घटना के प्रति अपना विरोध प्रदर्शन किया और मणिपुर के दोषियों को फांसी की मांग की गई है। रैली के बाद लॉन में विभिन्न सामाजिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। रैली में शामिल लोगों ने बताया कि मणिपुर में जो घटना हुई है, उससे पूरे देश में आक्रोश है। इस अवसर पर ग्रामीण क्षेत्रों से भी सैकड़ों की संख्या में सामाजिक लोगों ने मुलताई आकर रैली में हिस्सा लिया।

**स्वंतत्रता सग्राम सेनानिओं को अर्पित किए श्रद्धा सुमन:** बस स्टैंड पर स्थित अक्षय वट पर नगर के स्वंतत्रता सग्राम सेनानियों को स्वंतत्रता संग्राम सेनानी उत्तराधिकारी सगठन के परिजनों ने श्रद्धा सुमन अर्पित किए। स्वंतत्रता सग्राम सेनानी स्वर्गीय वामनराव खड़के की पुत्रवधु कल्पना खड़के ने ध्वजा रोहण किया। इस अवसर पर उद्बोधन में 9अगस्त 1942 की क्रांति के बारे में विस्तार से बताया मोहन सिंह परिहार, राजरानी परिहार, रवि खड़के, यादवराव निबलकार, चिन्टू खन्ना ने अपने विचार रखे कार्यक्रम में स्वंतत्रता सग्राम परिवार से मोहनसिंह परिहार, बसन्त पूरी, जगमोहन अग्रवाल, रविप्रकाश खड़के, रवि खाड़े सुधीर गोस्वामी चिन्टू उपस्तिथ थे।

*सूचना के बाद पहुंची वन विभाग की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद हिरण के बच्चे को पकड़ा*

# 2 दिन से भटक रहा हिरण और उसका बच्चा

**सारनी, देशबन्धु।** विद्युत नगरी सारनी में पिछले दो दिनों से संत कबीर दास और तिरुपति बालाजी वार्ड के विभिन्न स्थानों पर हिरण और हिरण के बच्चों को देखा जा रहा है। बुधवार को सुबह 6 बजे केंद्रीय विद्यालय सारनी के समीप के नाले में यह हिरण भागता हुआ तिरुपति बालाजी वार्ड के विभिन्न खंडहरों में देखा गया है। प्रत्यक्ष दर्शियों का कहना है कि हिरण अपने बच्चों की तलाश में यहां वहां भटक रहा है। आवारा कुत्तों ने इस हिरण के पीछे के भाग में काटकर गंभीर रूप से घायल कर दिया गया है। तिरुपति बालाजी वार्ड में निवास करने वाले नवीन सोनी ने बताया कि इसकी सूचना वन विभाग के उत्तर परीक्षेत्र अधिकारी को दी गई है वन विभाग की टीम इसकी खोज करने में जुटी है जबकि वन विभाग अमले ने हिरण के बच्चे कर ली है बच्चे की मां की तलाश की जा रही है इसको लेकर दो तीन स्थानों पर रेस्क्यू टीम भेजी गई है देर शाम तक इस हिरण के बच्चे का उपचार



कराकर उसे जंगल में छोड़ने का काम किया जाएगा।

**बाध, तेंदुआ चीता और अब हिरण:** विद्युत नगरी सारनी और आसपास के क्षेत्र का वातावरण इतना मनमोहक है कि व्यक्ति के अलावा जानवरों को भी यह क्षेत्र बहाने लगा है लगातार दो वर्षों तक विद्युत नगरी सारनी और आसपास के क्षेत्र में बाध का मूवमेंट देखा गया है इसके अलावा चिता तेंदुआ और आब हिरण का विद्युत नगरी सारनी में पदार्पण करना और कई वार्डों में विचरण करना यह बताता है कि विद्युत नगरी सारनी और आसपास की जंगलों में जंगली जानवरों की संख्या में काफी इजाफा हुआ है और पानी भोजन की तलाश में यह जानवर शहरी क्षेत्र में आ जा रहे हैं ऐसी स्थिति में वन विभाग के आला अधिकारी बीट प्रभारियों को अलर्ट रहने की जरूरत है वन विभाग के बीड प्रभारी की लापरवाही की वजह से ही जानवर शहरी क्षेत्र में आ रहे हैं यदि यह सक्रिय रहे तो इस तरह की स्थिति निर्मित नहीं हो पाएगी।

### इनका कहना है

हिरण और उसका बच्चा दो दिनों से संत कबीरदास और तिरुपति बालाजी वार्ड में भ्रमण कर रहे हैं बच्चे को रेस्क्यू करके अपनी कस्टडी में ले लिया गया है जबकि मादा हिरण को खोज कर जंगल में पहुंचाने के लिए टीम भेजा गया है। मां बेटे के संपर्क में आते ही इन्हें जंगल पहुंचाने का काम किया जाएगा।

**शोमेन्दु नायक उत्तर वन परीक्षेत्र अधिकारी सारनी**

### विधायक के नेतृत्व में हुई पुष्प वर्षा

# विश्व आदिवासी दिवस पर रैली का जगह-जगह स्वागत किया





इटारसी, देशबन्धु। आदिवासी समाज ने आज 9 अगस्त को विश्व आदिवासी दिवस मनाया। इस अवसर पर हाउसिंग बोर्ड कालोनी तिराहा पुरानी इटारसी से युवा नेता आकाश कुशराम और राहुल प्रधान के नेतृत्व में एक रैली निकाली। आदिवासियों के परंपरागत शस्त्र तीर-कमान लिए युवा, आदिवासी वेशभूषा में रैली में शामिल थे तो युवतियों ने आदिवासी नृत्य करके खुशी जाहिर की।

विश्व आदिवासी दिवस पर निकाली रैली पुरानी इटारसी से ओवरब्रिज, पुलिस थाने के सामने से जयस्तंभ चौक, रेस्ट हाउस के सामने से पं.भवानीप्रसाद मिश्र ऑडिटोरियम में संपन्न हुई। रैली का जगह-जगह स्वागत किया गया।

मध्यप्रदेश विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष एवं नर्मदापुरम विधायक डॉ सीतासरन शर्मा के नेतृत्व में भाजपा मंडल पुरानी इटारसी ने सुदामा मैरिज हॉल के सामने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। इस अवसर पर विधायक डॉ शर्मा ने आदिवासी लोक परंपरा के धनुष बाण का प्रदर्शन किया। इस दौरान वरिष्ठ भाजपा नेता विश्वनाथ सिंघल, भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिलाध्यक्ष जयकिशोर चौधरी, भाजपा पुरानी इटारसी मंडल अध्यक्ष मयंक मेहतो, जेडआरयूसीसी के सदस्य नेता राजा तिवारी, मंडल महामंत्री गोविंद मेहतो, युवा मोर्चा अध्यक्ष सौरभ चौधरी, गौरव कोरी, शुभम प्रजापति, राजू बैस, अभिषेक सराठे, धर्मेंद्र वर्मा, दीपक श्रीवास, रूपेश शर्मा, रवि प्रजापति सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

## ग्रामीण अंचलों से भी निकाली रैली



विश्व आदिवासी दिवस पर जमानी से भी रैली निकाली। आदिवासी सेवा समिति तिलक सिंदूर के नेतृत्व में गांवों के आदिवासी परंपरागत वेशभूषा में इटारसी होते हुए केसला, सुखतवा पहुंचे। वाहन रैली में समाज के ध्वज लगाकर और अपने परंपरागत लोक गीत डीजे में बजते हुए आदिवासी केसला पहुंचे। इस अवसर पर समाज के युवक-युवतियों ने परंपरागत गीतों पर नृत्य भी किया। जगह-जगह रैली का भव्य स्वागत किया गया।

## नपाध्यक्ष ने जयस्तंभ पर किया स्वागत



विश्व आदिवासी दिवस पर इटारसी जयस्तंभ चौक पर रैली का स्वागत किया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष पंकज चौरे, पुरानी इटारसी मंडल अध्यक्ष मयंक महतो, अनुसूचित जाति मोर्चा जिला अध्यक्ष राजू सिकंदर, भाजपा नगर महामंत्री राहुल चौरे, पार्षद जिम्मी कैथवास, कुंदन गौर, युवा मोर्चा नगर अध्यक्ष अभिषेक निर्मल, युवा मोर्चा जिला मंत्री गोपाल शर्मा, गौरव बड़कुर, शशांक मालवीय संदीप तिवारी, शुभम पटेल, गोपी सिंह सहित पार्टी के अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# केसला में पहुंचे हजारों आदिवासी



आदिवासी ब्लॉक केसला के सहेली स्टेडियम में विश्व आदिवासी दिवस के कार्यक्रम में अपनी परंपरा, सांस्कृतिक रीति रिवाज एवं जंगल, जमीन, संविधान बचाओ के नारे लगे। कार्यक्रम में आसपास से हजारों आदिवासी पहुंचे। समाज के लोगों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया मणिपुर में शर्मसार करने वाली घटना को लेकर आदिवासी समाज के लोगों ने काली पट्टी बांधकर भी प्रदर्शन किया।

इस दौरान आदिवासी समाज के बीच आक्रोश भी दिखा। 9 अगस्त की छुट्टी घोषित नहीं करने की नाराजी भी रही। आदिवासी सेवा समिति तिलक सिंदूर संगठन की रैली जमानी, धाईं, पीपलढाना, पुरानी इटारसी, केसला पहुंची। एक ग्रुप कालाआखर से रैली निकालकर स्टेडियम पहुंचे। इस अवसर पर लोक नृत्य भी हुए। मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य सीमा कासदे, पूर्व जिला पंचायत सदस्य तारा बरकड़े, जनपद अध्यक्ष गंगाराम कलमे, आदिवासी सेवा समिति तिलक सिंदूर के संरक्षक सुरेंद्र कुमार धुर्वे, अध्यक्ष बलदेव तेकाम, पूर्व अध्यक्ष गनपत उईके, रामप्रीत परते, सरपंच दुर्गेश कलमे, आदिवासी कल्याण समिति ईश्वरदास उईके, ज्ञान सिंह, रामविलास, भूमका बंशीलाल मर्सकोले ने रीति रिवाज से पूजा करायी।

## कांग्रेस ने भी किया रैली का स्वागत



विश्व आदिवासी दिवस पर पुरानी इटारसी में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भी रैली में शामिल आदिवासी समाज के सदस्यों का स्वागत किया। इस अवसर पर पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष रवि जायसवाल एवं नगर कांग्रेस अध्यक्ष मयूर जायसवाल, वरिष्ठ कांग्रेसी संजय गोठी सहित अनेक कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## सार समाचार

### ईरानी युवकों ने शराब के पैसे न देने पर ग्रामीण युवक से की मारपीट

**इटारसी, देशबन्धु।** ईरानी मोहल्ला निवासी युवकों ने फोरलेन पर स्थित एक होटल पर शराब पीने के लिए पैसे मांगने और नहीं देने पर एक ग्रामीण युवक से मारपीट की। चार आरोपियों में से तीन की पहचान हो गयी है, एक अज्ञात है। ये सभी ईरानी मोहल्ला इटारसी के रहने वाले हैं। रामपुर थाना प्रभारी आकाश शर्मा के अनुसार आरोपी अली ईरानी, आयुष ईरानी, जाफर ईरानी और एक अन्य, सभी निवासी ईरानी मोहल्ला इटारसी ने ग्राम सोमलवाड़ाखुर्द निवासी लक्ष्मण पिता रामभरोस सराठे 22 वर्ष से अड़ीबाजी करके शराब पीने के लिए पैसों की मांग की। युवक ने मना किया तो उसे गालियां देते हुए मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने चारों के खिलाफ प्रकरण पंजीबद्ध कर लिया है।

### आज टाउन फीडर और गांधी नगर फीडर 2-2 घंटे बंद रहेंगे

**इटारसी, देशबन्धु।** विद्युत विभाग मेंटेनेंस के कारण टाउन फीडर और गांधी नगर फीडर दो-दो घंटे के लिए बंद करेगा। टाउन फीडर सुबह और गांधीनगर फीडर दोपहर को बंद किया जाएगा। बिजली विभाग की जानकारी के अनुसार कल 10 अगस्त 2023, गुरुवार को पीपल मोहल्ला उपकेंद्र से निकले टाउन फीडर की विद्युत सप्लाई सुबह 10:30 बजे से 12:30 तक बाधित रहेगी। इस दौरान पहली लाइन से 9 वी लाइन, नेहरुगंज, संपूर्ण मार्केट एरिया प्रभावित रहेंगे। दोपहर को बूढ़ीमाता उपकेंद्र से निकले गांधी नगर फीडर की विद्युत सप्लाई दोपहर 2 बजे से 4 तक बाधित रहेगी।

### आदिवासी दिवस पर निकाला चल समारोह, हुई सांस्कृतिक प्रस्तुतियां



**सोहागपुर, देशबन्धु।** आदिवासी दिवस पर स्थानीय कृषि उपज मंडी में विधानसभा स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विधायक विजयपाल सिंह ने विधिवत रूप से की। परम्परानुसार मंचासीन अतिथियों के स्वागत सत्कार के बाद सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं। इस दौरान विधायक श्री सिंह द्वारा भवन निर्माण के लिए विधायक निधि से 21 लाख की राशि देने की घोषणा की। इसके पूर्व मंडी परिसर से मंगल भवन तक एक शोभायात्रा निकाली गई। इसमें डीजे की धुन पर युवक युवतियों लोक नृत्य किए गए। आदिवासियों का लकड़ियों पर गेड़ी नृत्य आकर्षण का केंद्र रहा, मुख बाजार में भाजपा द्वारा चल समारोह का स्वागत किया गया। वहीं पुल के किनारे पर कांग्रेस पार्टी ने आदिवासियों का स्वागत किया अन्य जगहों पर विभिन्न सामाजिक और राजनीतिक संगठनों द्वारा शोभायात्रा का स्वागत किया गया। कार्यक्रम के दौरान मंच पर विधायक विजयपाल सिंह ,कांग्रेस जिला अध्यक्ष पुष्पराज पटेल, समाजसेवी हरगोविंद पुरबिया सतपाल पलिया पूर्व विधानसभा प्रत्याशी जालम सिंह पटेल जनपद अध्यक्ष राघवेंद्र सिंह रघुवंशी मंडल अध्यक्ष मौजूद रहे।

# जिले के भर में निकाली गई अमृत कलश यात्रा, राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** आज़ादी का अमृत महोत्सव अंतर्गत पूरे देश के साथ ही जिले में भी 9 अगस्त को मेरी माटी मेरा देश अभियान का शुभारम्भ किया गया। अभियान के तहत जिले के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में अमृत कलश यात्रा निकाली गई और व्यापक स्तर पर पौधरोपण किया गया। प्रत्येक पंचायत एवं वार्डों में 75-75 पौधे लगाए गए। अभियान के तहत अमर बलिदानियों की स्मृति में अनेक कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन विभूतियों की स्मृति में ग्राम पंचायतों में विशेष शिलालेख की स्थापना की गई। साथ ही भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने, भारत की एकता एवं अखंडता को सुरक्षित रखने तथा भारतीय नागरिक का कर्तव्य पूर्णतः पालन करने की पंचपर्ण की शपथ ली तथा राष्ट्रध्वज फहराकर राष्ट्रगान गाया। देशभक्ति से भरे जिले के नागरिकों ने बढ़-चढ़कर अभियान में हिस्सा लिया। विधायक सोहागपुर विजयपाल सिंह ने ग्राम आंचलखेड़ा में आयोजित कार्यक्रम में मेरी माटी मेरा देश अभियान का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने वीर जवानों के परिजनों को पुष्पमाला पहनाई और श्रीफल भेंट कर उनका सम्मान किया। विधायक ने इस दौरान पौधारोपण कर अमर बलिदानी की स्मृति में शिलाफलकम की भी स्थापना की और ग्रामीणों



को पंचपर्ण की शपथ दिलाकर राष्ट्रध्वज फहराया। विधायक सिवनीमालवा प्रेमशंकर वर्मा सिवनीमालवा के ग्राम बगवाड़ा में आयोजित कलश यात्रा में शामिल हुए। उन्होंने पौधारोपण कर वीर बलिदानियों की स्मृति में विशेष शिलालेख की भी स्थापना की। अभियान के तहत जिले के सभी ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। उल्लेखनीय है की अभियान के तहत हर गांव के कोने कोने से 75 सौ कलशों में माटी और पौधे लेकर अमृत कलश यात्रा देश की राजधानी दिल्ली पहुंचेगी। देश की इस माटी और पौधों से मिलाकर नेशनल वॉर मेमोरियल के समीप अमृत वाटिका का निर्माण किया जाएगा, जो एक भारत श्रेष्ठ भारत का भी बहुत ही भव्य प्रतीक बनेगी। 27 एवं 28 अगस्त को सभी विकासखण्ड से युवा दल के साथ अमृत कलश यात्रा दिल्ली पहुंचेगी जहां 29 एवं 30 अगस्त की तिथियों में राष्ट्रीय स्तर पर राजधानी दिल्ली के कर्तव्य पथ पर विशिष्ट जनों की उपस्थिति में भव्य आयोजन के साथ इस अभियान का समापन किया जाएगा। 13 से 15 अगस्त के बीच पिछले वर्ष की तरह ही हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत प्रदेश के सभी शासकीय एवं अशासकीय कार्यालयों, संस्थानों, प्रतिष्ठानों, विद्यालयों, महाविद्यालयों, डाकघरों तथा हर घर में तिरंगा फहराने का आह्वान भी किया गया है।

# नाबालिग से छेड़छाड़ करने के मामले में आरोपी को सश्रम कारावास

नर्मदापुरम, देशबन्धु। जिला अभियोजन अधिकारी राजकुमार नेमा ने बताया कि 16 दिसंबर 2020 को अभियोक्त्री के माता-पिता मजदूरी करने गए थे। जब वह शाम को घर आए तब अभियोक्त्री ने रोते हुए अपनी मॉ को बताया की वह जब मारू नदी के पास लेटरिन कर रही थी तब आरोपी सोनू उर्फ बिहारी वंशकार ने उसे बुलाया, जब अभियोक्त्री आरोपी के पास नहीं गयी तो आरोपी उसके पास आया और बुरी नियत से उसका हाथ पकड़कर खिचने लगा तो अभियोक्त्री चिल्लाकर वहा से भाग कर घर आ गयी थी और घटना के बारे बारे में अपने माता-पिता को बताया और अपने माता-पिता के साथ दूसरे दिन थाने जाकर रिपोर्ट दर्ज की। इसके पश्चात अभियोग पत्र प्रस्तुत किया गया था। जिसका विचारण में साक्षीगण के कथनों के आधार पर दोषी पाते हुए न्यायालय विशेष न्यायालय पॉक्सों एक्ट सोहागपुर द्वारा दोषी पाते हुए आरोपी को उक्त दंड एवं जुर्माने से दण्डित किया गया। मामले में शासन की ओर से पैरवी विशेष लोक अभियोजक सोहागपुर अनिशा खान ने की। विशेष न्यायालय (पॉक्सो एक्ट), सोहागपुर द्वारा प्रकरण क्र एसटी 06/20 अपराध क्र0 63/20 में आरोपी सोनू उर्फ बिहारी वंशकार को धारा-354 भादंवि एवं लैगिंक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 की धारा 7/8 में अभियुक्त को 3-3 वर्ष का सश्रम कारावास एवं कुल 2,000 रुपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

## मतदाता जागरूकता रथ के माध्यम से मतदान का प्रशिक्षण ले रहे हैं ग्रामीण

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के निर्देशानुसार ग्रामीण व शहरी क्षेत्र में मतदाताओं को ईवीएम और वीवीपेट मशीन संचालन का प्रशिक्षण देने तथा मतदान के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से मतदाता जागरूकता रथ जिले के नर्मदापुरम, सिवनीमालवा, सोहागपुर व पिपरिया विधानसभा क्षेत्रों के गांवों का भ्रमण कर रहा है। इस वाहन के साथ अधिकारी कर्मचारियों व मास्टर ट्रेनर्स की भी ड्यूटी लगाई गई है। जागरूकता रथ को जिले के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में पहुँचा, जहां रथ के साथ तैनात अधिकारियों व मास्टर ट्रेनर्स ने ग्रामीणों को ईवीएम के माध्यम से मतदान की प्रक्रिया बताई। इस दौरान ग्रामीणों को रथ में स्थापित एलईडी टीवी के माध्यम से भी जानकारी दी गई।

# युवा कांग्रेस ने स्थापना दिवस पर किया पौधारोपण



**इटारसी, देशबन्धु।** युवा कांग्रेस का 63 वॉ स्थापना दिवस आज 9 अगस्त को मनाया गया। इस अवसर पर इटारसी में युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने फलदार एवं छायादार पौधे रोपे। पहली लाइन स्थित कांग्रेस कार्यालय के बाहर युवा कांग्रेस एवं कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने पौधे लगाये। इस अवसर पर नगर कांग्रेस अध्यक्ष मयूर जायसवाल, युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष गोल्डी बैस, नगर युवा कांग्रेस अध्यक्ष सौम्य दुबे, जिला महासचिव गौरव चौधरी, प्रतीक मालवीय, प्रणीत मिश्रा, उत्सव दुबे, सजल जायसवाल, प्रणय मिश्रा, संजीव चौरे, पंकज राजपूत, यतीश बस्तवार आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# विधायक कप कबड्डी प्रतियोगिता में 20 टीमें शामिल हुईं



**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** खेल एवं युवा कल्याण विभाग के तत्वावधान में विधायक कप 2023 के अंतर्गत कबड्डी प्रतियोगिता के दो दिवसीय आयोजन में बालिका वर्ग की तीन टीमें एवं बालक वर्ग में 17 टीमें सम्मिलित हुई।

न्यू आजाद रैसलपुर, आस्तिक व्यायाम शाला रोहना, सुभाष क्लब निटाया, विजय शंकर अकैडमी, एबी, एनएससी क्लब पांजराकलॉ, नर्मदा क्लब नर्मदापुरम, एसपीएम केंद्रीय विद्यालय, जेबीसी बड़ोदिया कला, ग्राम हासलपुर की टीमों ने भाग लिया। विधायक कप के लिए खिलाड़ी को नर्मदापुरम विधानसभा क्षेत्र का निवासी होना अनिवार्य था। प्रतियोगिता में विधायक डॉ सीतासरन शर्मा ने नर्मदा महाविद्यालय के इंडोर स्टेडियम में पूरे समय कबड्डी मैचों का आनंद एवं खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते रहे। मध्य प्रदेश तैराकी संघ अध्यक्ष पीयूष शर्मा, जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी उमा पटेल, भूपेंद्र चौकसे अध्यक्ष जनपद पंचायत नर्मदापुरम, भगवती प्रसाद चौरे, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष राहुल सिंह सोलंकी, मंडल अध्यक्ष रोहित गौर, संजय यदुवंशी, सागर शिवहरे, पटेल, ऋषि तिवारी, सरदार सिंह राजपूत, आलोक राजपूत, ब्लॉक समन्वयक महेंद्र पचलानिया, आरती शर्मा, चंदा मिश्रा, पूनम रैकवार उपस्थित रहे। निर्णायक मंडल में संतोष राजपूत, विजय चौरे, बबला चौधरी, अजय सिंह, नीलेश यादव राजपूत, शुभम राजपूत शामिल थे।

### परिणाम इस प्रकार रहे

बालिका वर्ग में प्रथम नर्मदापुरम, द्वितीय केंद्रीय विद्यालय, तृतीय शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जुमेराती रही। बालक वर्ग में प्रथम स्थान नर्मदा क्लब नर्मदापुरम, द्वितीय स्थान रैसलपुर, तृतीय स्थान नर्मदा क्लब बी नर्मदापुरम की टीमें विजेता रही। विधायक कप के समापन कार्यक्रम में आभार मध्य प्रदेश तैराकी संघ अध्यक्ष पीयूष शर्मा ने आभार माना।

विकास पर्व में अनूपपुर जिले को मिली अनेक सौगातें

# लाड़ली बहना योजना का लाभ ट्रैक्टर धारक परिवार की बहनों को भी मिलेगा



रीवा में आज होगा सम्मेलन, लाड़ली बहनों के खातों में पहुंचेगी राशि

**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि प्रदेश में लाड़ली बहनों के हित में मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना में किए गए महत्वपूर्ण संशोधन के फलस्वरुप 21 से 23 वर्ष आयु वर्ग की बहनों के नाम जोड़े जाने का कार्य चल रहा है। जिन पात्र बहनों के नाम छूट गए हैं उनके नाम अनिवार्य रूप से जोड़े जाएंगे। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने स्पष्ट किया कि ट्रेक्टर धारक परिवार भी योजना का लाभ लेने के लिए पात्र होंगे। ऐसे परिवारों की लाड़ली बहनों के नाम भी प्रतिमाह राशि दिए जाने के लिए जोड़े जाएंगे। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने आज विकास पर्व के अंतर्गत अनूपपुर में 5600 करोड़ रुपए लागत की 660 मेगावाट क्षमता के विद्युत गृह की नवीन सुपर क्रिटिकल इकाई का शिलान्यास किया। यह इकाई अमरकंटक ताप विद्युत गृह चचाई की विस्तार इकाई है। आज अनूपपुर जिले को अनेक सौगातें मिलीं।

कार्यक्रम में खाद्य और नागरिक आपूर्ति मंत्री श्री बिसाहूलाल सिंह, जनजातीय कार्य और अनूपपुर जिले की प्रभारी मंत्री सुश्री मीना सिंह सहित अनेक जन-प्रतिनिधि उपस्थित थे। मुख्यमंत्री श्री चौहान का अनूपपुर में जनदर्शन यात्रा के दौरान अभूतपूर्व स्वागत किया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि यात्रा के दौरान बहनों ने आरती उतारी। मैं बहनों के जीवन में अंधेरा नहीं आने दूंगा। आज बहनों ने यहां फूलों से मेरा स्वागत किया है। मैं उनके जीवन में कभी भी कांटे नहीं आने दूंगा।

**लाड़ली बहना योजना के क्रियान्वयन के लिये 15 हजार करोड़ रुपए**- मुख्यमंत्री श्री चौहान ने महिला सम्मेलन में कहा कि 10 अगस्त को दोपहर एक बजे रीवा से वे प्रदेश की लाड़ली बहनों के खातों में मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना की मासिक किश्त की राशि अंतरित करेंगे। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि यह योजना गृहणियों को घर के कई छोटे-मोटे कार्यों में सहयोगी बनी है। वर्तमान में योजना के क्रियान्वयन पर 15 हजार करोड़ रुपए की राशि व्यय की जा रही है। वर्तमान में एक हजार रुपए हर प्रतिमाह लाड़ली बहनों को दी जा रही है।

**मुख्यमंत्री श्री चौहान को भगवान श्रीराम की प्रतिमा भेंट**- मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान के आज अनूपपुर नगर के जन दर्शन के दौरान जिले के नागरिकों ने भव्य स्वागत करते हुए उन्हें भगवान श्री राम की प्रतिमा भेंट की। मुख्यमंत्री श्री चौहान को ब्राह्मण समाज ने भगवान परशुराम का चित्र भेंट कर अभिनंदन किया।

**विभिन्न सामाजिक संगठनों ने किया भव्य स्वागत**-जनदर्शन के दौरान मुख्यमंत्री श्री चौहान का विभिन्न सामाजिक संगठनों ने शाल, श्रीफल एवं पुष्प मालाओं से भव्य स्वागत किया। स्वागत करने वाले संगठनों में भारत विकास परिषद, पीआरटी महाविद्यालय, पनिका समाज, महिला संगठन, राठौर समाज प्रमुख। इसी प्रकार कोल समाज, अधिवक्ता संघ, कुर्मी क्षत्रिय पटेल समाज एवं कोटवार संघ ने भी स्वागत किया। इसके अलावा गौ-सेवक संघ, जिला जन स्वास्थ्य रक्षक, दवा विक्रेता संघ, रोगी कल्याण कर्मचारी संघ, कर्मचारी संघ, आजीविका मिशन, आशा कार्यकर्ता, रोजगार सहायक संघ, विद्यालय परिवार के विद्यार्थी, मेकल क्लब अनूपपुर, विप्र समाज, ताम्रकार समाज, राष्टीय स्वास्थ्य मिशन, लाडली भांजी, सर्व जन सुखाय, सामाजिक संस्था, केशरवानी वैश्य समाज, नवाकुंर संस्था, शुभम संस्था, सोनी समाज, अतिथि शिक्षक संघ,कोविड-19 संघ, मेहरा समाज, निशात वंशीय समाज, केवट समाज तथा आंगनवाड़ी कार्यकर्ता संघ भी स्वागत करने वाले संगठनों में शामिल रहे।

**जनदर्शन में दिखा जन उत्साह**- अनूपपुर की सड़कों पर जन दर्शन में व्यापक जन उत्साह दिखाई दिया। अनेक जन-प्रतिनिधि भी जनदर्शन में उपस्थित थे।

**रंगारंग लोक नृत्यों की प्रस्तुति हुई, मुख्यमंत्री ने भी की साझेदारी**-मुख्यमंत्री श्री चौहान ने रोड शो के दौरान लोक नृर्तकों के साथ नृत्य कर नर्तकों का उत्साहवर्धन किया। ग्राम परसवाह एवं पिपरहा के गुदुम्ब नृतक दलों ने बांसुरी की सुमधुर की ध्वनि और मादर की ताल पर रंगारंग नृत्य प्रस्तुत किए।




नई दिल्ली में बुधवार को संसद के बाहर स्थित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा के समक्ष भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने अन्य सांसद गणों के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 3 मूलमंत्र वंशवाद भारत छोड़ो, तुष्टिकरण भारत छोड़ो एवं भ्रष्टाचार भारत छोड़ो को लेकर प्रदर्शन किया।

## नगरीय निकायों के 17 हजार पेंशनर्स की महंगाई राहत में 5 प्रतिशत वृद्धि



**भोपाल, देशबन्धु।** नगरीय विकास एवं आवास मंत्री भूपेन्द्र सिंह ने बताया है कि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा राज्य सरकार के पेंशनर्स को महँगाई राहत में 5 प्रतिशत वृद्धि किये जाने के बाद नगरीय विकास एवं आवास विभाग द्वारा भी प्रदेश के नगरीय निकायों के सातवें वेतनमान अनुसार पेंशन प्राप्त कर रहे 17 हजार पेंशनर्स की महँगाई राहत में 5 प्रतिशत की वृद्धि कर दी गई है। इससे पेंशनर्स को हर महीने न्यूनतम 400 से 4 हजार रूपये तक का फायदा होगा।

महँगाई राहत में की गई वृद्धि का भुगतान पेंशनर्स को एक जुलाई 2023 से किया जायेगा एवं माह अगस्त में ही रक्षाबंधन के पूर्व ही पेंशनर्स को एक महीने की बढ़ी हुई महँगाई राहत राशि के एरियर्स का भुगतान भी किया जायेगा। नगरीय निकायों के पेंशनर्स को एक अक्टूबर 2022 से 33 प्रतिशत महँगाई राहत मिल रही थी, जिसमें 5 प्रतिशत वृद्धि किये जाने के परिणामस्वरूप अब कुल महँगाई राहत 38 प्रतिशत हो गई है।

इसी प्रकार नगरीय निकायों के जिन पेंशनरों को छठवें वेतनमान अनुसार पेंशन मिल रही थी, की महँगाई राहत में भी 11 प्रतिशत की वृद्धि की गई है। इससे उनकी महँगाई राहत राशि भी 201 प्रतिशत से बढ़कर 212 प्रतिशत हो गई है। महँगाई राहत में यह वृद्धि किये जाने के परिणामस्वरूप पेंशन निधि पर 1.25 करोड़ रूपये प्रतिमाह अतिरिक्त वित्तीय भार आयेगा।

30 अगस्त तक होंगे आयोजन

## 'मेरी माटी मेरा देश' अभियान शुरू, वीरों को देंगे श्रद्धांजलि




हर गांव में लगाए जाएंगे 75-75 पौधे

**भोपाल, देशबन्धु।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा मन की बात कार्यक्रम के दौरान घोषित मेरी माटी मेरा देश अभियान आज से पूरे देश में शुरू हो गया है। इसके लिए आज से पूरे देश में प्रारंभ हो गया है, इसके तहत आज से 30 अगस्त तक गांव और ब्लॉक स्तर और राष्ट्रीय स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

पत्र सूचना कार्यालय (पीईबी) भोपाल के अपर महानिदेशक प्रशांत पाठराबे ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अभियान के तहत केन्द्रीय संचार ब्यूरो की प्रदेश की विभिन्न इकाईयों द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव के तहत 'मेरी माटी मेरा देश' अभियान के तहत विविध कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। जिसमें केन्द्रीय संचार ब्यूरो द्वारा इंदौर में 22 से 24 अगस्त और रायसेन में 23 से 25 अगसत तक एकीकृत संचार आउटरीजच कार्यक्रमों के आयोजन किए जाएंगे।

श्री पाठराबे ने बताया कि 16 अगस्त 23 से ब्लॉक, नगर पालिका निगम और राज्य स्तर पर कार्यक्रमों के आयोजन हो रहे हैं। अभियान का समापन समारोह नई दिल्ली में 30 अगस्त को होगा। जिसमें देश के गांवों की मिट्टी को ब्लॉक स्तर से लाया जाएगा और प्रत्येक ब्लॉक के स्वयंसेवकों के साथ मिट्टी को राजधानी लाया जाएगा। स्वयंसेवक कर्तव्य पथ पर एकत्रित होंगे राजधानी में इस मिट्टी से अमृत वाटिका बनाई जाएगी और प्रधानमंत्री स्वयंसेवकों को पंच प्रणों की प्रतिज्ञा दिलाएंगे।

श्री पाठराबे ने अभियान में सामूहिक भागीदारी को प्रोत्साहित करने के लिए बेवसाईट लांच होने की जानकारी दी। बताया गया कि जहां लोग मिट्टी या मिट्टी का दीपक हाथ में लेकर अपनी सेल्फी अपलोड कर सकते हैं। ऐसा करके वे राष्ट्र की रक्षा करने वालों का सम्मान करने पर ध्यान केन्द्रित करते हुए पंच प्राण की प्रतिज्ञा ले सकते हैं। प्रतिज्ञा लेने के बाद भागीदारी का एक डिजीटल प्रमाण पत्र वेबसाईट से डाउनलोड कर सकते हैं।

नेहरु युवा केन्द्र के राज्य निदेशक सुरेन्द्र शुक्ला ने कहा कि 'मेरी माटी मेरा देश' अभियान के अंतर्गत मप्र में पंचायत स्तर के हर गांव में 75-75 पौधे लगाए जाएंगे। इस अभियान में वीरों को याद करने के लिए प्रदेश भर मं विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। उनकी स्मृति में ग्राम पंचायातों में शिलाफलकम स्थापित किए जा रहे हैं। साथ ही पंच प्रण संकल्प, वसुधा वंदन, वीरों का वंदन जैसी पहल भी इस अभियान में शामिल है, जो बहादुरों के वीरतापूर्ण बलिदानों को नमन करेंगी। श्री शुक्ला ने कहा कि इस अभियान के तहत दिल्ली में अमृत वाटिका बनाने के लिए यात्रा निकाली जाएगी। यह अमृत वाटिका एक भारत श्रेष्ठ भारत के लिए प्रबिद्धता का प्रतीक होगी।

## भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता, मीडिया पैनलिस्ट और मीडिया विभाग के सदस्यों की नियुक्ति

**भोपाल, देशबन्धु।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने बुधवार को पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता, प्रदेश मीडिया पैनलिस्ट एवं प्रदेश मीडिया विभाग के सदस्यों की नियुक्ति की है। पार्टी के प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल ने बताया कि बृजगोपाल लोया रायसेन, मिलन भार्गव भोपाल एवं गुलरेज शेख उज्जैन को प्रदेश प्रवक्ता नियुक्त किया है। शिवम शुक्ला सीधी, श्रीमती मंजरी जैन विदिशा, श्रीमती वंदना 'मार्तण्ड' त्रिपाठी भोपाल, एडव्होकेट सचिन वर्मा भोपाल को प्रदेश मीडिया पैनलिस्ट नियुक्त किया गया है। इसी तरह प्रेम व्यास इंदौर एवं बृजराज सिंह ग्वालियर को प्रदेश मीडिया विभाग का सदस्य नियुक्त किया है।

## पिछड़ा वर्ग मोर्चा के सोशल मीडिया संयोजक, सह संयोजक एवं सदस्य नियुक्त

**भोपाल, देशबन्धु।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा एवं प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद की सहमति से पिछडा वर्ग मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष नारायण सिंह कुशवाह ने मोर्चा के सोशल मीडिया संयोजक, सह संयोजक एवं सदस्यों की घोषणा की है। संयोजक प्रताप यादव भोपाल, सह संयोजक में सुमंजू दायमा भोपाल, जितेन्द्र घुरैया मुरैना को नियुक्त किया है।

इसी प्रकार सदस्यों में धर्मेन्द्र बघेल दतिया, राकेश वर्मा शाजापुर, राजेश चौरसिया जबलपुर नगर, रविशंकर पाल सिवनी, राकेश कुशवाह भिंड, प्रवीण माली इंदौर नगर, भानुप्रताप राजपूत ग्वालियर, तुषार सेन भोपाल, ओम सोनी विदिशा एवं श्रीमती पुष्पकला पटेल अनूपपुर को नियुक्त किया है।

विश्व आदिवासी और भारत छोड़ो दिवस पर पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने कहा-

## आदिवासी प्रदेश के मूल निवासी, वे जल जंगल और जमीन के असली हकदार



**भोपाल, देशबन्धु।** प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने कहा कि आदिवासी समाज हमारे प्रदेश के मूल निवासी है, मूल निवासी जल जंगल और जमीन के असली हकदार दो आदिवासी समाज है। उन्होंने कहा कि उसके बाद भी आदिवासी वर्ग पर अत्याचार के मामले में प्रदेश में नंबर वन पर है।

उन्होंने यह बात आज विश्व आदिवासी दिवस और भारत छोड़ा आंदोलन दिवस के मौके पर कही। उन्होंने आदिवासी दिवस शुभकामनाएं देने के साथ यह वचन भी दिया कि 4 महीने बाद जैसे ही कांग्रेस की सरकार बनेगी सबसे सुरक्षित समाज आदिवासी समाज होगा। पूरे प्रदेश का चित्र हमारे सामने है। उन्होंने कहा कि आज, भारत छोड़ो आंदोलन दिवस पूरा भारत मना रहा है, पर भाजपा छोड़ों दिवस भी मना रहा है। उन्होंने भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि आज उन्हें बहनों की याद आ गई, कर्मचारियों की याद आ गई। आखरी 5 महीने में सब याद आ गया है। सोचते हैं जो बचा है, सब समेट लो। लेकिन जनता अब शिवराज और भाजपा को विदा करने के लिए तैयार बैठी है। मप्र विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष डॉ. गोविंद सिंह ने कहा कांग्रेस ने आदिवासी भाईयों के हितों के लिए हमेशा कार्य किए, लेकिन आज भाजपा सरकार में लूट खसोट की राजनीति चल रही है। इस अवसर पर रामरहीम वनवासी ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन प्रदेश कांग्रेस के उपाध्यक्ष राजीव सिंह ने किया और प्रकाश ठाकुर ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी, आदिवासी समाज के प्रतिनिधि और कांग्रेसजन उपस्थित थे।

### भय और आंतक के साये में जी रहे आदिवासी : भूरिया

पूर्व केन्द्रीय मंत्री और आदिवासी नेता कांतिलाल भूरिया ने कहा कि आज आदिवासी वर्ग पर भाजपा सरकार में सबसे ज्यादा अत्याचार हो रहे हैं, ऐसा कोई जिला नहीं बचा होगा, जहां दबंगों द्वारा आदिवासियों पर बर्बरता और शर्मनाक कृत्य न किये गये हों। नेमावर, सीधी, खंडवा, खरगोन, विदिशा नीमच, गुना, सिवनी और इंदौर में आदिवासियों के साथ की गई क्रूरता से प्रदेश का आदिवासी भय और आंतक के साये में जी रहे हैं।

## मलखान सिंह और संतोष शर्मा ने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की



**भोपाल, देशबन्धु।** चंबल के मलखान सिंह ने जहां आज भाजपा छोड़ कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी रहे निवाड़ी के संतोष शर्मा ने कांग्रेस का दामन थाम लिया।

दोनों को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ ने कांग्रेस पार्टी की सदस्यता दिलाई और पार्टी का दुपट्टा पहनाकर उनका स्वागत किया। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री चंद्रिका प्रसाद द्विवेदी के नेतृत्व में निवाड़ी के पूर्व जिला शिक्षा संतोष शर्मा के साथ उनके 12 सौ समर्थकों के साथ कांग्रेस में सम्मिलित हुए, जिसमें 20 सरपंच, 3 सौ भाजपा कार्यकर्ता शामिल हैं। इनके अलावा समाजवादी पार्टी के 150 कार्यकर्ताओं ने भी कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इस दौरान नेता प्रतिपक्ष डॉक्टर गोविंद सिंह, पूर्व केंद्रीय मंत्री कांतिलाल भूरिया सहित अन्य नेतागण, कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद थे।

कैग ने किया खुलासा

# आयुष्मान भारत योजना में हुआ बड़ा गड़बड़झाला

### एक ही मोबाइल से लाखों लोगों का किया पंजीकरण

**विंध्यवासिनी त्रिपाठी**

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** प्रधानमंत्री की महत्वाकांक्षी योजना आयुष्मान भारत में बड़ा घपला-घोटाला सामने आया है। इसका खुलासा कैग (कंट्रोलर एंड ऑडिटर जनरल) की रिपोर्ट में हुआ है। पांच लाख तक मुफ्त इलाज की सुविधा देने वाली इस योजना के तहत न केवल एक ही मोबाइल से लाखों लोगों का पंजीकरण किया गया है, बल्कि तमाम मृतक लोगों का भी इलाज कर राशि उठा ली गई है।

कैग ने लोकसभा में अपनी रिपोर्ट में चौकाने वाला खुलासा करते हुए कहा है कि आयुष्मान भारत योजना के तहत पैसा गमन करने के लिए मर चुके लोगों का इलाज भी रिकॉर्ड में दर्ज किया गया है। यही नहीं तकरीबन साढ़े सात लाख लाभार्थियों का पंजीकरण एक ही मोबाइल नम्बर(9999999999) से किया गया है। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि जिस मोबाइल नम्बर से साढ़े सात लोगों का पंजीकरण किया गया है,उस नम्बर का कोई सिम कार्ड ही नहीं है। इसके अलावा एक लाख उनतालीस हजार तीन सौ लोगों का पंजीकरण एक दूसरे नम्बर(8888888888) से किया गया है, जबकि छानबे हजार छियालीस लोगों का पंजीकरण मोबाइल नम्बर(9000000000) से किया गया है। इसके अलावा ऐसे ही करीब बीस नम्बर और भी सामने आए हैं,जिनसे दस हजार से लेकर पचास हजार लाभार्थियों का पंजीकरण किया गया है।

### मर चुके लोगों का इलाज दिखाया

रिपोर्ट में दावा किया गया है कि इस योजना के तहत इलाज करा रहे कई रोगियों को पहले मरा हुआ दिखाया गया था। लेकिन उसके बाद भी योजना राशि उठाने के लिए उनका इलाज चलता रहा। कैग ने ऐसे मरीजों को डेटा जुटाकर बताया कि आयुष्मान भारत योजना के तहत इलाज के दौरान 88760 मरीजों की मौत हुई। 224923 दावों को सिस्टम में भुगतान के रूप में दिखाया गया। इसमें 3446 मरीजों को 6.97 करोड़ रुपए का भुगतान किया गया।

### पांच राज्यों में सर्वाधिक गड़गड़ी

रिपोर्ट में बताया गया है कि सर्वाधिक गड़बड़ियों वाले राज्यों में छत्तीसगढ़, हरियाणा, झारखंड, केरल और मध्य प्रदेश पांच प्रमुख राज्य शामिल हैं।

10 लाख के लिए किए थे इंतजाम

# 4 लाख का ही आंकड़ा छू पाई अमरनाथ यात्रा

### आधे से अधिक लंगर वाले भी लौटे

**जम्मू, देशबन्धु।** जिस वार्षिक अमरनाथ यात्रा से जम्मू कश्मीर प्रशासन 4 से 5 हजार करोड़ की आमदनी की उम्मीद लगाए बैठा था उसका हाल अब यह है कि यात्रा मे शामिल होने के लिए श्रद्धालु तलाशे जा रहे हैं। यात्रा के 40 दिनों के बाद इसमें शामिल होने वालों की संख्या अब 400-500 के बीच सिमट कर रह गई है। हालांकि लगातार खराब मौसम और हिमलिंग के कई दिन पहले ही पिघल जाने के कारण लगातार हिचकौले खा रही इस बार की यात्रा 4 लाख के आंकड़े को जरूर छू चुकी है, जबकि इंतजाम 10 लाख के लिए किए गए थे।

यह बात अलग है कि इस बार आतंकियों का कोई खौफ श्रद्धालुओं में नहीं है पर मौसम की आंख मिचौनी से वे ऐसे त्रस्त हुए कि यात्रा का प्रतीक हिमलिंग भी 23 दिनों के बाद ही अंतर्ध्यान हो गया। मंगलवार भी यात्रा में 458 श्रद्धालु शामिल हुए थे। आज भूस्खलन के कारण जम्मू से कोई जत्था रवाना नहीं किया गया। हालत यह है कि जम्मू से रवाना होने वाले जत्थों को मौसम के खलल के कारण लगातार रास्ते में रोके जाने के कारण अब श्रद्धालु जम्मू से ही वापस भी लौटने लगे हैं। ऐसे कई श्रद्धालुओं से मुलाकात के दौरान उन्होंने हिमलिंग के पिघल जाने पर भी निराशा प्रकट करते हुए कहा था कि इतनी लंबी यात्रा में कष्ट सहने के बाद भी अगर भोले बाबा के दर्शन नहीं होते हैं तो यह दुर्भाग्य ही होगा।

### 31 अगस्त को संपन्न होगी यात्रा

जानकारी के लिए श्रद्धालुओं की संख्या में कमी के कारण लंगर वालों ने अपना सामान समेटना शुरू कर दिया है। आधे से अधिक लंगर वाले लौट चुके हैं। बालटाल, पहलगाम से यात्रा मार्ग पर कई शिविरों में लंगर भी वापिस जाना शुरू हो रहे हैं। चूंकि श्रद्धालुओं की संख्या कम हो रही है इसलिए लंगर कम होना शुरू हो गए हैं। अंत तक कुछ ही लंगर रहेंगे। अमरनाथ की यात्रा तीस जून से शुरू हुई थी जो 31 अगस्त को रक्षाबंधन के दिन संपन्न होगी। पिछले कई सालों की यह परंपरा बन चुकी है कि यात्रा के प्रतीक हिमलिंग के पिघलने के उपरांत यात्रा हमेशा ढलान पर रही है। और श्राइन बोर्ड की तमाम कोशिशों के बावजूद हिमलिंग यात्रा के शुरू होने के कुछ ही दिनों के उपरांत पूरी तरह से पिघल जाता रहा है। ऐसे में श्राइन बोर्ड के अधिकारियों के अनुसार, यात्रा की अवधि पर पुनर्विचार करने की आवश्यकता आन पड़ी है। दरअसल कई सालों से, जबसे यात्रा की अवधि को दो से अढ़ाई माह किया गया है, कई संस्थाओं ने इसे घटाने के सुझाव दिए हैं। लंगर लगाने वाली संस्थाओं ने इसे घटा कर 25 से 30 दिनों तक ही सीमति करने का आग्रह कई बार किया है। अगर देखा जाए तो यात्रा की अवधि कम करने की बात पर्यावरण विभाग और अलगाववादी भी पर्यावरण की दुहाई देते हुए अतीत में करते रहे हैं। पर अब अधिकारियों को लगने लगा है कि हिमलिंग के पिघल जाने के उपरांत यात्रा में श्रद्धालुओं की शिरकत को जारी रख पाना संभव नहीं है जब तक कि हिमलिंग को सुरक्षित रखने के उपाय नहीं ढूंढ लिए जाते।

## राहुल के आक्रामक भाषण पर स्मृति ईरानी ने किया सेल्फ गोल : शशि थरूर

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता शशि थरूर ने बुधवार को कहा कि अविश्वास प्रस्ताव के समर्थन में पार्टी नेता राहुल गांधी के आक्रामक भाषण पर केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने सेल्फ गोल कर दिया। उन्होंने यह भी कहा कि केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री ईरानी का भाषण पूरी तरह से इस बात पर केंद्रित था कि तुम्हारें यहां तो ये हुआ है, वो हुआ है। यह परोक्ष रूप से केंद्र सरकार की विफलताओं के विपक्ष के दावों का समर्थन करता था। पार्टी नेता राहुल गांधी के भाषण की सराहना करते हुए थरूर ने एक ट्वीट में कहा कि अविश्वास प्रस्ताव के समर्थन में राहुल गांधी का जोरदार भाषण और उसके बाद लोकसभा में जीवंत दृश्य। केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री ईरानी पर कटाक्ष करते हुए कांग्रेस नेता ने कहा कि स्मृति ईरानी की प्रतिक्रिया पूरी तरह से हवा हवाई थी, उन्होंने कांग्रेस शासन के तहत कई दशकों से चली आ रही घटनाओं और अत्याचारों की एक श्रृंखला का जिक्र किया, जिसके बारे में उन्होंने दावा किया कि यह साबित हो गया है कि चीजें पहले भी उतनी ही खराब थीं। उन्होंने कहा कि उनका तर्क परोक्ष रूप से भारत सरकार की विफलताओं के विपक्ष के दावों का समर्थन करती है। वह जो कुछ भी कह रही थी उसका मतलब यह है कि तो क्या हुआ तुम भी बुरे थे। इन सब बातों का सहारा लेना एक ऐसी स्वीकृति है कि आपके पास कोई ठोस जवाब नहीं है। ये एक सेल्फ गोल है, स्मृति जी। थरूर की टिप्पणी तब आई जब राहुल गांधी ने लोकसभा में अपने 37 मिनट के भाषण के दौरान मणिपुर हिंसा को लेकर भाजपा पर निशाना साधा और कहा कि भाजपा की राजनीति ने मणिपुर में हिन्दुस्तान का कत्ल कर दिया है। उन्होंने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री का अहंकार पूरे देश को जला रहा है।

पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. के लिए गिरिराज चाचा द्वारा श्री सिद्धि विनायक प्रिंटर्स, प्लाट नं. 26 बी देशबन्धु परिसर, प्रेस कॉम्पलेक्स, जोन-1, एम.पी. नगर, भोपाल म.प्र. 462011 से मुद्रित एवं प्रकाशित, संपादक: पलाश सुरजन, कार्यकारी संपादक: ज़ाकिर अली* फोन 0755-4222971, ई-मेल deshbandhubpl1@yahoo.co.in प्रेस पंजीयन-प.स. 45096/85 * समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।